आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 3 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 227, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मौत की भगदड़

- सत्संग में 80 हजार लोगों के आने की संभावना की सूचना दी गई थी।
- सुरक्षा पर्याप्त थी किंतु कार्यक्रम स्थल पर सवा लाख लोग पहुंच गए।
- बाबा के पांच छूने व मिट्टी लेने की प्रथा है, इसी दौरान भगदड़ मची।
- फिसलन होने से गिरे लोग, गिरे लोगों कुचलते हुए अन्य लोग आगे निकलने लगे।

सत्संग के बाद चीख, चीत्कार और बिछीं लाशें 08
पुलिस में थे दरोगा, नौकरी छोड़ बने भोले बाबा 09

हादसे के बाद सिकंदराराऊ ट्रॉमा सेंटर का हाल।

मौत का सत्संग, 116 की जान गई

हाथरस में भोले बाबा के कार्यक्रम के बाद मची भगदड़, जुटे थे डेढ़ लाख लोग

सरकार आयोजकों के विरुद्ध केस दर्ज कर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/एजेंसी

अमृत विचार : हाथरस जिले के सिकंदराराऊ तहसील के ग्राम पंचायत रतिभानपुर के मजरा फुलरई में आयोजित एक सत्संग में मंगलवार को मची भगदड़ में 116 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। मृतकों में सात बच्चे और एक पुरुष के अलावा अन्य महिलाएं हैं। मृतकों में 72 की पहचान हो चुकी है। दुर्घटना उस वक्त हुई जब, नारायण साकार विश्व हरि के नाम से प्रसिद्ध भोले बाबा के कार्यक्रम में डेढ़ लाख से ज्यादा अनुयायियों की भीड़ जुटी थी।

राज्य सरकार कार्यक्रम आयोजकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बुधवार को घायलों का हाल लेने हाथरस जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री योगी को फोन कर हादसे के बाबत जानकारी ली और मृतकों के परिवार और घायलों के प्रति संवेदना प्रकट की।

हादसे के बाद रोते-बिलखते परिजन। ● एजेंसी

पीड़ितों को मृत अवस्था में या बेहोशी की हालत में ट्रकों और अन्य वाहनों में लाद कर सिकंदराराऊ ट्रामा सेंटर लाया गया। शवों को स्वास्थ्य केंद्र के बाहर रखा गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, असीम अरुण और संदीप सिंह को हाथरस भेजा है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार देर शाम मौके पर पहुंचे। मुख्य सचिव ने भगदड़ के लिए संभावित कारणों में से भीड़-भाड़ को एक प्रमुख वजह बताया। सिंह ने कहा कि भोले बाबा (प्रवचनकर्ता) के वाहन के पीछे अनुयायी दौड़ रहे थे। लोग उनके जाने के बाद, वहां की मिट्टी लेकर पूजा करते हैं। नतीजतन, लोग झुकने लगे और बाद में वे गिर गए जिससे भगदड़ मची। कार्यक्रम के लिए आवेदन में संख्या 80 हजार बताई गई थी, पर यह उससे कहीं अधिक थी। भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए प्रयास किए जाएंगे। सिंह के मुताबिक कार्यक्रम की अनुमति एसडीएम ने कुछ शर्तों के साथ आयोजकों को दी थी, जिसके अनुसार आयोजकों को व्यवस्था करनी थी। लेकिन आयोजकों की ओर से कई चूक हुई है। उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखद और दिल दहला देने वाली है। सरकार और प्रशासन की मृतकों और उनके परिवार के प्रति संवेदना है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। भोले बाबा की गिरफ्तारी के सवाल पर कहा कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई होगी। सत्संग में शामिल होने सपरिवार जयपुर से आई शकुंतला देवी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि सत्संग खत्म होने के बाद लोग जब आयोजन स्थल से निकल रहे थे, तो उसी समय भगदड़ मची।

मृतकों के परिजनों को आर्थिक मदद की घोषणा

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

जांच कमेटी गठित, 24 घंटे में तलब की रिपोर्ट

मुख्यमंत्री ने एडीजी आगरा और कमिश्नर अलीगढ़ के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दुर्घटना के कारणों की 24 घंटे में जांच कर रिपोर्ट तलब की है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

जिला प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

जिला प्रशासन ने आम लोगों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 05722227041 तथा 05722227042 जारी किए हैं।

इन नंबरों पर भी ले सकते हैं जानकारी – आगरा जोन कंट्रोल-7839866849, अलीगढ़ रेंज कंट्रोल-7839855724, आगरा रेंज कंट्रोल-7839855724, हाथरस कंट्रोल-9454417377, एटा कंट्रोल-9454417438, अलीगढ़ कंट्रोल-7007459568

दोषियों को नहीं बख्शेंगे : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस हादसे पर अपने सरकारी आवास पर मंगलवार रात प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि हमारी सरकार इस घटना की तह में जाकर साजिशकर्ताओं और जिम्मेदारों को उचित सजा देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पूरी घटना की जांच करा रही है। हम इसकी तह में जाएंगे और देखेंगे कि यह हादसा है या साजिश। इसके साथ ही योगी ने घटना पर राजनीति करने वाले दलों पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटना पर पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के बजाए राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और निंदनीय भी। यह समय पीड़ितों के घावों पर मरहम लगाने का है, उनके प्रति संवेदना का है।

योगी देर शाम तक करते रहे हाईलेवल मीटिंग

लखनऊ। हाथरस दुर्घटना को लेकर देर शाम तक मुख्यमंत्री आवास पर वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक चलती रही। इस बीच मुख्यमंत्री घटनास्थल पर गए मंत्रियों और अधिकारियों से सीधे अपडेट भी लेते रहे। आयोजकों के खिलाफ एफआईआर के निर्देश देने के साथ ही मुख्यमंत्री ने घायलों के समुचित इलाज के लिए हर जरूरी प्रबंध कराया। इस बीच राहत कार्यों को बेहतर करने एनडीआरएफ की टीम भी घटना स्थल पर भेजी गई।

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने जताया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगदड़ की घटना में लोगों की हुई मौत को हृदय विदारक बताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुर्मू ने एक्स पोस्ट में कहा, मैं उन लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में चल रही चर्चा के बीच कहा, मुझे अभी एक दुखद खबर दी गई है। उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक कार्यक्रम में भगदड़ मचने से कई लोगों की दुखद मृत्यु की सूचना आ रही है। मैं मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं सभी घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। इधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बाद में मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा, दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है।

शूटिंग के दौरान सलमान पर हमले की थी साजिश

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान पर एक फिल्म की शूटिंग के दौरान हमला करने की योजना थी। पुलिस के एक अधिकारी ने आरोप पत्र के हवाले से बताया कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने हमला करने को 25 लाख की सुपारी दी थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में हुई चर्चा पर दिया जवाब

कांग्रेस परजीवी पार्टी, सहयोगी दलों के दम पर फल-फूल रही

- संबोधन के दौरान नारेबाजी करता रहा विपक्ष, अध्यक्ष को टोकना पड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस पर अराजकता फैलाने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुख्य विपक्षी दल को अब से परजीवी पार्टी के रूप में जाना जाएगा जो अपने सहयोगी दलों की कीमत पर फलती-फूलती है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी 2024 से परजीवी कांग्रेस पार्टी के रूप में जानी जाएगी। परजीवी वो होता है जो जिस शरीर के साथ रहता है, उसी को खाता है। कांग्रेस भी जिस पार्टी के साथ गठबंधन करती है, उसी के वोट खा जाती है। प्रधानमंत्री ने मुख्य विपक्षी दल को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता दक्षिण भारत में उत्तर के खिलाफ बोलते हैं तो उत्तर में पश्चिम के खिलाफ जहर उगलते हैं, ये महापुरुषों के खिलाफ बोलते हैं। प्रधानमंत्री के पूरे भाषण के दौरान विपक्षी नेता नारेबाजी करते रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष (राहुल गांधी) से कहा कि सदन के नेता बोल रहे हैं और आप अपने सदस्यों को आसन के पास आने का निर्देश देते हैं। यह तरीका सही नहीं है और संसदीय परंपराओं के विरुद्ध है।

हिंदुओं को हिंसा फैलाने वाला बताना गहरी साजिश

प्रधानमंत्री मोदी ने नेता प्रतिपक्ष के हिंदुओं को हिंसक बताने संबंधी कथित बयान पर कहा कि हिंदुओं को हिंसक बताना बहुत गंभीर बात है और इसमें कोई गहरी साजिश नजर आ रही है। हिंदुओं को हिंसक कहा जा रहा है, अपमानित किया जा रहा है और गाली दी जा रही है। हिंदुओं को गाली देने का चलन बनाया जा रहा है इसलिए इस बारे में हिंदुओं को भी सोचना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि क्या हिंदू हिंसक होता है। क्या यह आपकी यही सोच है, क्या यह आपकी नफरत है। क्या यही है आपका संस्कार। देश हिंदुओं को हिंसा फैलाने वाला कहकर संबोधित करने वालों और हिंदू आतंकवाद जैसे शब्द गढ़ने की कोशिश करने वालों को भूलेगा नहीं।

बालकबुद्धि कह राहुल पर कसा तंज

प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर तंज कसते हुए कहा कि आजकल बच्चे का मन बहलाने का काम चल रहा है। कांग्रेस के लोग और उनका तंत्र आजकल ये मन बहलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस को मिलीं 99 सीटों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसा संदेश दिया जा रहा है मानो उन्हें '100 में से 99 अंक मिले हों, जबकि ये अंक उन्हें 543 में से मिले हैं। उन्होंने कहा कि अब उस बालकबुद्धि को कौन समझाए कि तुमने फेल होने का विश्व रिकार्ड बना दिया है। उन्होंने राहुल गांधी के भाषण का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि हमने कल सदन में यही बचकाना हरकत देखी है। आज देश इनसे कह रहा है कि तुमसे ना हो पाएगा।

हमें तीसरी बार चुनने से कुछ को पीड़ा

मोदी ने कहा कि देश की जनता ने भाजपा को तीसरी बार चुना है और कुछ लोगों की पीड़ा समझी जा सकती है कि लगातार असत्य चलाने के बावजूद उनकी घोर पराजय हुई। कहा कि इस देश ने लंबे अरसे तक तुष्टीकरण की राजनीति देखी, लंबे समय तक तुष्टीकरण का शासन का मॉडल देखा। हम तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण के विचार को लेकर चले हैं। उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि विकसित भारत के जिस संकल्प को लेकर हमें चले हैं, उसकी पूर्ति के लिए भरसक प्रयास करेंगे, पूरीनिष्ठा, ईमानदारी से करेंगे और हमारा समय का पल-पल, हमारे शरीर का कण कण विकसित भारत के सपने को पूरा करने में लगाएंगे।

राहुल का मोदी को पत्र : नीट पर चर्चा कराने का आग्रह

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में कथित अनियमितता के मुद्दे पर सदन में चर्चा कराई जाए। उन्होंने कहा कि नीट पर चर्चा कराने के विपक्ष के अनुरोध को 28 जून और बीते सोमवार को ठुकरा दिया गया था, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष को आश्वासन दिया था कि वह सरकार के साथ चर्चा करेंगे। गांधी ने पत्र में कहा कि मैं 'नीट' पर संसद में चर्चा का अनुरोध करते हुए यह पत्र लिख रहा हूं।

ऊंचाहार समेत पांच इकाइयां ठप, गहराया बिजली संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आठ इकाइयां ठप होने से तीन हजार मेगावाट उत्पादन घटा

अमृत विचार : ऊंचाहार समेत पांच उत्पादन इकाइयों के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट और गहरा गया। आठ इकाइयां ठप होने से करीब तीन हजार मेगावाट उत्पादन घट गया। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कर स्थिति काबू में लाने के प्रयास जारी रहे। दूसरी ओर, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होने का सिलसिला जारी रहा।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ऊंचाहार की 110 मेगावाट, हरदुआगंज की 250 मेगावाट, जवाहरपुर की 660 मेगावाट, ओबरा सी की 660 मेगावाट व ओबरा की 200 मेगावाट की इकाइयां ठप हो गईं, जबकि पहले से बंद चल रही अनपरा सी की 600 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट व ओबरा की 200 मेगावाट क्षमता की इकाइयां अभी चालू नहीं हो सकी। कुल आठ इकाइयों के ठप होने से प्रदेश के बिजलीघरों में 3191 मेगावाट उत्पादन घट गया है।

छात्रों को टी-शर्ट और फटी जींस पहनने से रोका

- हिजाब पर प्रतिबंध के बाद मुंबई के कॉलेज का निर्णय

मुंबई। हिजाब पर प्रतिबंध लगाने के लिए चर्चा में रहे मुंबई के एक कॉलेज ने अब छात्रों के फटी जींस, टी-शर्ट, गरिमाहीन कपड़े और जर्सी या ऐसे कपड़े पहनने पर रोक लगा दी है जो धर्म या सांस्कृतिक असमानता को दर्शाते हों। चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी के एनजी आचार्य और डीके मराठे कॉलेज ने 27 जून को जारी नोटिस में कहा कि छात्रों को परिसर में शालीन पोशाक पहननी चाहिए। लड़कियां कोई भी भारतीय या पश्चिमी पोशाक पहन सकती हैं।

2200 से ज्यादा शिक्षकों की होगी पुनर्नियुक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य मंत्रिमंडल की मंगलवार को लोकभवन में हुई बैठक में साल 2023 में सेवा से हटाए जाने वाले 2200 से ज्यादा शिक्षकों को अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में मानदेय पर रखे जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं, जिसका असर शिक्षण कार्य पर हो रहा है। ऐसी स्थिति में 2023 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सेवा से मुक्त किए गए 2200 से ज्यादा शिक्षकों को अस्थायी तौर पर 25 हजार और 30 हजार रुपये के मानदेय पर पुनर्नियुक्ति किया जाएगा। जो शिक्षक कक्षा 9 और 10 में पढ़ाएंगे उन्हें 25 हजार और जो कक्षा 11-12 में पढ़ाएंगे उन्हें 30 हजार रुपये दिए जाएंगे। प्रबंधन इससे ज्यादा देना चाहते हैं तो अपने पास से दे सकते हैं।

कैबिनेट का फैसला

- शिक्षकों को अस्थायी तौर पर 25 और 30 हजार रुपये के मानदेय पर मिलेगी पुनर्नियुक्ति
- कक्षा 9-10 में पढ़ाने वालों को 25 हजार और जो 11-12 में पढ़ाएंगे उन्हें 30 हजार मिलेंगे

राज्यपाल व मुख्यमंत्री के सुरक्षा गार्ड का मानदेय बढ़ा

अपर मुख्य सचिव माध्यमिक, वित्त व गृह दीपक कुमार ने बताया कि कैबिनेट ने वेतन समिति की सिफारिशें मंजूर कर ली हैं। इसके तहत मुख्यमंत्री आवास व राजभवन में तैनात सुरक्षा कर्मियों को अब प्रोत्साहन भत्ते के रूप में 12500 रुपये के बजाए 22000 रुपये मिलेंगे। व्यावसायिक या माध्यमिक शिक्षा विद्यालयों में इंटर में पढ़ाने वालों को प्रति व्याख्यान 500 रुपये की जगह अब 750 रुपये मिलेंगे। इन्हें 15 हजार मासिक की जगह अधिकतम 20 हजार रुपये मिल सकेंगे। हाईस्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षकों को 400 रुपये की जगह 500 रुपये प्रति व्याख्यान दिया जाएगा। इन पर सरकार पर 19 .74 करोड़ रुपये का व्यय भार आएगा।

उप्र. एग्रीटेक नीति 2024 को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 12 में से 11 प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में कृषि विभाग द्वारा लाए गए उप्र. एग्रीटेक नीति 2024 को मंजूरी मिलने के साथ ही किसानों के लिए डिजिटल रजिस्ट्री कार्यक्रम की शुरुआत और कृषि विकास दोगुना करने का लक्ष्य भी रखा गया।

आज का मौसम

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

29.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

नगर निगम की टीम ने हटाया अतिक्रमण

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम की टीम ने मंगलवार को डेलापीर में अभियान चलाया। टीम के प्रभारी ललतेश कुमार सक्सेना ने फुटपाथ से ठेला और फड़ वालों को हटवाया। कुछ लोग टीम को देखकर खुद ही सामान समेट इधर-उधर गलियों में चले गए। टीम ने दोबारा कब्जे पर जुर्माने की चेतावनी दी।

दूसरे दिन भी बंद रही एक्स-रे जांच मशीन

अमृत विचार, बरेली : जिला अस्पताल में सोमवार को खराब हुई एक्सरे मशीन मंगलवार को भी ठीक नहीं हो सकी। इस कारण कई मरीज बिना जांच कराए लौट गए। दूसरी मशीन से गंभीर मरीजों के ही एक्स-रे किए गए। प्रबंधन के दावे के बाद भी मशीन दूसरे दिन ठीक नहीं हो सकी।

मुख्यमंत्री जी..! अनाथालय ही हमारा घर है... इसे छोड़कर कहां जाएं

आर्य समाज अनाथालय में रह रही तीनों लड़कियों ने पत्र लिखकर की फरियाद, प्रधान और मंत्री पर लगाए साजिश रचने समेत कई गंभीर आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : आर्य समाज अनाथालय की लड़कियों ने अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अपनी करुण गाथा बयां की है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने जब होश भी नहीं संभाला था, तब अनाथालय में आई थीं। अनाथालय ही अब उनका घर बन गया है। और कहीं न रहने का ठिकाना है न सुरक्षा का भरोसा। इसके बावजूद प्रबंध कमेटी के लोग भूमाफिया की साठगांठ से उन्हें बाहर निकालकर 140 साल पुराने अनाथालय की जमीन खुर्दबुर्द रचने की साजिश रच रहे हैं।

अनाथालय में रह रही मंजू पाल, शीलू और मोहिनी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उनका आश्रय न छिनने देने की फरियाद की है। उन्होंने कहा है कि होश संभालने के बाद

- **कहा- भूमाफिया की साठगांठ से 140 साल पुराने अनाथालय को कर रहे हैं बंद**
- **डराकर और दबाव डालकर साइन कराए एग्रीमेंट, अब रोज करते हैं बदसलूकी**

से उन्होंने अनाथालय में निराश्रित बच्चों का पालन-पोषण और पढ़ाई-लिखाई होते देखी है, लेकिन 2023 की शुरुआत से एकाएक सबकुछ बदल गया। ओमकार आर्य के अनाथालय का प्रधान बनने के बाद प्रबंध कमेटी ने भूमाफिया से साठगांठ कर अनाथालय की संपत्ति को खुर्दबुर्द करने का षडयंत्र रचना शुरू कर दिया। तमाम बेसहारा लड़कियों को यह सोचे बगैर अनाथालय से निकाल दिया गया कि वे कहां जाएंगी, कैसे पेट भरेंगी और उनकी सुरक्षा कैसे होगी।

लड़कियों का कहना है कि कूट-कपट और दबाव डालकर उनसे भी एकपक्षीय एग्रीमेंट करा लिया गया। अब 30 जून से अनाथालय खाली करने के लिए जबर्दस्ती की जा रही है। प्रबंध कमेटी लगातार दान ले रही है लेकिन एग्रीमेंट की आड़ में प्रधान और मंत्री ने पूरी तरह निराश्रित होने के बावजूद उनकी सभी सुविधाएं खत्म कर दी हैं। अनाथालय छोड़ने के लिए उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही है। अनाथ लड़कियों ने कहा है कि वे जब तक पूरी तरह अपना भरण-पोषण करने के लिए सक्षम नहीं हो जातीं. तब तक अनाथालय में ही रहना चाहती हैं।

अनाथालय पहुंची जांच टीम, लड़कियों ने प्रधान-मंत्री पर लगाए दबाव डालकर एग्रीमेंट कराने और जबरन निकालने के आरोप

बरेली, अमृत विचार : डीएम के आदेश पर लड़कियों को बाहर निकालकर नियमावली के विरुद्ध आर्य समाज अनाथालय को बंद करने की दोबारा जांच शुरू हो गई है। मंगलवार को अनाथालय पहुंची जांच टीम ने तीनों लड़कियों को अलग-अलग बैठाकर उनसे पूछताछ की। तीनों लड़कियों ने प्रबंध कमेटी पर जबरन अनाथालय से निकालने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाए। मंजू, शीलू और मोहिनी ने बताया कि अनाथालय के प्रधान और मंत्री ने उनसे 30 जून तक अनाथालय छोड़ने का एग्रीमेंट दबाव डालकर जबरन कराया है। कई दिनों से लगातार अनाथालय न छोड़ने पर उन्हें अलग-अलग तरह की धमकियां भी दोनों दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे लोग जब तक अपने भरण-पोषण के लिए आत्मनिर्भर नहीं हो जातीं, तब तक अनाथालय से नहीं जाना चाहतीं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रबंध कमेटी गलत तरह से अनाथालय बंद करने की कोशिश कर रही है। इसमें उन्हें गहरी साजिश होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि ओमकार आर्य के प्रधान बनने से पहले तक माहौल अच्छा था और उन्हें कोई दिक्कत नहीं थी।

कहते रहो नाथ नगरी... आज से अनाथों का यहां कोई नहीं

कितना क्षेत्रफल... किसके नाम

जांच टीम ने अनाथालय में काफी देर रहकर अलग-अलग बिंदुओं पर जांच की। टीम ने जांच के दौरान यह भी देखा कि आर्य समाज अनाथालय कुल कितने क्षेत्रफल में बना है और किस गाटा नंबर पर किसका नाम दर्ज है। उन्होंने अनाथालय के प्रधान से उसकी नियमावली के बारे में भी पूछताछ की और उसकी एक प्रति देने को कहा लेकिन प्रधान ने इसे भी टाल दिया। प्रशासन की जांच टीम ने करीब दो-ढाई घंटे तक अनाथालय में जांच की और लौट गई।

प्रधान ने कीं गोलमोल बातें, बयान दर्ज कराने के लिए मांगा समय

बरेली, अमृत विचार : जांच टीम ने अनाथालय के प्रधान ओमकार आर्य से भी कई सवाल किए लेकिन उसने कभी गोलमोल जवाब दिया तो कभी जवाब देने से ही इन्कार कर दिया। उसने इसे भी गलत बताया कि वह अनाथालय बंद करने जा रहा है और इसके लिए लड़कियों को जबरन बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक जांच टीम ने प्रधान से अनाथालय को बंद करने, लड़कियों को नोटिस देने, जबरन एग्रीमेंट कराने और अभद्रता कर अनाथालय से निकलने का दबाव डालने जैसे कई सवाल किए। बताया जा रहा है कि प्रधान ने किसी बात का स्पष्ट जवाब नहीं दिया। मौखिक तौर पर उसने कहा कि अनाथालय बंद करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। लड़कियों को भी जबरदस्ती निकालने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। हालांकि जांच टीम ने लिखित बयान देने को कहा तो उसने इसके लिए समय मांग लिया। बता दें कि इससे पहले ओमकार आर्य ने अनाथालय बंद कर उसकी जगह गुरुकुल खोलने का दावा किया था। यह भी कहा था कि गुरुकुल के लिए फिलहाल उसके पास बजट नहीं है।

ताबड़तोड़ ब्लॉक से रेल सेवाएं अस्तव्यस्त, यात्रियों ने घंटों किया इंतजार, फिर जो ट्रेन आई उसी में चढ़ लिए

जंक्शन पर अवध-असम एक्सप्रेस के एसी और आरक्षित कोचों में घुसे सामान्य यात्रियों को उतारा गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अलग-अलग रेल सेक्शन में ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा है। इस वजह से यात्री अब दूसरी ट्रेनों में सफर कर रहे हैं। इससे ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। मंगलवार दोपहर बरेली जंक्शन पर अवध असम एक्सप्रेस आई तो बड़ी संख्या में एसी और स्लीपर कोच में अनियमित टिकट पर सफर कर रहे यात्रियों को उतारा गया। ट्रेन के शौचालय तक में यात्री घुसे नजर आए। दूसरी ट्रेनों का भी यही हाल रहा। वहीं, कई ट्रेनें निरस्त रहीं और देरी से आईं।

दोपहर 15910 अवध असम एक्सप्रेस के बरेली जंक्शन पर पहुंचने से पहले कंट्रोल रूम से आरपीएफ को ट्रेन में भीड़ का मेसेज मिला। आरपीएफ और टिकट चेकिंग स्टाफ प्लेटफार्म पर तैनात हो गया।

अवध-असम एक्सप्रेस रुकने से पहले ही लोग चढ़ने के लिए टूट पड़े। ● अमृत विचार

- **कंट्रोल रूम से मिला था अवध असम एक्सप्रेस में भीड़ का मेसेज**
- **जननायक, देहरादून-गोरखपुर समर स्पेशल ट्रेनें निरस्त रहीं**

ट्रेन रुकने के बाद स्लीपर और एसी कोच से करीब दो दर्जन लोगों को उतारा गया। इस बीच एक दंपती को भी उतार दिया गया। जिसके बाद ट्रेन चली तो दंपती ने बच्चे के साथ चढ़ने का प्रयास किया। गार्ड ने दंपती को खतरा मोल लेते देखा ट्रेन को रुकवा दिया। दोनों को जनरल डिब्बे में किसी तरह चढ़ाया गया और ट्रेन रवाना हुई। ट्रेनों के आरक्षित कोचों में बिना टिकट और जनरल टिकट

टॉयलेट में जगह मिली तो वहीं घुस गए।

के यात्रियों के चढ़ने की शिकायत एक्स पर भी खूब की गईं। 14650 सरयू यमुना एक्सप्रेस थर्ड एसी कोच में सफर कर रही सिमरन रावत ने शिकायत कर बताया कि कोच के दोनों दरवाजे ब्लॉक कर दिए हैं। ट्रेन के अनाधिकृत यात्रियों का कब्जा है, शौचालय तक नहीं जा सकते हैं।

चार ट्रेनें डायवर्ट की गईं तीन हुईं निरस्त

ब्लॉक के कारण मंगलवार को 15211 जन नायक, 04310 देहरादून-गोरखपुर समर स्पेशल, 04679 गुवाहटी-कटरा स्पेशल, 14618 जनसेवा एक्सप्रेस निरस्त रही। वहीं 15212 जननायक, 14617 जनसेवा, 12203 गरीबरथ, 12357 दुर्गियाना एक्सप्रेस को डायवर्ट किया गया था।

घंटों देरी से पहुंचीं कई ट्रेनें

मंगलवार को 22420 सुहेलदेव एक्सप्रेस 1 घंटा 11 मिनट, 12318 अकाल तख्त एक्सप्रेस 2 घंटा 9 मिनट, 04623 कटरा समर स्पेशल 2 घंटा 16 मिनट, 15909 अवध असम एक्सप्रेस 2 घंटा 14 मिनट, 12209 काठगोदाम गरीबरथ एक्सप्रेस 5 घंटा 57 मिनट, 19270 पोरबंदर एक्सप्रेस 3 घंटा 11 मिनट, 12203 गरीबरथ एक्सप्रेस 3 घंटा 32 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान होते रहे।

फिरोजपुर मंडल में ब्लॉक से चार ट्रेनें होंगी प्रभावित

बरेली, अमृत विचार: फिरोजपुर मंडल के सानेहवाल-अमृतसर रेल खंड स्थित करतारपुर स्टेशन पर प्री नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से मुरादाबाद मंडल की चार ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

दरभंगा से छह जुलाई को 15211 दरभंगा-अमृतसर जनसेवा 180 मिनट रिशेड्यूल होकर फिरोजपुर मंडल में 35 मिनट नियंत्रित की जाएगी। यहीं से 7 जुलाई को 15211 दरभंगा-अमृतसर जननायक 120 मिनट रिशेड्यूल हो फिरोजपुर मंडल में 35 मिनट नियंत्रित की जाएगी। कटिहार से 8-9 जुलाई को 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 150 मिनट रिशेड्यूल होगी और फिरोजपुर मंडल में 50 मिनट नियंत्रित होगी। कटिहार से 10 जुलाई को 15707 कटिहार-अमृतसर 240 मिनट रिशेड्यूल होगी, अंबाला मंडल में उसे 45, फिरोजपुर मंडल में 60 मिनट नियंत्रित कर चलाया जाएगा।

तीन महीने से चक्कर काट रहे लोग जमा नहीं हो रहा है हाउस टैक्स

- **पार्षद राजेश अग्रवाल का मेयर को पत्र- जल्द समाधान निकालें**

बरेली, अमृत विचार : सॉफ्टवेयर अपडेट न होने से तीन महीने से नगर निगम में टैक्स जमा नहीं होने से लोग परेशान हैं। जून में मिलने वाली छूट पर भी सवाल खड़ा हो रहा है। पार्षद राजेश अग्रवाल ने मेयर उमेश गौतम को पत्र लिखकर निगम की आय प्रभावित होने का हवाला देते हुए समाधान की मांग की है। लोगों पर अक्टूबर तक स्वकर जमा न करने पर जीआईएस सर्वे से ही टैक्स जमा करने का खतरा भी मंडरा रहा है।

जीआईएस सर्वे की गड़बड़ियों को न सुधार पाने से अप्रैल, मई और जून में हाउस टैक्स जमा नहीं हो पाया है। पार्षद राजेश अग्रवाल ने मेयर को पत्र लिखा है कि पिछले साल 30 जून तक लोगों ने 6 करोड़ का हाउस टैक्स जमा कर दिया था। इस बार अब तक स्वकर फार्म उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। टैक्स विभाग ने कई ऐसे लोगों की पुरानी आईडी समाप्त कर दी है, जिन पर मोटा बकाया है। उन्होंने मांग की है कि जिस दिन से टैक्स जमा होना शुरू हो, उसी दिन से छूट दी जाए।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड सांई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024-25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis • Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077

ताबड़तोड़ फाल्ट, रेती-जसौली समेत कई इलाकों में तीन घंटे बिजली ठप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ताबड़तोड़ फाल्टों के चलते मंगलवार को मोहल्ला रेती, जसौली समेत कई स्थानों पर तीन घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। उमस भरी गर्मी में लोग परेशान होते रहे। वहीं, कुछ इलाकों में ट्रिपिंग की समस्या रही।

किला उपकेंद्र से जुड़े रेती चौराहे पर सुबह 10 बजे 11 हजार केवीए की लाइन पर पेड़ गिर गया। इससे दूल्हा मियां की मजार, जसौली, मलूकपुर, सिटी फीडर और अन्य जगह पर एक बजे तक बिजली गुल रही। इंग्लिशगंज में सुबह 9 बजे लाइन पर पेड़ गिर गया। जिससे 11 बजे तक आपूर्ति प्रभावित रही। वहीं सुबह बारिश के चलते सुभाषनगर, मढ़ीनाथ, पुराना शहर, जगतपुर, एजाज नगर गौटिया, चकमहमूद, पवन बिहार, पीलीभीत बाईपास, सिविल लाइंस आदि क्षेत्र में ट्रिपिंग से लोग परेशान हुए। उधर, दुर्गानगर, कोहाड़ापीर और डेलापीर क्षेत्र में आरडीएसएस योजना के तहत मंगलवार को होने वाले काम बारिश के चलते नहीं हो सके।



किला क्षेत्र में बिजली का फाल्ट ठीक करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

डीडीपुरम उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

बुधवार को डीडीपुरम उपकेंद्र पर मरम्मत कार्य होगा। पूर्वाह्न 11 से शाम 4 बजे तक उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता अनुज गुप्ता ने बताया कि उपकेंद्र पर होने वाले कार्यों की जानकारी लोगों को दे दी गई है।

24 घंटे में 42 मिमी बारिश, फिर भी उमस ने किया परेशान

बरेली, अमृत विचार : उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। अगले चार दिनों के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिले में अधिकतम 6.5 और न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में 42 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मंगलवार सुबह 100 और शाम को बारिश के चलते 94 प्रतिशत आर्द्रता दर्ज हुई। इस दौरान उमस ने लोगों को परेशान किया। हवाओं की रफ्तार 8 से 10 किलोमीटर प्रति घंटा रही।आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डा. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी सप्ताह बारिश के चलते अधिकतम तापमान सामान्य से कम दर्ज होने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम 32 और न्यूनतम तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस हो सकता है।

बीडीए ने सेटेलाइट से बीसलपुर रोड तक की होटलों-शोरूम की जांच

बरेली, अमृत विचार : बीडीए की टीम ने मंगलवार को सेटेलाइट से बीसलपुर चौराहे तक होटलों और शोरूम की चेकिंग की। टीम ने इस दौरान कई इमारतों के नक्शे की भी जांच की। इससे बीडीए के मानक पूरे न करने वालों में खलबली मची रही।

बीडीए की टीम ने सेटेलाइट से बीसलपुर चौराहे तक चेकिंग की। होटलों में जाकर उनका नक्शा देखा और नक्शे के विपरीत बने भवनों की जल्द कंपाउंडिंग कराने को कहा। सेटेलाइट के पास एक होटल में टीम ने काफी देर तक चेकिंग की। पाया गया कि भवन नक्शे के विपरीत बना है। सेटेलाइट से बीसलपुर चौराहे तक छोटे-बड़े 35 होटल हैं। पहले चरण में यहां बड़े होटलों और शोरूम की जांच की गई है। बताया गया कि 25 होटल और शोरूम चेक किए गए हैं। किराए पर होटल चला रहे लोगों से कहा गया कि वे भवन मालिक से नक्शा लेकर कार्यालय आकर दिखाएं। नक्शे से विपरीत बने भवनों की शीघ्र कंपाउंडिंग कराने को कहा गया है।

भारत गौरव पर्यटक ट्रेन दक्षिण के मंदिरों के दर्शन कराएगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अगर आप दक्षिण भारत के मंदिरों के दर्शन करना चाहते हैं तो आईआरसीटीसी यात्रियों को खास मौका दे रहा है। दक्षिण भारत के लिए भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन आईआरसीटीसी की तरफ से किया जाएगा। इस ट्रेन का ठहराव बरेली जंक्शन पर भी होगा। विभिन्न श्रेणियों के लिए अलग-अलग पैकेज तय किए गए हैं। 31 जुलाई को शुरू होने वाला आईआरसीटीसी का यह टूर 11 रात और 12 दिन तक चलेगा।

इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन (आईआरसीटीसी) अधिकारियों के मुताबिक भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन 31 जुलाई को योगनगरी ऋषिकेश स्टेशन से किया जाएगा।

यह ट्रेन दक्षिण भारत में रामेश्वरम, मीनाक्षी मंदिर (मदुरै), कन्याकुमारी, तिरुपति बालाजी और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराएगी। ट्रेन में कुल 767 बर्थ हैं। यात्री योगनगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज, मानिकपुर, सतना से ट्रेन में चढ़ और उतर सकेंगे। इसमें किराये के रूप में अलग अलग पैकेज तय किए गए हैं। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा के अनुसार अलग-अलग श्रेणियों के मुताबिक होटल में ठहरने से लेकर खाने-पीने तक की व्यवस्था की गई है।

ईएमआई पर भी कर सकते हैं भुगतान

रेल यात्री पैकेज का भुगतान ईएमआई पर भी कर सकते हैं। जिसमें शुरुआत 1130 रुपये प्रतिमाह से है। ईएमआई की सुविधा आईआरसीटीसी पोर्टल पर उपलब्ध सरकारी या गैरसरकारी बैंक से ली जा सकती है। अधिकारियों के मुताबिक इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी।

अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
EXCELLENT IAS ACADEMY
www.excellentias.org
IAS/PCS NCERT
ए.सी. डिजीटल क्लास रूम
अनुष्का डी.एस.पी., पी.सी.एस. 2022
उपदेश कुमार डिप्टी जेलर, पी.सी.एस. 2023
प्रातः 10 बजे से
निःशुल्क वर्कशाप के साथ नया बैच : 24 जून, सोमवार
7983948124, 9935264849
रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course | COPA 1 Year Course | H.S.I. 1 Year Course | RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606

SANDEEP COMPUTER INSTITUTE
Best Education for Best Future
OUR COURSES
• 'O' LEVEL • ADCA • DTP • INTERNET • MS OFFICE
• Hindi & English Typing • CCC, DTC, BCC • PROGRAMMING
• DCA • Tally Prime • Tally with GST • Front & Web Design
• CSS • PGDCA, HTML • Digital Marketing
ADMISSION OPEN
BUMPER OFFER ONLY
25 JUNE VALID OFFER
A ग्रेड से CCC पास करने वाले छात्र-छात्राओं को फ्री टैबलेट
A ग्रेड से O Level पास करने वाले छात्र-छात्राओं को फ्री लैपटॉप
25 जून तक प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए बम्पर ऑफर
कहीं मौका चला न जाए शुरुआत के 50 स्टूडेंट के लिए
Now ! Hurry up
DIRECTOR- KASHISH KUSHWAHA
ENROLL NOW 2024-25 CONTACT US:- 6388537773
130, SHIV GARDEN COLONY NEAR WATER TANK DOHRA ROAD, BAREILLY

ये जिला अस्पताल का हाल...

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल के रोड पार वाले भवन के वार्डों के बाहर सीवर लाइन की मरम्मत चल रही है। बारिश आरंभ होने से पूर्व ही परिसर में जगह-जगह खोदाई कर दी गई थी। अब बारिश होने के बाद यहां पर कीचड़ से बुरा हाल हो गया है। ऐसे में वार्डों में मरीजों को शिफ्ट करने के दौरान स्टाफ को काफी परेशानी हो रही है। तीमारदार को भी मरीजों से मिलने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

... और ये पुराने बस अड्डे का

बरेली, अमृत विचार : रोडवेज के पुराना बस अड्डे के अंदर जाने वाली सड़क पूरी तरह धंस चुकी है और बरसात के मौसम में यात्रियों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। कारों से आने वाले लोग तो किसी तरह बस तक पहुंच जाते हैं, लेकिन पैदल लोगों के लिए पानी भरे गड्ढे से निकलना मुश्किल हो रहा है। रोडवेज बस अड्डे के अंदर जाने वाले रास्ते में शुरुआत में तो सीसी टाइल्स लगी हैं, लेकिन अंदर डामर की सड़क बनी है। यह सड़क पूरी तरह जर्जर होकर गड्ढों में तब्दील हो गई है। बरसात में इन गड्ढों में भरा पानी पैदल और दोपहिया वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन रहा है। क्षेत्रीय प्रबधंक दीपक चौधरी ने बताया कि बस अड्डे की सड़क जर्जर हो चुकी है। इसे बनवाने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए 30 लाख का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा है। अनुमति मिलते ही यहां काम शुरू करवा दिया जाएगा। यहां अब डामर रोड नहीं बनेगी। सीसी टाइल्स डलवाई जाएंगी।



अरे भई बीडीओ साहब बड़े अधिकारी होते हैं... 50-60 हजार से कम थोड़े ही लेंगे

ब्लॉक मिशन मैनेजर और महिला समूह की सचिव के बीच फोन पर कमीशन के लेनदेन की बातचीत की जांच में पुष्टि

शब्या सिंह तोमर, बरेली

- जिला गन्ना अधिकारी की जांच रिपोर्ट, दोनों ने ऑडियो में हुई बातचीत स्वीकार की
- आर्थिक अपराध का मामला बताकर सक्षम एजेंसी से जांच कराने की सिफारिश

अमृत विचार : भोजीपुरा में महिला स्वयं सहायता समूह को मिले भुगतान में से बीडीओ के लिए कमीशन मांगने के आरोप की पुष्टि हो गई है। समूह की सचिव और ब्लॉक मिशन मैनेजर की इस मामले में फोन पर हुई बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद यह मामला सुर्खियों में आया था। इसके बाद मामले की जांच जिला गन्ना अधिकारी को सौंपी गई थी जिन्होंने सोमवार को अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

इसमें उन्होंने इस प्रकरण आर्थिक अपराध श्रेणी का बताते हुए सक्षम एजेंसी से इसकी विस्तृत जांच कराने की सिफारिश की है।

भोजीपुरा का बालाजी महिला स्वयं सहायता समूह ड्राई राशन के उठान और वितरण का काम करता था जिसकी एवज में पिछले साल उसे शासन से करीब सवा लाख रुपये का भुगतान भेजा गया था। ब्लॉक पर यह पैसा आने के बावजूद काफी समय तक समूह को भुगतान नहीं किया गया। इसी बीच ब्लॉक मिशन मैनेजर पूनम राजपूत और महिला समूह की सचिव अनीता के बीच फोन पर हुई बातचीत का ऑडियो वायरल हो गया। इस ऑडियो में पूनम राजपूत भुगतान के लिए अनीता से लेनदेन की बात कर रही थीं। अनीता 10-15 हजार रुपये में मामला निपटाने का आग्रह कर रही थीं जिसके जवाब में पूनम का कहना था कि बीडीओ बड़े अधिकारी हैं।

वह 50-60 हजार से कम नहीं लेंगे। बीडीओ पर कमीशन के लिए भुगतान रोकने का आरोप लगा तो उन्होंने खुद इसकी जांच कराई लेकिन इस जांच का कोई नतीजा नहीं निकला। इस बीच शासन ने इस मामले का संज्ञान लेकर डीएम को जांच कराने का निर्देश दिया। इसके बाद जिला गन्ना अधिकारी यशपाल सिंह को वायरल ऑडियो की जांच सौंपी गई थी। एक बार उनकी जांच रिपोर्ट को अधूरा बताकर वापस कर दिया गया। अब मंगलवार को उन्होंने दोबारा रिपोर्ट सौंपी है। इसमें उन्होंने लेनदेन की बातचीत के ऑडियो को सही बताया है। रिपोर्ट में यह भी जिक्र है कि समूह की सचिव अनीता और ब्लॉक मिशन मैनेजर पूनम राजपूत ने भी इस ऑडियो में हुई बातचीत को स्वीकार किया है।

जांच रिपोर्ट में पूनम के उस बयान का भी जिक्र किया गया है जिसमें उन्होंने कहा कि अनीता समूह की सदस्यों को पैसा नहीं देना चाहती थीं। वह उनसे पैसे लेकर पूरा भुगतान उन्हें करने और बीडीओ के सामने मामले को संभालने की बात कह रही थीं। लेकिन समूह की बाकी सदस्यों ने अपने बयान में पूनम के इस आरोप का खंडन कर दिया। अनीता ने अपने बयान में बताया कि उन्हें राशन वितरण का काम छीनने की धमकी दी जा रही थी। इसी एवज में पूनम ने उनसे 50 हजार रुपये ले लिए। उनसे कहा था कि यह पैसा बीडीओ को दिया जाएगा। जिला गन्ना अधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट में इसे आर्थिक अपराध की श्रेणी का मामला बताते हुए इसकी जांच किसी सक्षम एजेंसी से कराने की सिफारिश की है।

कमीशन का मामला सुर्खियों में आया तो बीडीओ ने दूसरी ब्लॉक मिशन मैनेजर को फंसा दिया

आरोप लगा था कि ब्लॉक मिशन मैनेजर पूनम राजपूत के बीडीओ के लिए कमीशन मांगने का मामला सुर्खियों में आया तो बीडीओ ने उसे दबाने के लिए दूसरी ब्लॉक मिशन मैनेजर कविता गंगवार को एक पुराने मामले में फंसा दिया। उन्हें गबन का आरोपी बताते हुए उनके खिलाफ एफआईआर भी लिखवा दी। कविता ने इस मामले में हाईकोर्ट से लेकर महिला और मानवाधिकार आयोग तक चक्कर काटे थे। कई बार उनकी शिकायतों पर जांच भी हो चुकी है। पिछली बार शासन ने इस बारे में भी डीएम को जांच कराकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट और मानवाधिकार आयोग से भी कई बार निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

> हमारे स्तर की जांच पूरी हो गई है। इसमें पुष्टि हुई है कि आडियो में वाकई लेनदेन की बात हुई थी। अब आगे यह पता लगाने का काम जांच एजेंसियों का है कि किसने पैसा लिया और किसने नहीं, लिया तो कितना लिया।
> –**यश पाल सिंह**, जिला गन्ना अधिकारी

दंपती अफीम तस्करी में गिरफ्तार, भेजा जेल

मीरगंज, अमृत विचार : शाही पुलिस ने अफीम तस्करी के आरोप में दंपती को पकड़ा, तलाशी लेने पर उनके पास से 266 .5 ग्राम अफीम बरामद हुई। थानाध्यक्ष थाना शाही अमित कुमार ने ने बताया कि मंगलवार को उप निरीक्षक सुनील कुमार और करनसिंह चौहान ने वाहनों की चेकिंग के दौरान ओमप्रकाश निवासी ग्राम पहाड़पुर और उसकी पत्नी सीमा को पकड़ा, तलाशी लेने पर उनके पास से 266 .5 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने पति-पत्नी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। बच्चे को उसके परिवार वालों को बुलाकर सौंप दिया।

दुष्कर्म की कोशिश के मामले में चार पर रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : दुष्कर्म की कोशिश के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित महिला ने बताया कि 23 मार्च की रात गांव के अजय, धीरेंद्र, नन्हे और ओमपाल भैंस चोरी के इरादे से घर में घुस आए। आहट होने पर परिजन जाग गए और उन्हें पहचान लिया। अगले दिन पंचायत में माफी मांगने पर समझौता हो गया, लेकिन आरोपी रंजिशन मानने लगे। आरोप है कि1 अप्रैल 2024 की रात आरोपी फिर घर में घुस गए। आरोप है कि आरोपियों ने महिला की बहू के साथ दुष्कर्म की कोशिश की।

10वीं पास स्टाफ के दम पर चल रहा था अपोलो अस्पताल

बच्चा चोरी के बाद सामने आई असलियत, महिला एमबीबीएस डॉक्टर के नाम से पंजीकृत अस्पताल में स्टाफ ही करता था इलाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : डोहरा रोड पर अपोलो अस्पताल में भर्ती एक महीने का बच्चा चोरी न होता तो शायद यह भी पता नहीं चलता कि अस्पतालों के नाम पर कैसे-कैसे लूटपाट के अड्डे शुरू कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। पुलिस की जांच में पता चला है कि एमबीबीएस महिला डॉक्टर के नाम से पंजीकृत अस्पताल में मरीजों का इलाज करने वाले 10वीं पास ही हैं। हालांकि पुलिस की पूछताछ में महिला डॉक्टर ने अस्पताल से कोई संबंध होने से इन्कार कर दिया।

पीलीभीत के सुनगढ़ी गौंटिया में रहने वाले सुशील कुमार ने अपने एक महीने के बेटे इंद्रजीत को 28 जून की सुबह करीब 9 बजे डोहरा रोड पर अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया था जो यहां एनआईसीयू से 30 जून की रात करीब ढाई बजे गायब हो गया। एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद बारादरी पुलिस ने छानबीन शुरू की तो अस्पताल के नाम पर मरीजों की जिंदगी से हो रहा खिलवाड़ देखकर उसके भी होश उड़ गए।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस के अनुसार जिस बिल्डिंग में अपोलो अस्पताल चल रहा था, वह आशीष रॉयल पार्क में रहने वाली आभा सिंह के नाम है। अस्पताल एमबीबीएस डॉ. श्रद्धा चंद्रा के नाम पंजीकृत है जिन्होंने उसे चलाने के लिए बिथरी के गांव डोहरिया निवासी तथाकथित फार्मासिस्ट आरिफ उर्फ रियासत को सौंप रखा था।

पुलिस ने बताया कि आरिफ इस अस्पताल को नर्सिंग स्टाफ प्रहलाद सागर और टेक्नीशियन मोहम्मद नदीम के दम पर चला रहा था। डॉ. श्रद्धा चंद्रा और दूसरी एमबीबीएस डॉ. साजिया बानो गंभीर केस देखने के नाम पर कभी-कभी अस्पताल आया करती थीं। जिला अस्पताल में संविदा पर तैनात डॉ. राजीव गुप्ता रोज 10 बजे अस्पताल आते थे। बाकी समय आरिफ, प्रहलाद और नदीम ही लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करते थे।

आरिफ से कराया फोन तो श्रद्धा ने कहा- मुझसे क्या मतलब

बारादरी पुलिस ने जब आरिफ को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद उससे डॉ. श्रद्धा चंद्रा को फोन कराया तो डॉ. श्रद्धा ने कहा कि वह कुछ नहीं जानती। अस्पताल चला रहे थे तो खुद देखो। उन्हें कुछ नहीं पता न उनका कोई लेना-देना है। आरिफ ने कहा कि अस्पताल में तो आप भी आती-जाती रहती हैं। इस पर उन्होंने नाराज होकर फोन काट दिया। पुलिस के मुताबिक जांच पूरी होने के बाद उच्चाधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग को भी रिपोर्ट भेजी जाएगी। अस्पताल कर्मियों से अब तक की पूछताछ में साफ हुआ है कि अस्पताल को 10वीं पास लोगों के दम पर चलाया जा रहा था।

स्वास्थ्य विभाग : रजिस्ट्रेशन कर लिया अस्पताल में कभी झांकने नहीं गए

बरेली, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग ने जिस अपोलो अस्पताल का पंजीकरण कर रखा था, उसमें उसके अफसर कभी झांकने भी नहीं पहुंचे वर्ना शायद अस्पताल के नाम पर लूट का अड्डा न चल रहा होता। अब अस्पताल को नोटिस देकर सील करने की बात कही जा रही है। बच्चा चोरी की घटना सुर्खियों में आने के बाद मंगलवार को सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. राकेश टीम लेकर जांच करने अपोलो अस्पताल पहुंचे तो कई गंभीर अनियमितताएं मिलीं। टीम को अस्पताल में मरीज भर्ती मिले, लेकिन आपात स्थिति से बचाव के लिए कोई इमरजेंसी एक्जिट भी नहीं था, न परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे थे। एसीएमओ ने बताया कि अस्पताल को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक न हुआ तो अस्पताल सील कर दिया जाएगा। अस्पताल में मरीजों की देखभाल कर रहे नर्सिंग और पैरा मेडिकल स्टाफ के दस्तावेजों का भी सत्यापन होगा।

> बच्चा चोरी करने वाले और खरीदने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया है जिसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।
> – **अनीता चौहान**, सीओ थर्ड

प्लाईवुड फैक्ट्री में हाथ कटने के बाद दिव्यांग को नौकरी से निकाला

बरेली, अमृत विचार : प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करते समय दिव्यांग का हाथ कट गया। बाद में फैक्ट्री मालिक ने सादा कागज पर अंगूठा लगवाकर उसे नौकरी से निकाल दिया। आरोप है कि न तो उसे वेतन दिया और न ही मुआवजा।

पीड़ित ने डीजीपी, एडीजी, आईजी और एसएसपी को पत्र भेजकर फैक्ट्री मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। बारादरी के गंगापुर निवासी रामप्रताप ने शिकायती पत्र में बताया कि नरियावल में दो लोग अवैध तरीके से प्लाईवुड फैक्ट्री चला रहे हैं। फैक्ट्री के बाहर कोल डिपो का बोर्ड लगा है। 16 फरवरी 2021 को काम करते समय उसका फैक्ट्री में हाथ कट गया। गांधी उद्यान के पास स्थित एक अस्पताल में इलाज हुआ। बताया कि इलाज के रुपये भी उसने खुद दिए। ठीक होने पर फैक्ट्री मालिकों ने से नौकरी से निकाल दिया।

हनुमान प्रतिमा हटाने के मुद्दे पर सिटी मजिस्ट्रेट से मिला विहिप

- कहा- आहत न हों लोगों की भावनाएं, सिटी मजिस्ट्रेट बोले- फाइनल है डिजाइन

बरेली, अमृत विचार : अटल सेतु को चौपुला पुल से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे नए पुल के नीचे हनुमान की प्रतिमा और पीपल के पेड़ आने से शुरू हुए विरोध के बीच दूसरे दिन भी विश्व हिंदू परिषद के लोग सिटी मजिस्ट्रेट से मिले।

उन्होंने अनुरोध किया कि पुल जोड़ने के दौरान धर्मस्थल को कोई नुकसान न हो। सिटी मजिस्ट्रेट ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया है। अटल सेतु को चौपुला पुल से जोड़ने के लिए एक पुल पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर और पीली कोठी के बीच निकाला गया है, जहां शिवमंदिर में हनुमान की प्रतिमा और पीपल का वृक्ष है। प्रतिमा और वृक्ष को हटाने की बात चल रही है। इसे लेकर आसपास के लोगों में नाराजगी है। सोमवार को विहिप के महानगर कार्यालय अध्यक्ष दिव्य चतुर्वेदी की अगुवाई में लोग डीएम से मिले थे। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला ने मंगलवार को उन्हें बातचीत के लिए बुलाया। दिव्य ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा है कि सेतु निगम डिजाइन फाइनल कर चुका है। उन्होंने कहा है कि ऐसा कोई काम न हो कि लोगों की भावनाएं आहत हों।

जिला महिला अस्पताल में कुत्तों को शिशु का कंकाल नोचते देखकर उड़े लोगों के होश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- करीब 90 फीसदी विकसित शिशु का था कंकाल, कई सवालों में घिरा अस्पताल प्रशासन
- सीएमएस बोले- जांच में चलेगा पता, कंकाल इंसान का या किसी जानवर का

अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल परिसर में मंगलवार शाम कुत्तों को एक शिशु के कंकाल को नोचते देख लोगों के होश उड़ गए। करीब 90 फीसदी विकसित होने के कारण यह तो अंदाजा नहीं लगाया जा सका कि शिशु के जन्म के बाद उसे फेंका गया है या पहले लेकिन पट्टियों में लिपटा होने के कारण माना गया कि उसे हाल ही में कहीं कोने में डाला गया होगा जहां से उसे कुत्ते खींच लाए। इस घटना के बाद महिला अस्पताल सवालों में घिर गया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद स्थिति और साफ होने की उम्मीद जताई जा रही है।

महिला अस्पताल में शाम 6 बजे सन्नाटे जैसे हालात थे लेकिन इसी बीच मेन गेट के पास सीढ़ियों पर लोगों ने कुत्तों को एक शिशु का कंकाल नोचते देखा तो भीड़ इकट्ठी हो गई। मेन गेट के पास जहां कुत्ते कंकाल को नोच रहे थे, वहीं पास में पट्टियां भी पड़ी हुईं थीं। अस्पताल के मेन गेट के ठीक सामने कैंटीन भी है, इससे सटे कर्मचारियों के आवास हैं। लोगों ने बताया कि कुत्ते करीब आधे घंटे तक कंकाल को नोचते रहे। पहले तो किसी ने ध्यान नहीं दिया। बाद में किसी ने बताया कि मानव शिशु का कंकाल है तो हड़कंप मच गया। एक तीमारदार ने बताया कि कुत्ते इन पट्टियों को खींच रहे थे। उन्हीं के साथ खिंचकर कंकाल बाहर आया तो वे उसे मुंह में दबाकर अस्पताल में ही पावर हाउस की तरफ खींच ले गए। लोगों ने देखा तो कुत्तों को भगाकर अस्पताल प्रशासन को सूचना दी। महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचे थे। यह जांच होनी बाकी है कि कंकाल इंसान का है या किसी जानवर का। पुलिस को सूचना दे दी गई है।

उधर, इंस्पेक्टर कोतवाली डीके शर्मा ने बताया कि महिला अस्पताल से सूचना मिलने के बाद कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

शकः कहीं अवैध गर्भपात का तो नहीं चल रहा खेल

अस्पताल में रोज बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं के प्रसव होते हैं, इसके साथ शादीशुदा महिलाएं अनचाहे गर्भ को गिरवाने भी आती हैं। शिशु का कंकाल मिलने से सवाल उठ रहा है कि महिला अस्पताल में कहीं अवैध गर्भपात का तो खेल तो नहीं चल रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि कंकाल को मेडिकल वेस्ट के रखरखाव के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी के पास बने कक्ष में ताला पड़ा हुआ था जिससे कम से कम यह तो साफ है कि कुत्तों को कंकाल अस्पताल परिसर में कहीं पड़ी मिला होगा।

वही पुराना अंदाज, शाही में महिला की साड़ी से फंदा लगाकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मायके से वापस आ रही थी अनीता बुझिया जागीर गांव में नहर के पास गन्ने के खेत में मिला शव
- इससे पहले भी शाही, शीशगढ़ और शेरगढ़ में हो चुकी हैं नौ महिलाओं की हत्या

अमृत विचार : मायके से ससुराल जा रही महिला की किसी ने साड़ी से फंदा लगाकर हत्या कर दी और शव बुझिया जागीर में नहर के पास गन्ने के खेत में फेंक दिया। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिछले वर्ष भी शाही, शेरगढ़ और शीशगढ़ में नौ महिलाओं की हत्याएं हो चुकी हैं। घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। घटना की जानकारी मिलने पर देर रात एसएसपी अनुराग आर्य भी मौके पर पहुंच गए।

थानाध्यक्ष शाही अमित कुमार बालियान ने बताया कि बुझिया जागीर गांव निवासी वीरेंद्र शाम सात बजे खेत पर गया था। उसे नहर के पास स्थित गन्ने के खेत के किनारे महिला का शव दिखाई दिया, उसने प्रधान राजकुमार गुप्ता को सूचना दी, सूचना पर थाना अध्यक्ष शाही तुरंत मौके पर पहुंचे और एसएसपी और सीओ को घटना की जानकारी दी। घटना के साक्ष्य एकत्र करने के लिए मौके पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड भी पहुंच गई। ग्रामीणों ने बताया कि महिला के मुंह से खून निकल रहा था। गले से साड़ी के पल्लू का फंदा बंधा था। अनुमान लगाया जा रहा है कि गला घोंटकर हत्या की गई है। काफी देर तक महिला की पहचान नहीं हो सकी। तब पुलिस ने आसपास के गांव के लोगों से पूछताछ की। इसके बाद पता चला कि वह शेरगढ़ के गांव हौसपुर के सोमपाल की पत्नी अनीता है। देर रात एसएसपी अनुराग आर्य भी घटनास्थल पर पहुंचे, उन्होंने बताया कि साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। हत्यारोपी का पता लगाने का पुलिस प्रयास कर रही है।

हत्या के बाद घटनास्थल पर जांच करते एसएसपी अनुराग आर्य। ● अमृत विचार

हाथ पर लिखे नाम से हुई पहचान

घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली तो पता चला कि महिला के बाएं हाथ पर अनीता लिखा है। आसपास के लोगों से जानकारी की तो पता चला कि महिला शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव हौसपुर के रहने वाले सोमपाल की पत्नी अनीता (45) है। पुलिस ने बताया कि अनीता कुछ दिन पहले मायके खिरका गई थी। वहीं से अकेले लौट रही थी। हौसपुर से तीन किमी दूर बुझिया जागीर के पास हत्या कर दी गई।

पिछले वर्ष हो चुकी हैं नौ हत्याएं

पिछले वर्ष शाही, शेरगढ़ और शीशगढ़ क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में नौ महिलाओं की हत्या हो चुकी है। अनीता की हत्या दसवीं है। महिला की हत्या के बाद एक बार फिर से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पिछले वर्ष हो रहीं हत्याओं का सिलसिला रोकने के लिए तत्कालीन एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने 15 टीमों को लगाया था, लेकिन कोई टीम कातिल तक नहीं पहुंच सकी। अब एक फिर से महिला की हत्या के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

काफी देर तक इंतजार करती रही पुलिस

शाही पुलिस को काफी देर तक शव को रोकना पड़ा। वजह रही कि सूचना के बाद शहर से शाही के लिए करीब दो घंटे में फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड पहुंच सका। ऐसे में पुलिस को शव के चारों ओर घेरा बनाना पड़ा। जब तक फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड नहीं पहुंच सका। तब तक किसी को महिला के शव के पास नहीं जाने दिया गया। महिला की हत्या के बाद एक बार अज्ञात हत्यारे ने पुलिस को सीधे चुनौती दी है।

> महिला अपने मायके से ससुराल जा रही थी। साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। पुलिस खुलासा करने का प्रयास कर रही है। – **अमित कुमार बालियान**, थानाध्यक्ष शाही

स्थान पर नहीं मिला शव : वीरेंद्र ने बताया कि जब वह खेत पर गया था, तब महिला का शव गन्ने के खेत की मेढ़ पर पड़ा था, डर की वजह से वह प्रधान राजकुमार गुप्ता को साथ लेकर आया। वापस आने पर शव उस स्थान पर नहीं मिला। खेत में अंदर की ओर मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना शाम सात बजे की है। बताया जाता है कि महिला की हत्या उसकी ही साड़ी के पल्लू से गला घोटकर की गई है।

अप्रशिक्षित स्टाफ कर रहा था जांच, अल्ट्रासाउंड मशीन सील

बरेली, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग के पीसी-पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. अमित के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार दोपहर बुखारा रोड स्थित डीआर अस्पताल का निरीक्षण किया। यहां अल्ट्रासाउंड सेंटर का विभाग में डॉ. वीपी श्रीवास्तव के नाम से पंजीकरण था, लेकिन मौके पर उनके स्थान पर अप्रशिक्षित स्टाफ मरीजों की जांच करते मिला। इसपर टीम ने अल्ट्रासाउंड मशीन को सील कर दिया। नोडल अधिकारी ने बताया कि पीसी-पीएनडीटी एक्ट के उल्लंघन पर सेंटर को सील किया गया है।

रजिस्ट्री विभाग का सर्वर ठप नहीं हो सके सैकड़ों बैनामे

- दिल्ली से संचालित सर्वर में दोपहर बाद आई तकनीकी खराबी
- बैनामा कराने के लिए आए लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी

बरेली, अमृत विचार : जिले में मंगलवार को निबंधन विभाग के सर्वर में खराबी से सैकड़ों रजिस्ट्रियां नहीं हो सकी हैं। इससे जमीनों का बैनामा कराने के लिए आने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। उन्हें बाद में आने के लिए कहा गया है।

जिला मुख्यालय पर निबंधन विभाग के दो दफ्तर हैं, अन्य तहसीलों में एक-एक रजिस्ट्री कार्यालय है। मुख्यालय के एक कार्यालय में रोजाना औसतन सौ बैनामे होते हैं, जबकि अन्य तहसीलों के कार्यालय में 40 से 50 रजिस्ट्रियां होती हैं। मंगलवार सुबह से बैनामे कराने की प्रक्रिया सभी दफ्तरों में चल रही थी, लेकिन दोपहर बाद अचानक सर्वर ठप हो गया। काफी देर बाद निबंधन विभाग के अधिकारियों को पता चला दिल्ली से पूरे प्रदेश के लिए संचालित होने वाले विभाग के सर्वर में कोई तकनीकी कमी आ गई है, जिसकी वजह से सर्वर काम नहीं कर रहा है। इसकी जानकारी क्रेता-विक्रेता को होने पर वे काफी देर तक इस इंतजार में कार्यालयों में बैठ रहे कि कुछ देर में समस्या सही हो जाएगी, लेकिन शाम तक सर्वर चालू नहीं हो सका। इससे परेशान होकर लोग चले गए।

जोगीठेर में फंदे पर लटका मिला पूर्व प्रधान का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, बरेली/अलीगंज

- भाई ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ दी तहरीर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिंग आई

अमृत विचार : गांव जोगीठेर के पूर्व प्रधान का शव मंगलवार को दुकान में फंदे पर लटका मिला। पूर्व प्रधान के भाई ने गांव के ही चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिंग आई है। आरोपी पक्ष ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

जोगीठेर निवासी राजकुमार उर्फ भूरे ने पुलिस को तहरीर दी कि उनके बड़े भाई सुरेंद्र (46) पूर्व प्रधान थे और परचून की दुकान चलाते थे। आरोप है गांव के ही दो लोगों ने मंगलवार सुबह साढ़े चार बजे घर आकर सुरेंद्र से कुछ सामान मांगा। वह सामान देने उनके साथ चले गए। आरोपी सुरेंद्र को अपने घर ले गए और वहीं गला दबाकर हत्या कर दी और शव दुकान में लटका कर फरार हो गए। राजकुमार के अनुसार सुबह छह बजे जब वह पहुंचे तो दुकान का दरवाजा टूटा पाया। अंदर सुरेंद्र का शव गमछे के सहारे पंखे से लटका था। सुरेंद्र के भाई जालिम सिंह ने बताया कि करीब 20 दिन पहले सुरेंद्र ने एक लाख रुपये एक आरोपी को दिए थे। वे लोग रुपये देने से मना कर रहे थे। इसी पर विवाद हो गया था।

> मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद जांच की जाएगी। जांच के आधार पर कार्रवाई होगी।
> –**अजय कुमार**, एसओ थाना अलीगंज

दूसरा पक्ष ने दुष्कर्म का आरोप लगाया

राजकुमार उर्फ भूरे ने बताया कि दूसरे पक्ष ने उनके भाई सुरेंद्र पर झूठा आरोप लगाया है। हत्या के बाद एक आरोपी अपनी बेटी को लेकर थाना अलीगंज पहुंच गया और सुरेंद्र के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस जांच कर रही है।

इतना टेंशन नहीं लेती पुलिस, 16 में से 13 केस पुरानी धाराओं में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बोले- रिपोर्ट लिखते वक्त ध्यान नहीं रहता, बाद में करेंगे संशोधन
- एसपी ट्रैफिक ने कहा- समझ नहीं पा रहे तो संपर्क करें पुलिसकर्मी

अमृत विचार : देश भर में एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता लागू हो चुकी है, लेकिन जिले में पुलिसकर्मी अब भी भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर रहे हैं। एक जुलाई से दो जुलाई तक जिले भर के थानों में करीब 16 अपराध दर्ज हुए। इनमें से सिर्फ तीन अपराध ही बीएनएस के तहत दर्ज किए गए। 13 मामले भारतीय दंड संहिता की धाराओं में दर्ज हुए हैं। हालांकि पुलिसकर्मियों का कहना है कि इनकी धाराओं में संशोधन कर दिया जाएगा।

बारादरी थाने में एक व दो जुलाई को धोखाधड़ी, एक्सीडेंट और लूट के तीन मुकदमे दर्ज हुए हैं, लेकिन तीनों अपराध भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज किए गए।

सुभाषनगर में दर्ज पांच मुकदमों में से एक बीएनएस तथा चार मुकदमे भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज हुए हैं। शीशगढ़ और मीरगंज में मारपीट के अपराध बीएनएस के तहत दर्ज किए गए हैं। भुता में दर्ज मारपीट का एक मुकदमा भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज किया गया है।

शीशगढ़ और शेरगढ़ में दर्ज एक मुकदमा भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज किया गया है। पुलिसकर्मियों ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करते वक्त उन्हें ध्यान नहीं रहता है और चूक हो जाती है। हालांकि बाद में इसे सुधारने की बात कही। पुलिसकर्मियों ने बताया कि अभी धाराएं समझने में समय लगेगा। कुछ दिन की समस्या है, बाद में सही हो जाएगा। एसपी यातायात शिवराज ने बताया कि यदि किसी पुलिसकर्मी को कहीं पर समस्या हो रही है तो वह उनसे संपर्क कर सकता है या अपर निदेशक अभियोजन से जानकारी प्राप्त कर सकता है।

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

बकाया होने के बाद भी जारी कर दिए बिजली कनेक्शन

बरेली, अमृत विचार : बकाया होने के बाद भी भुता क्षेत्र में दो नए बिजली कनेक्शन जारी कर दिए गए। मामले में अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ने जांच के आदेश दिए हैं।

नियम है कि अगर किसी उपभोक्ता पर बकाया बिल है तो उसे या उसके परिवार के किसी भी सदस्य को नया कनेक्शन जारी करने से पहले पुराना बकाया बिल जमा करना होगा, लेकिन भुता सब स्टेशन पर नियमों को ताक पर रखकर 60-60 हजार से अधिक के दो बकायेदारों को कनेक्शन जारी कर दिए गए। जेई और संविदा स्टाफ पर पैसे लेकर कनेक्शन जारी करने का आरोप लगा रहा है। अधीक्षण अभियंता ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि अगर गलत तरीके से नए बिजली कनेक्शन जारी किए गए है तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सपा में अब पीडीए पौधरोपण पर रार, एक गुट असंतुष्ट

भोजीपुरा में सुल्तान बेग को जिम्मेदारी, विधायक शहजिल बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष से करेंगे शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बोर्ड संगठन के कार्यक्रम में नहीं पहुंच रहे नेता और जिम्मेदार पदाधिकारी

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी में पीडीए पौधरोपण पर अंदरुनी कलह सामने आ गई है। अपने विधानसभा क्षेत्र में मीरगंज के पूर्व विधायक को पीडीए पौधरोपण की जिम्मेदारी देने से भोजीपुरा विधायक का खेमा असंतुष्ट है। विधायक ने इसकी राष्ट्रीय अध्यक्ष से शिकायत करने की बात कही है। पूर्व विधायक का कहना है कि उन्होंने प्रदेश संगठन की ओर से दी जिम्मेदारी का पालन किया है।

लोकसभा चुनाव से पहले सपा में हावी गुटबाजी अब भी कम नहीं हुई है। पार्टी ने जिलास्तर पर सोमवार से पीडीए पौधरोपण शुरू किया है। इसमें भी गुटबाजी सामने आ गई है। सोमवार को शहर के लोहिया पार्क में पौधरोपण के लिए जिला और महानगर के पदाधिकारियों को आना था। जिलाध्यक्ष को देर हुई तो उनकी गैरमौजूदगी में जिला महासचिव ने ही पौधरोपण कर दिया। भोजीपुरा में विधायक शहजिल इस्लाम ने आम के बाग में केक काटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया और पौधरोपण किया। चर्चा है कि यहां तमाम कार्यकर्ताओं को आम पार्टी बताकर बुलाया गया था। मंगलवार को तय कार्यक्रम के तहत भोजीपुरा में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया तो इसकी जिम्मेदारी शहजिल के बजाय मीरगंज के पूर्व विधायक सुल्तान बेग को दी गई। उन्होंने शेरगढ़ में मुजम्मिल खां के आवास के बाहर पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र यादव, सूरज यादव, अशोक यादव, असलम खां समेत कई पदाधिकारियों की मौजूदगी में पौधरोपण किया। यहां जिलाध्यक्ष और महासचिव नहीं पहुंचे।

> पार्टी के लोग मदरसे में पौधरोपण करने गए थे जहां से भगा दिये गए हमें कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन कहां क्या कर रहा है। हमारे विधानसभा क्षेत्र में पार्टी ने किसी दूसरे नेता को जिम्मेदारी दी है, इसकी जानकारी हमें नहीं है। यदि ऐसा है तो इसकी शिकायत राष्ट्रीय अध्यक्ष से करेंगे। चुनाव में मेहनत की है। पार्टी को जिताया है। – **शहजिल इस्लाम**, विधायक भोजीपुरा

सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने शहर में कई स्थानों पर किया पौधरोपण

धोपा मंदिर के पार्क में पौधरोपण के दौरान मौजूद सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

बरेली, अमृत विचार : सपा के प्रदेश महासचिव अता-उर-रहमान ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए सारे सपाई एकजुट होकर आगे आएं और अधिक से अधिक पौधे लगा कर अपना योगदान दें। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर तरह-तरह के पौधे लगाए। हार्टमैन कॉलेज के पास रामलीला मैदान में गोविंद सैनी द्वारा, शास्त्री नगर में पार्षद गौरव सक्सेना और धोपा मंदिर के पार्क में समर्थ मिश्रा द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन भी शामिल हुईं। इस दौरान शेर सिंह गंगवार, रविंद्र यादव, दीपक शर्मा, सुरेंद्र सोनकर, अशोक यादव, नरेश पाल, हसीब खान, सूरज यादव, महेश यादव, अमन मिश्रा, धीरज, दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

> प्रदेश स्तर पर तय कार्यक्रम में मंगलवार को पौधरोपण किया। मदरसे में पौधरोपण करने के बजाए दूसरी जगह पौधे रोपे गए हैं। प्रदेश स्तर से हमें भोजीपुरा क्षेत्र की जिम्मेदारी कुछ सोचकर ही सौंपी गई होगी। मैंने संगठन के आदेश का पालन किया है। विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ पर पौधरोपण कराया जाएगा।
> – **सुल्तान बेग**, पूर्व विधायक मीरगंज

> एक परिचित के अंतिम संस्कार में शामिल होने गया था, इसलिए शेरगढ़ नहीं जा पाया। दोपहर एक बजे के बाद हर कार्यक्रम में उपस्थित हुआ हूं। सोमवार को आंवला में पौधरोपण कार्यक्रम में देर होने से लोहिया पार्क आने में देर हुई थी। आने के बाद मैंने भी पौधरोपण किया था। पार्टी के सभी लोग गए थे।
> – **शिवचरन कश्यप**, जिलाध्यक्ष सपा

मंडल में सहकारी समितियों की ऋण वसूली सात फीसदी बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पिछले साल 1496 करोड़ का ऋण सहकारी बैंक ने बांटा था किसानों को

अमृत विचार : मंडल में साधन सहकारी समितियों ने 2022-23 में किसानों से 66 फीसदी ऋण वसूली की थी, इस बार यह आंकड़ा सात फीसदी बढ़ गया है। मंडल के 90 हजार 424 किसानों को जिला सहकारी बैंक ने 1496 करोड़ का ऋण दिया था। इसमें जुलाई 23 से जून 24 के बीच 1096 करोड़ वसूल कर लिए गए हैं जो 73 फीसदी है।

साधन सहकारी समितियों के जरिए बैंक किसानों को 10 फीसदी ब्याज पर साल में दो बार लोन देते हैं। संयुक्त निबंधक सहकारिता राजेश कुमार के अनुसार एक जुलाई 2023 से 30 जून 2024 तक मंडल में वसूली बढ़ी है। सबसे ज्यादा 86 फीसदी वसूली पीलीभीत में हुई है। यहां 519 करोड़ में से 446 करोड़ वसूल किए गए हैं। शाहजहांपुर में 422 करोड़ में 306 करोड़ वसूली के साथ यह आंकड़ा 72 फीसदी है। बरेली में 386 करोड़ में 263 करोड़ यानी 68 फीसदी वसूली हुई है। बदायूं में 167 करोड़ में 80 करोड़ यानी 48 फीसदी वसूली हुई है। 1 अप्रैल 24 से 30 जून 24 तक मंडल में 1220 करोड़ के ऋण वितरण का लक्ष्य था। जून तक 665 करोड़ का ऋण 90 हजार 203 किसानों को दिया गया जो लक्ष्य का 55 फीसदी है। शाहजहांपुर में सबसे ज्यादा 19 करोड़, बदायूं में 62.65 करोड़, पीलीभीत में 270 करोड़ रुपये का ऋण बांटा गया।

उन्होंने बताया कि मंडल में इस वर्ष 221 किसानों ने समितियों से ऋण नहीं लिया। वर्ष 2023 में जहां 90 हजार 424 किसानों ने ऋण लिया था। इस वर्ष यह संख्या 90203 है। इसमें बदायूं के 6143, बरेली के 19724, पीलीभीत के 40307 और शाहजहांपुर के 24029 किसान शामिल हैं।

सेहत सुधारने को अभियान चलाएगा स्वस्थ्य विभाग

बरेली, अमृत विचार : दमखोदा, फतेहगंज पश्चिमी और बहेड़ी ब्लॉकों में सेहत सुधारने को लेकर अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में सीडीओ से निर्देश मिलने के बाद अधिकारी तैयारी में जुट गए हैं।

नीति आयोग से आने वाले निदेशक मनीष कुमार विमल दमखोदा ब्लॉक में पांच जुलाई को अभियान की शुरुआत करेंगे। वह बुधवार की शाम को शहर पहुंच जाएंगे। सीडीओ जग प्रवेश ने बताया कि पहली तिमाही में प्रसव पूर्व देखभाल के लिए पंजीकृत गर्भवतियों के प्रतिशत में सुधार किया जाएगा। इसके अलावा मधुमेह से ग्रसित रोगियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जाएगी।

मंडल में 57 लाख मजदूर ई-श्रम योजना में पंजीकृत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उपश्रमायुक्त बोले- 60 साल की उम्र के बाद महीने में मिलेगी तीन हजार रुपये पेंशन

अमृत विचार : प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन (ई-श्रम) योजना के तहत मंडल में 57 लाख मजदूर पंजीकृत हुए हैं। योजना में रेहड़ी और फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले और रिक्शा चालक भी पंजीकृत हैं। इन सभी को 60 साल की उम्र पूरी होने पर तीन हजार रुपये महीना पेंशन मिलेगी। इसके लिए श्रमिक को कुछ प्रीमियम चुकाना होगा।

उप श्रमायुक्त डॉ. दिव्य प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को तीन हजार रुपये पेंशन देने की व्यवस्था सरकार ने की है। इसमें 18 से 40 साल आयु वर्ग के असंगठित वर्ग जैसे ठेला चलाने वाले, फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले, रेहड़ी लगाने वाले और रिक्शा चालक आदि लोग आते हैं। असंगठित क्षेत्र के ऐसे श्रमिक जिनका पीएफ या ईएसआई कटता है या वह आयकरदाता हैं तो वह योजना में आच्छादित नहीं होंगे। श्रमिक जितनी कम उम्र में योजना में शामिल होगा उसे उतना कम प्रीमियम देय होगा। प्रीमियम की राशि 50 से 200 रुपये तक है।

उन्होंने बताया कि मंडल में 57 लाख 46 हजार 721 श्रमिक योजना में पंजीकृत हो चुके हैं और प्रीमियम अदा कर रहे हैं। योजना में बरेली में सबसे ज्यादा 19 लाख 39 हजार 402 श्रमिक, शाहजहांपुर में 13 लाख 19 हजार 980, पीलीभीत में 10 लाख 5 हजार 285 और बदायूं में 14 लाख 2 हजार 54 श्रमिक पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि बाल श्रम उन्मूलन का अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को भी भोजीपुरा और नवाबगंज में कार्रवाई की गई। साप्ताहिक दुकान बंदी का भी सख्ती से पालन किया जा रहा है।

टिकट चेकिंग : 21 हजार से ज्यादा पर की कार्रवाई, सवा करोड़ रुपये वसूले

बरेली, अमृत विचार : गर्मी की छुट्टियों के दौरान रेल प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर खूब राजस्व वसूला। केवल बरेली जंक्शन के टिकट चेकिंग स्टाफ ने ट्रेनों में चलाए गए अभियान में लगभग सवा करोड़ रुपये की कमाई की। ट्रेनों में भीड़ की मारामारी के चलते यात्रियों ने खूब बिना टिकट व अनियमित टिकट के साथ यात्रा की। विभाग की ओर से 21 हजार से ज्यादा ऐसे यात्रियों पर कार्रवाई की गई। चेकिंग स्टाफ ने केवल जून में ही कार्रवाई करते हुए बिना टिकट व अनियमित टिकट के साथ चलने वाले यात्रियों से लगभग 60 लाख रुपये का जुर्माना वसूला है। 11 हजार से ज्यादा यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई कर यह रकम वसूली गई है। मई और जून मिलाकर 1.19 करोड़ रुपये बरेली जंक्शन के टिकट चेकिंग स्टाफ ने ट्रेनों में कार्रवाई कर वसूले हैं, जबकि अप्रैल में 52 लाख रुपये का रेल राजस्व 9 हजार 400 यात्रियों पर कार्रवाई कर वसूला गया। मार्च में चेकिंग स्टाफ ने करीब छह हजार मामलों में कार्रवाई कर 35 लाख रुपये के आसपास वसूले थे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIACCARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जांच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

जिले से छह एसडीओ समेत 21 जेई का तबादला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- किला सब स्टेशन के एसडीओ, जेई का स्थानांतरण क्षेत्र में बिजली संकट से जोड़कर देखा जा रहा
- पावर कारपोरेशन ने सोमवार रात जारी की सूची, कई एडीओ और जई लंबे समय से जमे थे

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने एक्सईएन के बाद लंबे समय से जमे एसडीओ और जेई के तबादले करने शुरू कर दिए हैं। जिले से छह एसडीओ और 21 जेई को दूसरे जिलों में भेजा गया है। आगे कर्मचारियों के भी तबादले होने की संभावना जताई जा रही है।

सोमवार रात जारी हुई तबादला सूची के अनुसार में किला सब स्टेशन के एसडीओ भगवान दास को लखनऊ भेजा गया है। यहां काफी दिनों से बिजली संकट बना हुआ है। कई बार लोग सब स्टेशन पर प्रदर्शन कर चुके हैं। उनकी तबादले को इसकी वजह बताया जा रहा है। हालांकि, अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। वहीं, यहां के जेई प्रदीप भारती को देवीपाटन भेजा गया है।

फतेहगंज पश्चिमी के एसडीओ अखिलेश यादव को लखनऊ, फतेहगंज पूर्वी के एसडीओ सतीश जायसवाल को सीतापुर, शहरी क्षेत्र में तैनात एसडीओ रियाजुद्दीन को अयोध्या भेजा गया है।

आंवला में तैनात एसडीओ सत्येन्द्र को भी जिले से बाहर भेजा गया है। जेई दीपक कुमार, धर्मेन्द्र कुमार को देवीपाटन, संत कुमार, राहुल श्रीवास्तव, सोमप्रकाश को सीतापुर भेजा गया है। जेई रामा शंकर, अश्विनी कुमार शर्मा, सुभाष कश्यप, रमेश चंद्रा, मनोज कुमार, सुशील यादव समेत 19 जेई को जिले से बाहर भेजा गया है। इनमें से कई एसडीओ और जेई लंबे समय से जिले में जमे हुए थे। फिलहाल, एक साथ इतने एसडीओ और जेई के तबादल से अफसर और कर्मियों में खलबली मची हुई है।

सार-संक्षेप

भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

बरेली, अमृत विचार : संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से हिंदुओं को लेकर दिए गए बयान पर भड़के भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला भी फूंका। मंगलवार को भाजपा युवा मोर्चा ब्रजक्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रुद्रलक्ष्मीकांत अवस्थी, जिलाध्यक्ष मुकेश राजपूत, महानगर अध्यक्ष अमन सक्सेना की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने चौकी चौराहा पर विरोध दर्ज कराया। कहा कि राहुल गांधी को हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। सुमित सैनी, राहुल गुप्ता, रजत भसीन, मुकुल अग्रवाल, द्रोणाचार्य, अमन, ऋषभ बेनीवाल, आशीष पांडेय, राजवीर मौर्य, नीतेश मौर्य, दीपक चौहान, ऋषभ शर्मा, मीडिया प्रभारी अखिल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

हिंदू समाज को हिंसक बताने पर राहुल का पुतला फूंका

बरेली, अमृत विचार : कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज को हिंसक बताए जाने के विरोध में मंगलवार की शाम नाथ नगरी सुरक्षा समूह ने शहीद चौक डीडी पुरम में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंका। समूह के प्रमुख दुर्गेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ता शहीद चौक पर इकट्ठा हुए। इस दौरान दुर्गेश गुप्ता ने कहा कि हिंदू समाज का अपमान सहन नहीं किया जाएगा। अगर शीघ्र ही राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली से शिकायत कर उनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। इस अवसर पर नितेश कपूर, रुद्रमणि सिंह, नरोत्तम दास, गोपाल शर्मा, रामकुमार, सतीश राजपूत, दीपक राजपूत, अरुण फौजी, परविंदर मौर्य, अजय यादव, कमलेश, आदित्य प्रकाश, मनीष चंडोक आदि उपस्थित रहे।

21.50 लाख पौधे रोपने के लिए मनरेगा की तैयारी पूरी

बरेली, अमृत विचार : इस बार जिले में 21.50 लाख पौधे रोपे जाएंगे। वन विभाग के साथ ही अन्य विभाग भी पौधे लगाएंगे। शासन से पौधरोपण के लिए 21 लाख 50 हजार गड्ढे खोदने का लक्ष्य मिला है। मनरेगा विभाग का दावा है कि लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत गड्ढों का खोदान पूरा करने के साथ ही पौधरोपण की तैयारी पूरी कर ली गई है। वन विभाग से पौध मिलते ही ग्राम पंचायतों, सार्वजनिक स्थलों, नदियों के किनारों के अलावा जो जमीन डीएम के निर्देश पर खाली कराई जा रही है, उस समेत अन्य स्थानों पर एक साथ पौधरोपण शुरू कर दिया जाएगा। डीसी मनरेगा हसीब अंसारी ने बताया कि डीएम के निर्देश पर जहां-जहां गड्ढे खोदे गए हैं, उनका मौके पर जाकर सत्यापन किया जा रहा है।

अब दिव्यांगों को कार्ड लेने नहीं आना पड़ेगा मंडल कार्यालय

- डीआरएम रेखा यादव के निर्देश पर सीनियर डीसीएम ने की पहल

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के स्टेशनों पर रेलवे रियायती कार्ड बनवाने के लिए अब दिव्यांगो को भटकना नहीं पड़ेगा। डीआरएम रेखा यादव के निर्देश पर सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने एक पहल की है, जिसके तहत फर्रुखाबाद, कन्नौज, कासगंज, हाथरस सिटी, बदायूं, काठगोदाम, पीलीभीत, काशीपुर और रुद्रपुर सिटी रेलवे स्टेशनों पर स्थानीय केंद्रों को आवेदनों की प्राप्ति व कार्ड वितरण के लिए नामित किया गया है।

दरअसल दिव्यांगों को रेलवे रियायती कार्ड, सीनियर डीसीएम कार्यालय इज्जतनगर मंडल से बनाए व जारी किए जाते हैं। इन्हें लेने के लिए उन्हें इज्जतनगर कार्यालय आना पड़ता है। ऐसे में कई बार उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ती है। अब इन स्टेशनों के मुख्य वाणिज्य निरीक्षकों, मुख्य वाणिज्य अधीक्षकों, वाणिज्य अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि दिव्यांगों के आवेदन मिलने के बाद रजिस्टर में अंकित करें और सूची बनाएं। उसके बाद उसे संबंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारी से सत्यापन के बाद मंडल वाणिज्य कार्यालय इज्जतनगर को भेज दें। मंडल कार्यालय से कार्ड बनने के बाद उसे संबंधित स्टेशन को भेज दिया जाएगा।

20 संवासिनियों की कराई जाएगी टीबी की जांच

बरेली, अमृत विचार : हरुनगला स्थित ममता आश्रय गृह में रह रही संवासिनियों में टीबी की आशंका को लेकर जांच करवाने के निर्देश दिए गए हैं। इस समय आश्रय गृह में 50 संवासिनियां रह रही हैं। उनकी जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सप्ताह में दो बार जाती है। तीन संवासिनियों का टीबी का उपचार चल रहा है। इसको देखते हुए स्वास्थ विभाग की टीम ने 20 और संवासिनियों की जांच कराने का परामर्श दिया है। आश्रय गृह के प्रबंधक नवीन जौहरी ने बताया कि कुछ समय पहले टेस्ट करवाया गया था, जिसमें तीन संवासिनियों में टीबी के लक्षण मिलने पर उनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के परामर्श पर 20 और संवासिनियों का टीबी का टेस्ट और एक्सरे करवाया जा रहा है। मंगलवार को एक प्रतिनिधि को अनुमति लेने के लिए भेजा गया।

एक नजर

ममता सिंह ने संभाला उप कुलसचिव का कार्यभार

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में उप कुलसचिव ममता सिंह ने मंगलवार को कार्यभार संभाल लिया। वह इससे पहले आगरा के विश्वविद्यालय में तैनात थीं। वहीं कुलसचिव आनंद कुमार मौर्य का शासन ने काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय में स्थानांतरण किया है।

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

बरेली, अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की तरफ से छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिए गए हैं। 10वीं कक्षा के छात्र 1 जुलाई से 20 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। वहीं वे छात्र, जिन्होंने 10वीं कक्षा पास कर ली है, वे 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

महंगाई की मार : टमाटर के रेट डबल, प्याज भी 30 से पहुंचा 50

तेज गर्मी से नष्ट हुई फसल, दूसरे जिलों से हो रही आवक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अप्रैल-मई में अधिक तापमान का प्रभाव खेतों में खड़ी फसल पर भी हुआ। तेज गर्मी के कारण सब्जियों की फसल भी अपेक्षित रूप से नहीं हो पाई। इसके चलते अब बाजार में मौजूद बाहर से मंगाई जा रही सब्जियों के दाम आम आदमी की पहुंच से बाहर हो रहे हैं। टमाटर के रेट जहां डबल हो गए हैं, वहीं धनिया के दाम मई-जून की अपेक्षा दोगुना से भी आगे निकल गए हैं।

मई से लेकर जुलाई तक सब्जियों के दामों में काफी अंतर आया है। मई-जून में प्याज जहां 30 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा था, वहीं जुलाई में इसके दाम 50 रुपये तक जा पहुंचे। 30 रुपये प्रति किलोग्राम बिकने वाला टमाटर अब 60 रुपये पर पहुंच गया है। हरा धनिया मई-जून में 80 रुपये प्रति किग्रा बिका, वहीं अब यह 150 रुपये प्रति किग्रा बिक रहा है। 30 रुपये किलो बिक रही हरी मिर्च इस समय 60 रुपये किलो बेची जा रही है। लौकी पिछले महीने तक 20 रुपये प्रति किग्रा पर थी, जो अब 30 रुपये प्रति किग्रा बिक रही है। 100 रुपये प्रति किलोग्राम वाला नींबू अब 120 रुपये प्रति किग्रा पर पहुंच गया है। सूखा लहसुन 200 रुपये से 240 रुपये के रेट पर पहुंच गया। बैंगन में 10 रुपये उछाल लेकर 40 रुपये किलो तथा कटहल 50 रुपये से बढ़ाकर अब 60 रुपये किलो पर बेचा जा रहा है।

महंगाई बढ़ने के बाद सब्जी दुकानदारों को भी ग्राहकों से करनी पड़ रही है मगजमारी।

फिलहाल नहीं दाम कम होने के आसार

आढ़तियों के अनुसार फिलहाल सब्जियों के दाम कम होने की संभावना नजर नहीं आ रही। मंडी के व्यापारी राकेश ने बताया कि गर्मी के कारण टमाटर की पौध खराब हो गई थी। बचे हुए पौधों को किसानों ने रोप दिया, लेकिन तापमान अधिक रहने से ये पौधे भी जिंदा नहीं रह पाए। एक माह पहले उन्होंने फसल को जोत दिया। लागत भी नहीं निकल सकी। किसान वेदपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने टमाटर की फसल की थी। गर्मी के कारण वह भी उचित उत्पादन नहीं ले पाए। 20 दिन पहले उन्होंने भी ट्रैक्टर से जोताई करा दी। किसान चंदन सिंह ने मिर्च और गोभी के अलावा कुछ अन्य फसलें भी की थीं। उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण पौधों पर मिर्च नहीं आईं। गोभी पीली पड़ गई। टिंडा, करेला, तोरई और लौकी की फसलें भी भीषण गर्मी के चलते खराब हो गईं। आईवीआरआई के बागवानी विशेषज्ञ डॉ. रंजीत सिंह ने बताया कि इस बार तापमान का असर सब्जियों पर भी अधिक रहा। इस कारण काफी फसल खराब हो गई है।

आलू के भी बढ़ सकते हैं दाम

कोल्ड स्टोर से आलू की कम निकासी होने की वजह से इसके भी भाव बढ़ने की संभावना है। किसानों और व्यापारियों का कहना है कि खराब मौसम और परिवहन की समस्या की वजह से आलू कोल्ड स्टोर से नहीं आ पा रहा है। दूसरी ओर जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक के अनुसार जिले में 7500 हेक्टेयर में आलू का 2.75 टन उत्पादन होता है। बरेली में करीब तीन हजार किसान आलू की खेती करते हैं। जिले में 29 कोल्ड स्टोरेज है, जिनकी भंडारण क्षमता 1.40 लाख टन है। इनमें 1.30 टन आलू भंडारण है। उन्होंने बताया कि किसानों को उम्मीद है कि देर से आलू को निकालने पर अच्छे दाम मिल सकते हैं। इससे आलू की निकासी नहीं हो पा रही है। हालांकि विभागीय स्तर पर किसानों को इसके प्रति जागरूक कर आलू की निकासी पर जोर दिया जा रहा है।

बारिश शुरू होते ही श्वानों में सक्रिय हुआ पार्वो वायरस

बरेली, अमृत विचार : बारिश के साथ ही श्वानों यानी कुत्तों में पार्वो वायरस का संक्रमण बढ़ने लगा है। आइवीआरआई के आरवीसी के अनुसार वर्तमान में यहां पर हर सप्ताह इस वायरस से संक्रमित 3 से 5 श्वानों का इलाज किया जा रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस वायरस का अधिक संक्रमण मृत्यु दर को बढ़ा सकता है, जो श्वानों और उनके पालकों के लिए चिंता का विषय है। ऐसे में उनके पालकों को नियमित रूप से इन श्वानों की देखभाल करने की जरूरत है। आइवीआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत पावड़े ने बताया कि यह एक गंभीर और संभावित जानलेवा संक्रामक वायरस है।

सार-संक्षेप

पौधे लगाकर लोगों को जागरूक भी किया

बरेली, अमृत विचार : मानव सेवा क्लब की ओर से मंगलवार को सीआई पार्क में पौधरोपण और पौधा वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने विभिन्न किस्मों के 50 से भी ज्यादा पौधे पार्क के सामने मैकेनियर रोड के डिवाइडर पर रोपे। मुख्य अतिथि लाल बहादुर शास्त्री इंस्टीट्यूट के पूर्व डायरेक्टर प्रो. राजेंद्र भारती ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू सिन्हा और संयोजक इंजी. एएल गुप्ता ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए एकमात्र उपाय है कि ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण हो। कुसुम गुप्ता ने 100 से ज्यादा लोगों को पौधे वितरित किए। कार्यवाहक महासचिव मुकेश सक्सेना, चित्रा जौहरी, अविनाश सक्सेना, स्वाति, प्रज्ञा, शचींद्र सक्सेना, गंगाराम पाल, अखिलेश कुमार, प्रीति सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

101 साल पूरे होने पर किया पौधरोपण

बरेली, अमृत विचार : इनरव्हील क्लब बरेली साउथ ने अपने सत्र के शुरू होने और इनरव्हील इंटरनेशनल के 101 साल पूरे होने पर 101 हर्बल व अन्य पौधों का रोपण किया। इसके साथ ही वृक्षों की देखभाल का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंट डे के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह भी रखा गया। इस दौरान मनीषा मेहरा, श्वेता, निधि, रुचि, सीमा, भावना, कमल, नीना, बीना खंडेलवाल, रति गुप्ता, इंदू सेठी, नीलू मेहरोत्रा आदि उपस्थित रहीं।

वन महोत्सव : अलग-अलग रेंज में किया पौधरोपण

बरेली, अमृत विचार : वन विभाग ने वन महोत्सव के तहत अलग-अलग रेंज में पौधरोपण किया। मंगलवार को फरीदपुर रेंज में बरेली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, विधायक डॉ. श्याम बिहारी ने पौधरोपण किया। एसडीएम निधि डोंडवाल, रेंजर ऋषि कुमार आदि मौजूद रहे। बहेड़ी, नवाबगंज और आंवला रेंज में भी पौधरोपण किया गया।

पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता लगाएगा पौधा : देवेंद्र

बरेली, अमृत विचार : भाजपा के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मंगलवार को जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा ने मीरगंज ब्लाक परिसर, शेरगढ़ के मानपुर में, देवरनिया में सेमीखेड़ा शिवमंदिर में आम, पीपल, लीची, पाकड़, बरगद नीम के पौधे रोपे। इस दौरान उन्होंने लोगों को पौधरोपण के प्रति जागरूक किया। जिला प्रभारी ने कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पौधा लगाएगा और देखभाल की जिम्मेदारी भी लेगा। वीरपाल गंगवार, सोमपाल शर्मा, राहुल साहू, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण, मंडल अध्यक्ष तेजपाल, वीरपाल सिंह, छेदा लाल, बुद्धसेन मौर्य आदि मौजूद रहे।

आहार प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने बनाए लजीज व्यंजन

बरेली, अमृत विचार : केशलता कॉलेज/स्कूल ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा मंगलवार को पौष्टिक आहार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए। इसके साथ ही अलग-अलग बीमारियों में उपयोग होने वाले व्यंजनों की जानकारी देते हुए उनके लाभ भी बताए। जज की भूमिका में उप प्राचार्य डॉ. अनीता गोटलिव व अनुप्रिया लायल रहीं। इस दौरान राजदा व उनकी टीम प्रथम रही। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, डॉ. लता अग्रवाल और गोपाल अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र खंडेलवाल, प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मनोहरम बी, डॉ. अरविंद जांगिड़, डॉ. ऋषभ कुमार, नितिन सहाय, पवन कुमार, कनक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

राइफल क्लब में शूटिंग कोच नियुक्त कर नए हथियार खरीदने का फैसला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिले में खेल के रूप में शूटिंग को बढ़ावा देने की तैयारी जिला प्रशासन की ओर से शुरू कर दी गई है। इस संबंध में मंगलवार को डीएम रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में राइफल क्लब प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई, जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया राइफल क्लब में शूटिंग कोच की नियुक्ति की जाएगी और नए शस्त्र खरीदे जाएंगे।

जिलाधिकारी के कैंप कार्यालय पर हुई बैठक में सदस्यों ने कहा कि कोच की नियुक्ति होने के बाद शूटिंग सीखने वाले बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा। वे विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व कर नाम रोशन कर सकेंगे। बैठक के दौरान खुली निविदा से पांच उच्च गुणवत्ता के पांच शस्त्रों के खरीदे जाने का फैसला लिया गया, जिसमें दो एयर राइफल, दो एयर पिस्टल और एक 22 बोर शामिल है। अध्यक्ष डीएम ने सभी शस्त्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निर्धारित करने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अलावा बैठक में शस्त्र लाइसेंस धारकों का पांच वर्ष का शुल्क 500 रुपये करने, राइफल क्लब का इनकम टैक्स रिटर्न भरने का भी निर्णय लिया गया है। क्लब के महासचिव/ नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, सचिव डॉ. केबी त्रिपाठी, क्रीड़ा सचिव कमल सेन, उपाध्यक्ष दमन सिंह, आय व्यय निरीक्षक कर्नल पुरुषोत्तम सिंह, संरक्षक एवं कोच आदेश कुमार दीक्षित, महिपाल सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

राइफल क्लब प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक में मौजूद डीएम रविंद्र कुमार।

- **डीएम की अध्यक्षता में राइफल क्लब की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिया गया फैसला**

अग्रसेन कॉलेज में नए विद्यार्थियों का किया स्वागत

बरेली, अमृत विचार : महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में सत्र 2024-25 की कक्षाएं सोमवार से आरंभ हो गईं। इस दौरान नए छात्र-छात्राओं का स्वागत करने के साथ ही उनका सभी विभागों व शिक्षकों से परिचय कराया गया। शिक्षा समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने महाविद्यालय में प्रवेश पर उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान चीफ प्रॉक्टर डॉ. विपुल कुमार मेहरोत्रा, डीन मंयक शर्मा, महामंत्री शशिभूषण अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, डॉ. केके अग्रवाल, डॉ. नीतू, डॉ. केके मेहरोत्रा, शोभित अग्रवाल, डॉ. रंजना जायसवाल, डॉ. सोनल अग्रवाल, संचित कक्कड़ आदि उपस्थित रहे।

बीएससी और एमएससी नर्सिंग के परीक्षा फॉर्म 5 से भरे जाएंगे

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। फॉर्म 5 जुलाई से विश्वविद्यालय के पोर्टल पर भरे जाएंगे।

कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक बीएससी नर्सिंग प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की मुख्य और पूरक परीक्षा, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग प्रथम और द्वितीय वर्ष की पूरक परीक्षा, एमएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष (बैच 2020) की पूरक परीक्षा, बीएससी पैरामेडिकल प्रथम, तृतीय और चतुर्थ वर्ष (बैच 2019 एवं 2020) की मुख्य और पूरक परीक्षा, एमएससी पैरामेडिकल चतुर्थ सेमेस्टर (बैच 2020) और एमएससी बायोटेक्नोलॉजी तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (सत्र 2021-22 और 2022-23), बीडीएस तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष (बैच 2019, 2020) की मुख्य और पूरक परीक्षा वर्ष 2024 के परीक्षा फार्म 5 से 13 जुलाई तक भरे जाएंगे।

अब एमएसडब्ल्यू की प्रयोगात्मक परीक्षा 10 तक

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमएसडब्ल्यू की सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा की तिथि बढ़ा दी है। अब महाविद्यालयों को 10 जुलाई तक परीक्षा करानी होगी।

बीएससी, एमएससी कृषि की प्रयोगात्मक परीक्षा 10 तक

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी और एमएससी कृषि की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई कर दी है। कुलसचिव ने महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि बीएससी कृषि/ आनर्स कृषि और एमएससी कृषि की विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और मिड टर्म परीक्षा 10 जुलाई तक करा लें, इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

नैक की तैयारी : आईवीआरआई ने विशेष समिति का किया गठन

बरेली, अमृत विचार : आइवीआरआई, नैक यानी नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिएशन काउंसिल से सर्टिफिकेशन प्राप्त करने की तैयारी में जुटा हुआ है। इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रबंधन द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसको लेकर संस्थान के प्रबंधन ने नैक सर्टिफिकेशन के लिए एक विशेष समिति का गठन किया है, जो इस प्रक्रिया की निगरानी के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान करेगी।

निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि इस समिति का मुख्य उद्देश्य संस्थान की शैक्षणिक और प्रशासनिक गुणवत्ता को और अधिक उन्नत करना है। प्रबंधन ने संस्थान के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर विभिन्न पहलुओं पर काम शुरू कर दिया है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, पाठ्यक्रम, अध्यापन की गुणवत्ता, अनुसंधान और छात्र समर्थन सेवाएं शामिल हैं। आइवीआरआई में यूजी, पीजी और पीएचडी के पाठ्यक्रमों को और अधिक सुसंगठित और उन्नत बनाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं।

- **यूजी-पीजी और पीएचडी को और भी उन्नत बनाने के हो रहे प्रयास**

पौधरोपण के लिए चिह्नित किए 341 स्थल

बरेली, अमृत विचार : जिले में बड़े पैमाने पर पौधरोपण कराने के लिए प्रशासन की ओर से तैयारी कर ली गई है। एसडीएम ने तहसीलवार नदियों के किनारे पौधे रोपने के लिए 341 स्थलों का चयन किया है। वहां पर डेढ़ लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे।

बरेली में 49 स्थलों पर 50.29 हेक्टेयर में 34700, बहेड़ी में 101 स्थलों पर 25.64 हेक्टेयर में 57890, आंवला में 12 स्थानों पर 7.643 हेक्टेयर में 7655 पौधे लगाने का लक्ष्य है। फरीदपुर में 10855, नवाबगंज में 23650, मीरगंज में 22267 पौधे रोपे जाएंगे।

10 साल से छात्रावास को नहीं मिला बजट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नावल्टी चौराहे के पास राजकीय संकेत विद्यालय परिसर स्थित अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की छात्राओं की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच पूरी हो चुकी है। कमेटी की ओर से दी गई रिपोर्ट में छात्राओं के कई आरोप सही पाए गए हैं, जबकि कुछ बातें निराधार साबित हुई हैं।

रिपोर्ट के अनुसार करीब दस साल से छात्रावास को बजट नहीं मिला है, जिससे समस्याएं बढ़ी हैं। अधीक्षिका ने भी बयान में निदेशालय से मिलने वाले बजट से समय-समय पर कार्य कराने की बात कही है।

- **जांच में खराब हालत में पाई गई छात्रावास की बिल्डिंग**
- **छात्राओं के कुछ आरोप सही तो कुछ निराधार पाए गए**

दरअसल, अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की करीब 27 छात्राओं ने कई गंभीर आरोप लगाए थे। एडीएम प्रशासन ने एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर जांच कराई थी। टीम की ओर से पिछले दिनों रिपोर्ट सौंपी गई थी, जिसमें बताया गया कि पानी की व्यवस्था के लिए वर्ष 2022 में कार्मिशयल आरओ लगवाया गया था, लेकिन बेहतर रख रखाव नहीं होने से आरओ खराब हो चुका है। छात्रावास की बिल्डिंग खराब है। छतों से रिसाव हो रहा है। बाथरूम और बाथरूम के गेट टूटे हुए हैं। आलमारियां भी टूटी हैं। सीलन है। फर्नीचर की व्यवस्था नहीं है। अधीक्षिका ने इस संबंध में कहा है कि छात्रावास की मरम्मत के लिए अधिशासी अभियंता यूपी स्टेट कान्सट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के माध्यम से एस्टीमेट मुख्यालय को भेजा जा चुका है। 22 मई को दोबारा से एस्टीमेट तैयार कराने के लिए कहा गया है।अब जांच रिपोर्ट का अवलोकन कर मामले में क्या कार्रवाई करनी है, इसका निर्णय एडीएम प्रशासन की ओर से लिया जाएगा।

अभियोजन कार्यालय में मौजूद एडीजी जोन रमित शर्मा। अमृत विचार

कॉलेजों में कार्यशाला आयोजित कर दी जाए नए कानूनों की जानकारी

बरेली, अमृत विचार : एडीजी जोन रमित शर्मा ने मंगलवार को संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस आम जनमानस के बीच और कॉलेजों में नए कानूनों पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कराए ताकि लोग इनके विषय में जागरूक हो सकें। उन्होंने नवीन लागू कानून के अंतर्गत दर्ज मुकदमों में प्रभावी पैरवी करने को लेकर निर्देश दिए। नए कानून के अंतर्गत उच्च कोटि की विवेचना व साक्ष्य संकलन में क्या मानक हों, इस पर भी अभियोजन अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही एडीजी ने तीनों नवीन कानूनों के साथ-साथ गंभीर अपराधों के लंबित मुकदमों, महिलाओं संबंधी अपराधों एवं गैंगस्टर एक्ट के लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए भी संबंधितों को निर्देशित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य भी मौजूद रहे। संयुक्त निदेशक अभियोजन अवधेश पाण्डेय व अन्य अभियोजन अधिकारियों ने दोनों अधिकारियों का पुष्प देकर स्वागत किया।

गांव में रैली निकाल कर किया जागरूक

बरेली, अमृत विचार : आलमपुर-जाफराबाद के पथरा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों ने मंगलवार को जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने लोगों को अपने बच्चों को स्कूल में न्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक सारिका सक्सेना ने बताया कि 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान के तहत आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर ड्रॉपआउट बच्चों को चिह्नित कर उनका दाखिला कराया जाएगा। इस अवसर पर चित्रकला, विज्ञान व गणित पर आधारित प्रतियोगिताएं भी कराई गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बरेली कॉलेज में ऑडिट टीम ने दो दिन की जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **अब टीम जल्द शासन को सौंपेगी जांच रिपोर्ट**

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में दो दिन ऑडिट टीम ने जांच की। इस दौरान वनस्पति विज्ञान विभाग और रसायन विज्ञान विभाग में भी जांच की गई। मंगलवार को टीम लौट गई। अब टीम शासन को रिपोर्ट सौंपेगी।

अगस्त में शासन में शिकायत की गई थी कि वनस्पति विज्ञान विभाग और रसायन विज्ञान विभाग में उपकरणों और केमिकल की खरीद में अनियमितताएं बरती गई थीं। इसके अलावा सरकारी आवासों के आवंटन समेत कई अनियमितताओं की शिकायत की गई थीं। शासन के निर्देश पर प्रयागराज से ऑडिट टीम सोमवार को बरेली कॉलेज पहुंची और दो दिन प्राचार्य कार्यालय में दस्तावेजों की जांच के साथ वनस्पति विज्ञान और रसायन विज्ञान विभाग में जांच की। मंगलवार को जांच पूरी होने के बाद टीम चली गई। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि वह अवकाश पर हैं। एक पुराने मामले की शिकायत की जांच के लिए टीम आई थी।

महिलाओं को दिया समूह संचालन का प्रशिक्षण

बरेली। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को समूह सखी का प्रशिक्षण साहूकारा स्थित अग्रवाल धर्मशाला में दिया गया। सात दिवसीय शिविर में महिलाओं को समूह संचालन, पैसे का हिसाब-किताब रखने के साथ ही बैठकों का ब्योरा रखने की जानकारी दी जा रही है।संस्था के जिला समन्वयक रोहित ने बताया कि आवासीय प्रशिक्षण में 30-30 महिलाओं के दो बैच चल रहे हैं। इस आवासीय ट्रेनिंग कैंप का समापन बुधवार को होगा।

स्वस्थ रहने के लिए सक्रिय जीवन शैली और पौष्टिक भोजन जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित जागरूकता सप्ताह में बोलीं कर्नल डॉ. गुंजन**
- **कैंसर से जुड़ी आपबीती सुनाई, चेयरमैन देव मूर्ति ने मुख्य अतिथि को किया सम्मानित**

अमृत विचार : जीवन में कोई भी मुश्किल चाहें वह बीमारी ही क्यों न हो, उससे निजात पाने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण बेहद आवश्यक है। इससे कुछ भी संभव है।

हां, स्वस्थ रहने के लिए सक्रिय जीवन शैली अपनानी जरूरी है, जिसमें एक्सरसाइज, मेडिटेशन, संतुलित और पौष्टिक भोजन हो। मंगलवार को यह बातें मुख्य अतिथि मिसेज इंडिया सब कांटिनेंटल 2024, नई दिल्ली स्थित आर्मी हास्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ कर्नल (डा.) गुंजन मल्होत्रा ने 23 वें स्थापना वर्ष पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता सप्ताह के दूसरे दिन कहीं। इस दौरान उन्होंने कैंसर होने, उपचार और स्वस्थ होने की आपबीती भी बताई।

इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने डा. गुंजन को कैंसर विजेता सर्टिफिकेट और स्मृति चिह्न प्रदान किया। डॉ. गुंजन ने बताया कि जब अप्रैल 2020 में मुझे ब्रेस्ट में गांठ का अनुभव हुआ और जांच में कैंसर की जानकारी हुई तब भी मैं इससे डरी नहीं। कैंसर का उपचार थोड़ा लंबा और दर्द भरा है, लेकिन इसका भी अंत है। कहा कि कैंसर पर जीत हासिल की और इसके बाद इसी वर्ष जनवरी में मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ.आरपी सिंह, डॉ. अमित सिंह, डॉ.सिद्धांत सिंह ने ब्रेस्ट कैंसर पर आयोजित पैनल डिस्कसन में हिस्सा लिया और सवालों के जवाब दिए। इसका संचालन आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. पीयूष कुमार ने किया।

कार्यक्रम में कर्नल डॉ. गुंजन को सम्मानित करते चेयरमैन देव मूर्ति।

अमृत विचार
सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807
पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity
Fast Appointment
for Maximum 25 Minute only
Offline, Online
Justdial
PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।
Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)
Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।
Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

मुठभेड़ में घायल हुए सुभाष समेत सात पर रिपोर्ट

सीबीगंज, अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर फायरिंग मामले में पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए सुभाष लोधी समेत सात लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर थाना पुलिस ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के अधिवक्ता भाई की तहरीर पर हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पूरन लाल लोधी के अधिवक्ता भाई मोहन स्वरूप लोधी निवासी अटरिया महेशपुर ने बताया कि आठ मई की रात वह भतीजे ओमप्रकाश के घर के दरवाजे पर खड़े थे। आरोप है कि इस दौरान उनके गांव के ही सुभाष लोधी, सोमेश, सोमपाल, शौकत अली, मोहम्मद अली, दीनानाथ और जुनैद गाली गलौज करने लगे। आरोपियों ने कहा कि वह कोर्ट में उनके खिलाफ लोगों की पैरवी करते हैं। अगर वे लोग जेल गए तो उन्हें जान से मार देंगे। आरोप है कि सुभाष लोधी ने उनपर तमंचे से फायर किया। इस दौरान वह बच गए, मगर छर्रे उनके भतीजे के हाथ में लगे, जिससे वह घायल हो गया।

अब निरस्त होंगे राजीव राणा और आदित्य के शस्त्र लाइसेंस

गोलीकांड मामले में डीएम ने एसएसपी से तलब की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : प्लॉट पर कब्जे के लिए पीलीभीत बाईपास पर गोलीबारी करने वाले सभी लोगों के असलहों के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। इसके लिए डीएम रविंद्र कुमार ने एसएसपी अनुराग आर्य से रिपोर्ट तलब की है। पुलिस ने यह रिपोर्ट तैयार करनी शुरू कर दी है।

पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए 22 जून को दोनों पक्षों के बीच 100 राउंड से ज्यादा गोलियां दागी गई थीं। इस मामले में शासन ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इनमें एक पक्ष राजीव राणा और दूसरा आदित्य उपाध्याय का था। राणा के पास राइफल है और आदित्य उपाध्याय के पास दोनाली बंदूक। राणा के गुर्गों ने तमंचों से फायरिंग की थी। राणा की राइफल और आदित्य की दोनाली बंदूक का लाइसेंस निरस्त करने के लिए डीएम ने एसएसपी से रिपोर्ट मांगी की है। दूसरे आरोपियों के पास लाइसेंसी शस्त्र हैं या नहीं इसकी भी पुलिस जांच कर रही है।

संजय राणा का अब तक नहीं लगा कोई सुराग

गोलीकांड के मुख्य आरोपियों में शामिल रहे राजीव राणा का भाई संजय राणा गोलीकांड के बाद फरार है। एसओजी समेत पुलिस की पांच टीमें उसकी तलाश कर रही है लेकिन गिरफ्तारी तो दूर, पुलिस उसके बारे में कोई खास जानकारी तक नहीं जुटा पाई है। लगातार दबिश देने का दावा जरूर किया जा रहा है। दूसरी तरफ केस में बाद में शामिल किए गए आरोपियों की भी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही हैं। पुलिस ने अभी तक कुल पांच कारें बरामद कर चुकी है।

पर्दे के पीछे रहे लोगों की बन रही रिपोर्ट

गोलीकांड के बाद खुफिया विभाग ने भी अपनी रिपोर्ट शासन और मुख्यालय भेजी थी। अब खुफिया विभाग अब तक हुई कार्रवाई के बारे में भी रिपोर्ट तैयार कर रहा है। इसमें उन आरोपियों का भी जिक्र होगा जिन्होंने इस घटना में पर्दे के पीछे रहकर भूमिका निभाई है। रिपोर्ट में पुलिस की तरफ से अब तक की गई कार्रवाई की भी जानकारी दी जाएगी।

- राणा पर है रायफल और आदित्य पर दोनाली बंदूक का लाइसेंस
- आदित्य ने लाइसेंसी दोनाली से ही खुलेआम चलाई थी गोलियां

कई नामजद और 150 के करीब अज्ञात पर एफआईआर है। घटना में अगर लाइसेंसी असलहों का दुरुपयोग हुआ है तो जांच रिपोर्ट के आधार पर शस्त्र निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। - **रविंद्र कुमार**, डीएम

बैंक की चीफ मैनेजर का पर्स लूटने वाले दबोचे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट के पास भारतीय स्टेट बैंक की चीफ मैनेजर नूपुर शर्मा का पर्स लूटने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने मंगलवार को दो अलग-अलग स्थानों से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

एसबीआई की मुख्य शाखा की चीफ मैनेजर नूपुर शर्मा का 28 जून की रात बाइक पर सवार तीन लुटेरों ने पर्स लूट लिया था। पुलिस के मुताबिक कोतवाली की टीम को सोमवार रात गश्त के दौरान पुलिस लाइन के सामने पुरानी रेलवे कालोनी के पास तीन बदमाश दिखे, जिन्होंने पुलिस को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में संजयनगर निवासी सोनू उर्फ डिल्ली के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके दो साथी फरार हो गए थे। देर रात डेंटल कॉलेज के पीछे फरार हुए दूसरे साथी कालीबाड़ी निवासी अमर सिंह को बारादरी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली मार कर गिरफ्तार कर लिया। उसके साथी बदायूं निवासी रॉबी यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

सिर कुचल कर दोस्त की कर चुका है हत्या

पुलिस ने जब सोनू उर्फ डिल्ली से पूछताछ की तो पता चला कि वह साल 2021 में अपने दोस्त की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर चुका है। इस मामले में वह जेल भी गया था। अब जमानत पर बाहर आया था। वह शराब का आदी है। नशे के लिए ही लूटपाट करता है।

आला हजरत एक्सप्रेस में यात्री ने दम तोड़ा

बरेली, अमृत विचार : आला हजरत एक्सप्रेस में सोमवार की रात एक यात्री की तबियत बिगड़ गई। ट्रेन के बरेली जंक्शन आने पर मेडिकल टीम ने चेकअप किया तो यात्री की मौत हो चुकी थी। ट्रेन के एस-10 कोच में बर्थ संख्या 58 व 59 पर स्वामी नाथ साहनी निवासी नरेहनी त्रिकुटिया, थाना सिकंदरपुर, जिला बलिया (46 वर्ष) अपने भाई के साथ सफर कर रहे थे। स्वामी नाथ गुजरात के गांधीधाम में किसी वाहन पर ड्राइवर थे। वह काफी समय से बीमार थे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

सार-संक्षेप

बेटे पर लाठी से हमला कर किया घायल

बरेली, अमृत विचार : पिता ने नशे में बेटे पर लाठी से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पत्नी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ कैंट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कैंट के सदर बाजार निवासिनी अनीता ने बताया कि एक जुलाई को उसका पति किशोर सुबह साढ़े आठ बजे नशे में घर आया और गाली गलौज करने लगा। बेटे कुलदीप ने विरोध किया तो उस पर हमला कर दिया।

सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

बरेली, अमृत विचार : किशोरी को बहलाकर ले जाने के बाद सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपी सिरौली ग्राम बड़ा गांव गुलड़िया निवासी लालाराम की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कुमार मंयक ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा के अनुसार पीड़िता के पिता ने थाना फरीदपुर में तहरीर देकर बताया कि 11 मार्च की शाम 6 बजे पुत्री को महेन्द्रपाल बहलाकर ले गया है। महेंद्रपाल का दोस्त लाला बाइक लेकर आया था। पीड़िता ने बयान में बताया कि उसके घर दो लड़के आए। दोनों उसे साथ ले गए। उसे अपने खेत पर रखा। महेन्द्र और लाला ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी।

यूपी में कोई संस्था नहीं करा रही धर्मांतरण

बरेली, अमृत विचार : धर्मांतरण पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी पर आल इंडिया मुस्लिम जमात के मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने प्रतिक्रिया जताते हुए कहा है कि यूपी में कोई भी अल्पसंख्यक संस्था धर्मांतरण नहीं करा रही है, न धर्मांतरण के लिए लोगों को प्रलोभन दे रही है। यूपी में पहले से धर्मांतरण के खिलाफ कानून बना हुआ है जिसकी सख्त धाराएं हैं। अगर कोई धर्मांतरण कराएगा तो सलाखों के पीछे चला जाएगा। मौलाना ने कहा कि संविधान ने स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन की इजाजत दी है लेकिन इसके लिए डराना-धमकाना या लालच देना संविधान के विरुद्ध है, इस्लाम भी यही शिक्षा देता है। पैगंबर-ए-इस्लाम ने पूरी जिंदगी में किसी को लालच देकर या डराकर धर्मांतरण नहीं कराया बल्कि हमेशा अच्छाई को अपनाने और बुराई से दूर रहने की शिक्षा दी। इस्लाम के प्रचार प्रसार के लिए लालच नहीं दिया जाता है।

दुष्कर्म के आरोपी की जमानत कोर्ट ने की मंजूर

बरेली, अमृत विचार : किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी बारादरी जगतपुर गौटिया निवासी अशरफ उर्फ शाहरूख की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने मंजूर कर ली है। आरोपी के वकील अमजद सलीम ने तर्क दिया कि वह निर्दोष है उसे रंजिशन फंसा दिया गया है। एफआईआर पीड़िता के सौतेले भाई ने बिना मां की जानकारी के दर्ज करा दी। पीड़िता ने बयान में घटना का समर्थन नहीं किया है। अभियोजन कथानक के अनुसार थाना सुभाषनगर में पीड़िता के भाई ने तहरीर देकर बताया कि 18 अप्रैल को उसकी नाबालिग बहन को अशरफ बहलाकर ले गया। अशरफ से फोन पर जब बात की तो उसने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बयान में मर्जी से निकाह करने पर पति-पत्नी बतौर रहने की बात कबूली। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी।

पत्नी की हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

विधि संवाददाता, बरेली : सरकारी वकील स्वतंत्र पाठक के अनुसार फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला नौगवां निवासी राममूर्तिलाल ने 10 जून 2023 को थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर बताया कि पुत्री पूजा ने करीब 12 वर्ष पूर्व अपनी मर्जी से कृष्णपाल से शादी की थी। कृष्णपाल पूजा के अवैध संबंध मुन्ने से होने का शक करता था। 10 जून 2023 को वह बेटे गुलशन सागर के साथ कृष्णपाल के घर गए और उसे समझाया। उनके सामने ही कृष्णपाल ने उससे मारपीट शुरू कर दी। उसके पीछे तमंचा लेकर भागा और घर के बाहर प्लाट में पूजा को गोली मार दी। पूजा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त काफी लोग घरों से बाहर आ गए। मुन्ने भी आ गया। कृष्णपाल ने तमंचे से मुन्ने को भी गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने हत्या, हत्या का प्रयास, धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

लेखपाल और सहयोगी की जमानत नामंजूर

विधि संवाददाता, बरेली : खनन विभाग की अनुमति के बाद भी किसान से अपने खेत से मिट्टी उठाने के एवज में 5 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोपी पीलीभीत बीसलपुर के लेखपाल संजीव कुमार और उसके सहयोगी पीलीभीत ग्राम मवैया निवासी अर्जुन की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी। सरकारी वकील अवधेश शर्मा के अनुसार शिकायतकर्ता पीलीभीत के बीसलपुर निवासी प्रानसुख ने पुलिस उपाधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीसलपुर पीलीभीत मार्ग के चौड़ीकरण के कारण कई किसानों के मकान अतिक्रमण में हटा दिए गए। उन्होंने मकान बनाने के लिए अपनी ही दूसरी जमीन से मिट्टी भराव के लिए खनन को भू-तत्व एवं खनिकर्म निदेशालय लखनऊ के जरिए आनलाइन अनुमति ली थी। इसके बाद भी 22 मई को जब खेत पर मिट्टी उठाने गया तो पीलीभीत बीसलपुर के क्षेत्रीय लेखपाल संजीव कुमार ने रिश्वत की मांग करते हुए मिट्टी उठाने से मना कर दिया। खनन के मुकदमे में फंसाने और ट्रैक्टर ट्राली सीज करने की धमकी दी।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 07 जुलाई 2024, रविवार
21 जुलाई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
7837069463
7599211076

प्रेम विवाह के दो साल बाद फंदे से लटका मिला महिला का शव

फॉरेंसिक टीम ने मुआयना कर घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : प्रेम विवाह के दो साल बाद महिला का शव संदिग्ध अवस्था में पंखे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए।

आंवला के नगरिया देहजब्ती निवासी सूरजपाल ने बताया कि उसके दो बेटे हैं। छोटे बेटे अमरसिंह ने दो साल पहले दिल्ली में प्रेम विवाह किया था, वह गुजरात में काम करता है। उसकी पत्नी उमा उर्फ पूजा (25) गांव में रहती है। कुछ माह पहले उसने एक बेटी को जन्म दिया था, जिसकी मौत हो गई। मंगलवार को अमरसिंह घर आने को था, जिसका परिजन इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सोमवार को उसका बड़ा बेटा तेजपाल, उसकी पत्नी गीता और बच्चे सुमित सालिनी ढकपुरा लभारी में एक शादी में गए थे। घर पर वह उसकी पत्नी रोशन देवी और बहू पूजा थी। पत्नी की तबीयत खराब होने पर वह बहू से खिचड़ी बनाने की कहकर रामनगला में दवा दिलाने चला गया। करीब 1:30 बजे वापस लौटने पर पूजा का कमरा बंद था। उसने कई बार आवाज दीं। परंतु अंदर से कोई आवाज नहीं आई। उसने मोहल्ले के अन्य लोगों को बुलाकर कमरे की छत की टीन हटाकर देखा तो पूजा का शव साड़ी से पंखे पर लटका हुआ मिला।

घटनास्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

मृतका की हथेली पर लिखा था लव यू अमर सिंह

पूजा का शव जब पुलिसकर्मियों ने उतारा तो उसकी सीधी हथेली पर लव यू अमर सिंह लिखा था, परिजनों ने बताया कि उन्हें उसके लेफ्ट अथवा राइट हैंड से लिखने की जानकारी नहीं है। पूजा के पास मोबाइल था, पुलिस ने कमरे की छानबीन की तो वह नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया कि अमरसिंह का परिवार दिल्ली में रहकर काम करता था। वहां की पूजा से अमरसिंह को प्यार हो गया। दोनों ने दिल्ली में ही शादी कर ली। तीन साल पहले अमरसिंह परिवार के साथ गांव लौट आए। पत्नी को गांव में छोड़कर वह गुजरात में काम करने लगा। वह रिश्तेदारी में बुधवार को दावत में शामिल होने के लिए मंगलवार को आने वाला था। परंतु तब तक यह घटना हो गई।

घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। मृतका के पति के आने पर कुछ पता चलेगा। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर कार्रवाई की जाएगी।
– **वीरेश कुमार**, इंस्पेक्टर आंवला

औरैया में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

भोजीपुरा, अमृत विचार : औरैया में सोलर प्लांट पर मजदूरी करने गया युवक सड़क हादसे में घायल हो गया, परिजनों ने भोजीपुरा के निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव लखमपुर निवासी महेश पाल गांव के सात लोगों के साथ औरैया में 30 जून को एक सोलर प्लांट पर मजदूरी करने गया था। प्लांट तक जाने के लिए यह लोग पिकअप से जा रहे थे। महेश पाल और सूर्य प्रकाश पिकअप की छत पर बैठे थे, झटका लगने से दोनों गिर गए जिसमें महेश पाल (19) गंभीर रूप से घायल हो गया था। साथियों ने भोजीपुरा के निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। मंगलवार सुबह महेश पाल की मौत हो गई।

जमीन के विवाद में पिता पुत्रों को पीटा, घायल

भमोरा, अमृत विचार : जमीन के विवाद में भाईयों ने युवक और उसके बेटे को पीट दिया, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। भमोरा के गांव कीरतपुर निवासी महेंद्र पाल ने बताया की वह बीस साल से फरीदपुर में रह रहा है, भमोरा के गांव जाकर जमीन की देखभाल करता है। मंगलवार सुबह बेटे कुलदीप और सूर्य प्रताप के साथ गांव पहुंचा तो देखा भाई हाकिम सिंह और रामनिवास उसकी जमीन पर निर्माण कर रहे थे, विरोध पर दोनों भाइयों ने बेटों के साथ उसे पीटना शुरू कर दी, जिससे महेंद्र पाल और कुलदीप घायल हो गए। पुलिस ने महेंद्र पाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घायल को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने महेंद्र पाल की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सार-संक्षेप

रैली निकालकर दिया स्कूल चलो अभियान का संदेश

देवरनियां, अमृत विचार : नगर पंचायत के कस्बा मुंडिया जागीर के जूनियर हाईस्कूल में मंगलवार को स्कूल चलो अभियान की सफलता को रैली निकाली गई। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार से परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन शुरू हो गया है। मंगलवार को जूनियर हाईस्कूल मुंडिया जागीर के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मो. हसन के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने रैली निकाली और लोगों से बच्चों का नामांकन कराने का संदेश दिया। इस दौरान शैली जौहरी, रचना सक्सेना, मिथलेश, सेवक, धर्मवीर समेत अन्य मौजूद रहे।

प्रधानों से गांवों को गंदगी मुक्त बनाने का आह्वान

शेरगढ़, अमृत विचार : एक जुलाई से आरंभ हुए संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता को ब्लॉक सभागार में जागरूकता बैठक हुई, जिसमें प्रधानों, पंचायत सहायकों, पंचायत सचिवों से स्वच्छता अभियान के माध्यम से गांवों को गंदगी मुक्त बनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए गांवों को गंदगी मुक्त करने का संकल्प लिया। मंगलवार को एडीओ पंचायत राजीव शर्मा की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार में आयोजित जागरूकता बैठक में डेंटिस्ट मयंक सागर ने जिम्मेदारों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान का हवाला देते हुए संक्रामक रोगों से बचाव के लिए गांवों को गंदगी मुक्त करने की अपील की। बैठक में बीएमसी योगेश शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा, तैयब अली खान, सचिन गंगवार, अमित कुमार, ममता, शाजिया खान, पूजा, निहारिका, पंचायत सचिव श्रीपाल गंगवार, संजीव सिंह आदि समेत लोग मौजूद रहे।

आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पांच पर रिपोर्ट

बहेड़ी, अमृत विचार : नगर पंचायत फरीदपुर के मोहल्ला महागीर वार्ड छह निवासी महिला ने गृह क्लेश से तंग आकर जहरीला पदार्थ खाकर दो दिन पहले खुदकुशी कर ली थी। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली। रजिया पुत्री मो. सगीर निवासी मोहल्ला हिसामुद्दीन कस्बा देवरनियां के भाई सलीम ने बताया कि उसकी बहन रजिया का निकाह फरीदपुर के मोहल्ला महागीर के रहने वाले इश्तियाक से 12 साल पहले हुआ था। आरोप है उसके ससुराल वाले कम दहेज का ताना देकर उसे प्रताड़ित करते थे। कई बार पंचायत हुई पर नतीजा कुछ नहीं निकला। आरोप है कि ससुराल वाले उसे आत्महत्या के लिए उकसाते थे। परेशान होकर उसने 30 जून को जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली।

शिवमंदिर के स्थापना दिवस पर हुआ रुद्राभिषेक

मीरगंज, अमृत विचार : धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड इकाई मीरगंज में मंगलवार को शिवमंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष में रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन एवं भंडारा हुआ। इस दौरान चीनी मिल के यूनिट हेड संजय कुमार श्रीवास्तव जजमान के रूप में शामिल हुए। पूजा समापन के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारे में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों व परिवार ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में प्रबंधक अरविंद गंगवार, रवि गुप्ता, आजाद सिंह, जय गोपाल चावला, सुमोध कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, नवीन श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, लोकेश दीक्षित, प्रमोद जोशी, अरविंद राठी समेत अन्य मौजूद रहे।

एक पेड़ मां के नाम वन महोत्सव में किया पौधरोपण

फरीदपुर, अमृत विचार : वन महोत्सव जन जागरण 2024 मिशन के तहत फरीदपुर में मंगलवार को पौधरोपण किया गया बरेली-रामपुर एमएलसी कुमार महाराज सिंह, विधायक डॉक्टर श्याम बिहारी लाल के साथ एसडीएम निधि डोडवाल, वन रेंजर ऋषि तोमर, मनोज कुमार आयुष गंगवार समेत अन्य ने पौधरोपण किया। एक पेड़ मां के नाम वन महोत्सव जन अभियान 1 से 7 जुलाई तक चलेगा, जिसमें हर नागरिक को एक पौधा लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

टेंपो पलटने से बच्चे समेत तीन लोग घायल

आंवला, अमृत विचार : आंवला मार्ग के सिकरोडा गांव की मोड़ के समीप एक टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, हादसे में बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा है। कुंवरगांव बदायूं के गांव कैली निवासी रामसहाय ने बताया कि सोमवार को उसका बेटा अशोक, पत्नी मिथलेश, डेढ़ वर्षीय बेटे आयुष के साथ आंवला के गांव तिगरखानपुर में साढ़ू बृजेश की बेटी की शादी में गया था। मंगलवार दोपहर वह टेंपो से लौट रहा था। आंवला बदायूं रोड के सिकरोडा गांव की मोड़ के समीप टेंपो चालक को दौड़ा पड़ गया, जिससे टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। टेंपो में बैठी 5 सवारियों में दो कूद गई, जबकि उसका बेटा, बहू और पोता घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला भेजा। जहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कार ने डनलप में मारी टक्कर भैंसों की मौत, चालक गंभीर

संवाददाता, मीरगंज

अमृत विचार : सिंधौली चौराहे पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार कार ने रेत से भरी डनलप को टक्कर मार दी, जिससे दो भैंसों की मौत हो गई, डनलप चालक घायल हो गया। उसे इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल भेजा।

मंगलवार सुबह यादराम निवासी ग्राम सिंधौली की गौटिया डनलप में रेत भरकर कस्बे जा रहे थे। उनके साथ एक अन्य डनलप भी था। उसरने रोड पार कर लिया। यादराम जैसे ही एक साइड की रोड पार की उसी दौरान हरियाणा नंबर की कार चालक ने डनलप में टक्कर मार दी, हादसे में डनलप में जुड़े भैंसों की मौत हो गई, जबकि यादराम गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया,

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

साथ ही परिजनों को सूचना दी। दोनों भैंसों को मृत देखकर यादराम का परिवार बदहवास हो गया। यादराम के भाई ने बताया कि भईया के रोजी रोटी का जरिया दोनों भैंसे ही थे। जिन्हें नब्बे हजार में खरीदा था। कार चालक हरियाणा से लखनऊ जा रहा था। जिसमे उसका एक साथी भी सवार था। गनीमत रही कि कार का एयरबैग भी खुल गया। जिससे चालक और अन्य साथी सवार के मामूली चोटें आई।

बिहार की महिला की फरीदपुर में सड़क हादसे में मौत

फरीदपुर अमृत विचार : धार्मिक स्थल पर साथियों के साथ जा रही महिला की सड़क पार करते समय वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिहार के जिला सिवान की रहने वाली मृतका निजी बस से अजमेर दरगाह जा रही थी, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बिहार के सिवान गांव हाकम निवासी अमीना खातून पत्नी मोहम्मद मुख्तार बस से अजमेर शरीफ जा रहे थी, मंगलवार सुबह 3:00 बजे फरीदपुर के हाईवे स्थित अमृतसर पंजाबी ढाबा पर बैठ गए इसी दौरान अमीना खातून (60) सड़क पार कर लघु शंका के लिए जा रही थी, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
● बी.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
● बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) ● एम.ए. (अंग्रेजी)
● एम.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● बी.कॉम. (ऑनर्स) ● एम.कॉम.
● बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) ● एम.बी.ए.
● बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

तालाब में मिला युवक का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

फरीदपुर, अमृत विचार : युवक का शव तालाब में मिलने से सनसनी फैल गई। फरीदपुर के थाना क्षेत्र की ग्राम नवादावन में अज्ञात व्यक्ति की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।

तेज रफ्तार बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : फतेहगंज पश्चिमी स्थित अगरास शंखा रोड पर दो बाइकों में टक्कर हो गई, जिसमें एक बाइक सवार दो लोग गंभीर घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, वहां एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मंगलवार दोपहर बाद बरेली निवासी करन सिंह बाइक से किसी काम से शाही जा रहे थे। अगरास शंखा रोड पर एक कॉलेज के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे शीशगढ़ निवासी बाइक सवार नजीमल्लाह से टकरा गए। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए।

लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष बने हिमांशु गौड़

बहेड़ी, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का चुनाव मंगलवार को संपन्न हो गया। हिमांशु गौड़ तहसील अध्यक्ष, अफरोज अहमद वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल कुमार सिंह कनिष्ठ उपाध्यक्ष, अंकित सक्सेना मंत्री, नौमी शर्मा कोषाध्यक्ष, संदीप उप मंत्री और मो. जीशान ऑडिटर निर्वाचित हुए। साथी लेखपालों ने विजेता पदाधिकारियों को बधाई दी।

गाली देने के विरोध पर शराबी पिता ने बेटे को पीटा

कैंट, अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के सदर बाजार निवासी अनीता पत्नी किशोर ने बताया कि सोमवार सुबह उनका पति दारू पीकर आया और घर में सभी को गाली देने लगा। छोटे बेटे कुलदीप ने विरोध किया तो लाठी- डंडों से पीटा। कहीं कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराने के बाद आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

घर में घुसकर जेठ ने की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

आंवला, अमृत विचार : महिला ने पति की गैरमौजूदगी में जेठ पर घर में घुसकर छेड़खानी करने और शिकायत करने पर डंडे से मारपीट का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि दो दिन पहले रात 11 बजे पति की गैर मौजूदगी में जेठ घर में घुस आया और उससे छेड़खानी की। शोर करने वह भाग गया। सोमवार सुबह 8 बजे वह जेठानी से शिकायत करने उसके घर गई, तो जेठ -जेठानी ने उसे पीटा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सीएम और पीएम पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार : भारतीय बजरंग दल ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, जिला महामंत्री दिलीप शर्मा, धर्मेन्द्र, संजीव, मुनेन्द्र की ओर से लिखाई रिपोर्ट में बताया गया कि कामिल अंसारी निवासी मोहल्ला बैंडेरा नई मस्जिद मनौना थाना आंवला आए दिन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करता है। जिससे हिंदू समाज व हिंदू संगठनों में रोष है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

मुंबई गया युवक लापता, परिजन परेशान

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के नई बस्ती पश्चिमी निवासी इकबाल हुसैन का पुत्र सद्दाम (28) पिछले पांच छह साल से मुंबई में रहकर मजदूरी कर रहा है। पिछले एक सप्ताह से उसका मोबाइल बंद आ रहा है, जिसकी वजह से उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। परिजनों ने बताया कि वह अपने मित्र के फोन से कई बार रुपये भी भेज चुका है, लेकिन उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। युवक के पिता ने किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

दुकान में रखी अलमारी से जेवर-नकदी चोरी

कैंट, अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के भौआपुर निवासी अब्दुल सरताज ने बताया कि उसकी मानपुर चिकटिया अड्डे पर कबाड़े की दुकान है। 29 जून को वह छोटे भाई जाबिर अली के साथ दुकान पर सो रहा था। सुबह उठकर देखा तो दुकान में रखी अलमारी टूटी हुई थी। रात में चोरों ने दुकान में घुसकर तिजोरी से 1 लाख 5 हजार की नकदी और जेवर समेत लाख की चोरी कर ली।

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपने पिता राजुद्दीन पुत्र अल्लादीन व माँ श्रीमती अफसरी पत्नी राजुद्दीन व भाई यामीन पुत्र राजुद्दीन व भाभी श्रीमती नूरजहाँ पत्नी यामीन से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उक्त लोगों से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **सलमान अली पुत्र श्री राजुद्दीन निवासी मो. गदरपुरा बिसौली जिला बदायूँ।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र रजत सिंह एवं पुत्रवधू नेहा पत्नी रजत सिंह (पुत्री देवेन्द्र कुमार राजपूत) को उनके दुर्व्यवहार एवं गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **श्रीमती सरला देवी पत्नी के.पी. सिंह एवं कृपाल सिंह पुत्र अनोखे लाल निवासीगण 209, माधोबाड़ी, थाना बारादरी, बरेली।**

सूचना
मैंने अपने पुत्र मो. आशिक व मो. आरिफ को उनके गलत चाल चलन व दुर्व्यवहार के कारण उनसे परेशान होकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **मो. करीम पुत्र अब्दुल करीम, निवासी-टांडा सादात, तह. नवाबगंज, जिला बरेली**

REQUIRED
1.Marketing Executive
for Printing & Advertising firm.
Own conveyance must.
Target based.
2. Manual Accounts Expert.
Salary negotiable
stxc@rediffmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सत्संग के बाद चीख चीत्कार, बिछीं लाशें

<< हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों से पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बातचीत करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

80 हजार लोगों के आने की प्रशासन ने दी थी अनुमति, पहुंचे 1.5 लाख अनुयायी

01:30 बजे दोपहर में सत्संग हुआ खत्म, कीचड़ के कारण हो रही थी फिसलन, भगदड़ में गिरे अनुयायी

भोले बाबा के दर्शन की होड़ और पैरों की धूल इकट्ठा करने में मची भगदड़

हाथरस/एटा। सत्संग में प्रवचनकर्ता भोले बाबा के दर्शन के लिए अनुयायियों में होड़ लग जाने और वहां की जमीन कीचड़ और फिसलन भरी होने से भगदड़ मची। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। सत्संग में शामिल होने के लिए अपने परिवार के साथ जयपुर से आई एक महिला ने एटा में पोस्टमार्टम हाउस पर बताया कि सत्संग के समापन के बाद लोग एकदम से बाहर निकलने लगे, जिससे भगदड़ मच गई। प्रत्यक्षदर्शी सोनू कुमार ने बताया, पानी की टंकियों और बारिश के पानी ने आस-पास की नालियों को भर दिया था, जिससे सतह फिसलन भरी हो गई थी। जब गुरु जी लगभग डेढ़ घंटे बाद वहां से निकले, तो भक्त उनके पीछे पैर छूने के लिए दौड़े। उनकी कार निकलने के बाद, भक्तों को जमीन पर झुकते देखा जा सकता था। जब लोग वापस लौटे तो फिसलन भरी जमीन के कारण वे एक-दूसरे पर गिर पड़े। वहां कम से कम 10,000 लोगों की भीड़ थी। सिकंदराराऊ के उप जिलाधिकारी रवेंद्र कुमार के अनुसार, भगदड़ तब हुई, जब श्रद्धालु सत्संग के अंत में भोले बाबा की एक झलक पाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वे बाबा के पैरों के आसपास की मिट्टी भी इकट्ठा करना चाहते थे।

संवाददाता, हाथरस

अमृत विचार: हाथरस जिले के गांव रतिभानपुर में मंगलवार को साकार हरि बाबा का एक दिवसीय सत्संग चल रहा था। वहां पर बच्चों के साथ महिलाएं और पुरुष बाबा का प्रवचन सुन रहे थे। लगभग पौने 2 बजे सत्संग खत्म हुआ, बाबा के अनुयायी बाहर सड़क की ओर जाने लगे।

बताया जा रहा है कि लगभग 1.5 लाख की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने जहां थे, वहीं रोक लिया। सेवादारों ने साकार हरि बाबा के काफिले को वहां से निकाला। उतनी देर तक वहां अनुयायी गर्मी और उमस में खड़े रहे। बाबा के काफिले के जाने के बाद जैसे ही सेवादारों ने अनुयायियों को जाने के लिए कहा, वहां भगदड़ की स्थिति बन गई। गर्मी, उमस और भीड़ में दम घुटने से अनुयायी वहीं पर बेहोश होकर गिर गए। बता दें कि प्रशासन द्वारा 80 हजार लोगों के आने की अनुमति दी थी, जबकि भीड़ लगभग डेढ़ के करीब पहुंची। हादसे में अब तक 116 लोगों की मौत होने की बात कही जा रही है। मरने और घायल होने वालों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है, साथ ही बच्चों के भी हताहत होने की जानकारी मिल रही है। हादसे के बाद घायलों को सिकंदराराऊ सीएचसी और एटा की ओर एम्बुलेंस से उपचार के लिए भेजा गया। रतिभानपुर में हुए हादसे के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है।

- **चश्मदीदों के मुताबिक, लोग एक-दूसरे को देख नहीं रहे थे, महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए**
- **एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए गए घायल, शवों का कराया जा रहा पोस्टमार्टम**

तीन किमी तक फैली थी वाहनों की संख्या

दरअसल, हर महीने की शुरुआत के पहले मंगलवार को भोले बाबा का सत्संग होता है। इस सत्संग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा सहित कई राज्यों के लोग आए थे। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वाहनों की संख्या तीन किलोमीटर तक फैली हुई थी।

इमरजेंसी से लेकर पोस्टमार्टम हाउस में स्टाफ को तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के अलग-अलग स्थानों से एम्बुलेंस को घटना स्थल के लिए भेजा गया है।

इस सत्संग में शामिल होने गए चश्मदीदों ने बताया कि मौके पर कैसा मंजर था। एक युवती ने बताया कि सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सत्संग समाप्त हुआ और उसके बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक-दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी।

बड़ा सवाल हादसे का जिम्मेदार कौन, किस पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, हाथरस

अमृत विचार: हाथरस जिले में भोले बाबा के सत्संग के समापन के दौरान मची भगदड़ से हुई मौतों का जिम्मेदार आखिर कौन है? यह एक बड़ा सवाल बन गया है। लापरवाही के मामले में किसके विरुद्ध मामला दर्ज होगा? हाथरस जिले में इस बड़े हादसे के बाद लोग एक-दूसरे से यही सवाल पूछ रहे हैं। लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से पहले आयोजकों को बेहतर व्यवस्थाएं करनी चाहिए। शायद व्यवस्था में कमी रहने के कारण यह हादसा हो गया।

भोले बाबा के सत्संग में पहले भी हादसे होते रहे हैं, लेकिन कभी भी किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसी की जवाबदेही कभी भी तय नहीं की गई। इस बार जब एक बड़ा हादसा हुआ है तो कार्रवाई के संकेत तो दिखाई दे रहे हैं, लेकिन अभी किसी पर भी कार्रवाई होती नहीं दिख रही, न ही किसी का नाम सामने आ रहा है। वैसे तो लोगों का मानना है कि इस तरह के आयोजन के लिए आयोजक जिम्मेदार होने चाहिए और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हत्या के मामले के एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जानी चाहिए। हालांकि, सरकार की तरफ से आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के निर्देश दे दिए गए हैं, लेकिन प्रशासन की ढिलाई पर अभी कोई जवाब-तलब नहीं हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों से हादसे बारे में जानकारी लेते पुलिस अधिकारी (ऊपर), मारे गए लोगों के परिजनों से बात करते प्रशासनिक अधिकारी (इनसेट में)। ● अमृत विचार

एसडीएम ने दी थी सत्संग की अनुमति

जिलाधिकारी बोले- अंदर की व्यवस्था के लिए आयोजक जिम्मेदार

हाथरस। महीने की शुरुआत के पहले मंगलवार को सत्संग होता है। इस सत्संग में हिस्सा लेने के लिए हजारों लोग जुटते हैं। यह प्रशासन को भी पता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन ने आयोजन की अनुमति देने के बाद व्यवस्था की तरफ क्यों नहीं देखा। हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि सत्संग की अनुमति एसडीएम साहब द्वारा दी गई थी और यह निजी आयोजन था, जिसमें सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन अंदर की व्यवस्था उनके द्वारा (आयोजकों) की जानी थी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उच्च स्तर पर एक जांच समिति गठित की गई है और जांच में सब चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। सबसे बड़ा सवाल ये है कि प्रशासन ने आयोजन की अनुमति देने के बाद व्यवस्था की तरफ क्यों नहीं देखा।

प्रशासन से हुई चूक: आयोजन समिति

सत्संग आयोजन समिति से जुड़े महेश चंद्र ने कहा कि हमने जिला प्रशासन से अनुमति लेकर कार्यक्रम कराया था। कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोग मौजूद थे। जब कार्यकम खत्म हुआ तब भगदड़ मच गई। यह हादसा प्रशासन की कमजोरी की वजह से हुआ है। हाथरस में यह कार्यक्रम 13 साल बाद हुआ है। हमारे पास 3 घंटे की अनुमति थी। 1.30 बजे कार्यक्रम खत्म होने के बाद घटना हुई है। प्रशासन को अनगिनत श्रद्धालुओं के कार्यक्रम में आने की जानकारी दी गई थी। मौके पर एंबुलेंस नहीं थी। कार्यक्रम खत्म हुआ तो लोग एक साथ भागने लगे और भगदड़ मच गई। बरसात के मौसम में कीचड़ की वजह से लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे थे।

हादसे में कब क्या हुआ?

8:00 बजे सुबह सत्संग सभा स्थल पर अनुयायियों की भीड़ जुटना शुरू।

12:00 बजे दोपहर भोले बाबा काफिले से सभा में पहुंचे।

01:30 बजे आरती के साथ सत्संग का समापन।

01:40 बजे बाबा का काफिला मंच से हाईवे के लिए निकला।

01:50 बजे हाईवे पर भगदड़ मची। महिला-पुरुष खेत में गिरे। चीख-पुकार मची।

02:20 बजे घायलों को एटा-हाथरस के अस्पताल भेजना शुरू किया।

03:30 बजे डीएम आशीष पटेल और एसपी निपुण अग्रवाल घटना स्थल पर पहुंचे।

06:00 बजे शाम कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण नेताओं के साथ पहुंचे।

08:50 बजे रात मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार लखनऊ से पहुंचे।

सत्संग में लगी थी ड्यूटी, शवों को देख कांस्टेबल को हुआ हृदयाघात

कार्यालय संवाददाता, एटा

- **एटा के अवागढ़ थाने में क्यूआरटी ड्यूटी पर थी तैनाती**

अमृत विचार: भोले बाबा के सत्संग में व्यवस्था संभालने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस आरक्षी की भी मौत हो गई। आरक्षी की मौत भगदड़ से नहीं, बल्कि हृदयाघात से हुई है। बताया जा रहा है कि सत्संग स्थल पर उन्होंने तमाम शवों को पड़ा देखा तो हार्टअटैक आ गया और वह अपनी जान गंवा बैठे। आरक्षी की मौत से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

अलीगढ़ जिले के थाना बन्ना देवी क्षेत्र के सिद्धार्थनगर निवासी रवि कुमार मृतक आश्रित में 2014 में आरक्षी पद पर भर्ती हुए थे। पुलिस लाइन एटा में भर्ती हुई और तैनाती अवागढ़ थाने में क्यूआरटी ड्यूटी पर थी। उन्हें भोले बाबा के सत्संग में व्यवस्था देखने के लिए लगाया गया था। वह मौके पर मौजूद थे। भगदड़ का माहौल था तो उन्होंने काफी प्रयास किया, लेकिन जब शवों को पड़ा देखा तो सुध-बुध खो बैठे और जमीन पर गिर पड़े। उन्हें आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि हृदयाघात से आरक्षी की मौत हुई है।

घर से हंसते गाते निकले थे सत्संग के लिए। परिजनों को क्या पता था कि वह दोबारा मिलेंगे भी तो ऐसे हाल में.... भगदड़ में अपनों को खोने के बाद अस्पताल परिसर में विलाप करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

पड़ोसी जिलों में भी फूल गईं स्वास्थ्य विभाग की सांसें

संवाददाता, हाथरस

अमृत विचार: हाथरस के सिकंदराराऊ में हुए हादसे के बाद पड़ोसी जिलों एटा और अलीगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग की भी सांस फूल गई। यहां संसाधन जवाब दे गए। घायलों के लिए स्ट्रेचर नहीं थे तो मृतकों के शव पोस्टमार्टम गृह के बाहर पड़े रहे। लोग अपने सगे-संबंधियों के शव को पहचानने में जुटे रहे। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग का अलर्ट भी कोई राहत नहीं दे पाया।

जैसे ही हादसे की खबर शासन को मिली तो शासन ने पड़ोसी जिला एटा और अलीगढ़ के स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट जारी किया। स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया और व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जाने लगी। स्ट्रेचर की व्यवस्था बनाई जा रही थी, लेकिन जब घायल पहुंचने लगे तो स्ट्रेचरों कम पड़ गई। इतना ही नहीं, पोस्टमार्टम गृह में शवों के रखने का भी इंतजाम नहीं था। शवों को पोस्टमार्टम गृह के बाहर ही रखा गया। शव तितर-बितर पड़े थे। लोग स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं को कोस रहे थे, लेकिन विभाग बेबस था।

हाथरस के सिकंदराराऊ अस्पताल परिसर में शव की पहचान करते परिजन।

- **व्यवस्थाओं के नाम पर सिर्फ दिखाई दी औपचारिकता पोस्टमार्टम हाउस के बाहर घंटों पड़े रहे शव**

घायलों का उपचार प्राथमिकता: एडीजी

आगरा जोन की एडीजी अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने कहा कि घायलों को उपचार देना पहली प्राथमिकता है। यह बहुत दर्दनाक हादसा है। इसको लेकर हम सबकी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। सरकार स्वयं निगरानी कर रही है। कंट्रोल रूम सक्रिय है और हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिए गए हैं। सभी एंबुलेंस लाइन अप कर दी गई है। मामले में जांच की जा रही है। अधिकांश मौत महिलाओं की हुई है। देर रात तक स्पष्ट हो सकेगा कुल कितनी मौतें हुई हैं। वैसे तो अब तक लंबे लगभग 90 मौत हो चुकी हैं।

दिखाई दी अमानवीयता

शवों को बेकद्री से फेंक दिया गया था, जिससे अमानवीयता भी दिखाई दे रही थी। हालांकि, जब लोगों में आक्रोश दिखाई दिया तो पोस्टमार्टम गृहों में शवों के रखने का इंतजाम किया गया। घंटों बाद शवों को पोस्टमार्टम गृह में रखा गया।

मंदिरों-धार्मिक आयोजनों में हुई भगदड़ की प्रमुख घटनाएं

नई दिल्ली। हाथरस में आयोजित सत्संग के दौरान मची भगदड़ में बड़ी संख्या में लोगों की मौत की यह पहली घटना नहीं है। महाराष्ट्र के मंधारदेवी मंदिर में 2005 के दौरान हुई भगदड़ में 340 श्रद्धालुओं की मौत और 2008 में राजस्थान के चामुंडा देवी मंदिर हुई भगदड़ में कम से कम 250 लोगों की मौत ऐसी ही कुछ बड़ी घ टनाएं हैं। हिमाचल प्रदेश के नैना देवी मंदिर में भी 2008 में ही धार्मिक आयोजन के दौरान मची भगदड़ में 162 लोगों की जान चली गई थी। हाल के वर्षों में देश में मंदिरों और धार्मिक आयोजनों के दौरान भगदड़ की कुछ प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं...

31 मार्च 2023: इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के अवसर पर आयोजित हवन कार्यक्रम के दौरान एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब ढह जाने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई।

1 जनवरी 2022 : जम्मू-कश्मीर स्थित प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक घायल हो गए।

14 जुलाई 2015 : आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी जिले में ''पुष्करम'' उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर भगदड़ से 27 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो गई तथा 20 अन्य घायल हो गए।

3 अक्टूबर 2014 : दशहरा समारोह समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मचने से 32 लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए।

13 अक्टूबर 2013 : मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 115 लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। भगदड़ की शुरुआत नदी के पुल टूटने की अफवाह से हुई, जिसे श्रद्धालु पार कर रहे थे।

19 नवंबर 2012 : पटना में गंगा नदी के तट पर अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

8 नवंबर 2011 : हरिद्वार में गंगा नदी के तट पर हरकी पैड़ी घाट पर मची भगदड़ में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई।

14 जनवरी 2011 : केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में एक जीप के सबरीमाला मंदिर के दर्शन कर लौट रहे तीर्थयात्रियों से टकरा जाने के कारण मची भगदड़ में कम से कम 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 40 से अधिक घायल हो गए।

4 मार्च 2010 : उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ मचने से लगभग 63 लोगों की मौत हो गई। लोग स्वयंभू धर्मगुरु द्वारा दान किए जा रहे कपड़े और भोजन लेने पहुंचे थे।

30 सितंबर 2008 : राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाह के कारण मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालु मारे गए और 60 से अधिक घायल हो गए।

3 अगस्त 2008 : हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में चट्टान खिसकने की अफवाह के कारण मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई, 47 घायल हो गए।

25 जनवरी 2005 : महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान 340 से अधिक श्रद्धालुओं की कुचलकर मौत हो गई और सैकड़ों घायल हो गए। यह दुर्घटना तब हुई, जब कुछ लोग फिसलन भरी सीढ़ियों पर गिर गए।

27 अगस्त 2003 : महाराष्ट्र के नासिक जिले में सिंहस्थ कुंभ मेले में पवित्र स्नान के दौरान भगदड़ में 39 लोग मारे गए और लगभग 140 घायल हो गए।

मामले की होगी जांच, आश्रितों को मिलेगा मुआवजा

एटा के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, ली हादसे की जानकारी

संवाददाता, एटा/हाथरस

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण पोस्टमार्टम हाउस एटा पहुंचे। यहां उन्होंने मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी और घटना की पूरी जानकारी ली। उसके बाद पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जांच के लिए कमेटी मुख्यमंत्री ने गठित कर दी है। यह एक धार्मिक आयोजन था। घटना का सही कारण पता किया जा रहा है। अब तक कितनी मौत हुई है, इसकी भी पूरी पुष्टि की जा रही है।

पशुपालन मंत्री ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। इसको लेकर मुख्यमंत्री काफी व्यथित हैं। इधर, मारहरा से भाजपा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी भी एटा पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी।

बसपा नेताओं ने पार्टी सुप्रीमो मायावती को दी जानकारी

बहुजन समाज पार्टी के नेता जुनैद मियां और बालवीर भास्कर भी पोस्टमार्टम हाउस, एटा पहुंचे। उन्होंने बसपा मुखिया मायावती को पूरी घटना की जानकारी दी। दोनों नेताओं ने बताया कि बसपा से कई बड़े नेता बुधवार को मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंच सकते हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश ने सांसद को मौके पर भेजा

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एटा लोकसभा क्षेत्र से सांसद देवेश शाक्य को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि मौके पर पहुंच कर मृतकों के परिजनों को सांत्वना दें और उनकी हर संभव मदद करें। दुख की घड़ी में समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी है। समाजवादी पार्टी के कासगंज के जिलाध्यक्ष विक्रम यादव ने बताया कि वे भी मौके पर गए थे और राष्ट्रीय अध्यक्ष को पूरी जानकारी दे दी गई है।

यौन शोषण तक का केस दर्ज, काहे के बाबा: विक्रम सिंह

यूपी के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने कहा कि यहां मुसीबत के लिए दावतनामा दिया गया था। स्थल पर सुरक्षा की मूलभूत व्यवस्थाएं होनी चाहिए थी, जो वहां नहीं थी। अब इसका जवाब कौन देगा? यहां दावा किया जा रहा है कि बाबा पहले इंटेलिजेंस में सिपाही थे, फिर वीआरएस ले लिया। उन्होंने कहा कि इनके ऊपर कई मुकदमे दर्ज हैं। स्थानीय प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए था कि यह जो चमत्कारी बात करते हैं, वह कानूनी रूप से दंडनीय अपराध भी है। मैजिक रेमेडीज एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई होनी चाहिए थी। इनके ऊपर छह अपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसमें यौन शोषण का आरोप भी शामिल है। काहे के बाबा, कौन से बाबा?

पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचते रहे जनप्रतिनिधि

एटा। हाथरस जिले में हुए हादसे के बाद पोस्टमार्टम के लिए शवों को एटा पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। यहां शवों के पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि और नेता पहुंचते रहे और मृतकों के परिजनों को सांत्वना देते रहे। हर संभव मदद का भरोसा दिया है। साथ ही घटना को लेकर दुख जताया है। एमएलसी आशीष यादव, भाजपा के अन्य नेताओं और दूसरी पार्टी के नेताओं को इस घटना की जानकारी जैसे ही मिली, वे मृतकों के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचने लगे। परिजनों का रो-रो का बुरा हाल था। नेता और जनप्रतिनिधि भरोसा दे रहे थे कि हर संभव मदद की जाएगी पूरे परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में खड़े हुए हैं।

सपा मुखिया भी लगा चुके हैं हाजिरी

लखनऊ। बीते साल 2023 में ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने एक्स पर सत्संग में हिस्सा लेने की तस्वीरें शेयर करते हुए एक पोस्ट भी लिखी थी। इसमें अखिलेश यादव ने कहा था कि नारायण साकार हरि की सम्पूर्ण ब्रह्मांड में सदा-सदा के लिए जय जयकार हो।

बेकाबू भीड़ में अपनों को खोने के बाद एटा के एक अस्पताल के बाहर शव की पहचान करता युवक। वहीं अपनी रिश्तेदार की मौत के बाद अस्पताल परिसर में बिलखती महिलाएं। ● एजेंसी

बर्फ की सिल्लियों पर रखे गए हैं शव, परिजनों को पोस्टमार्टम का इंतजार

हाथरस। जानलेवा भगदड़ के बाद यहां सरकारी अस्पताल के अंदर बड़ा ही हृदयविदारक और मार्मिक मंजर देखने को मिला। अस्पताल के अंदर बर्फ की सिल्लियों पर शवों को रखा गया, जबकि पीड़ितों के विलाप करते परिजन शवों को घर ले जाने के लिए रात में बूंदाबांदी के बीच बाहर इंतजार कर रहे थे। भगदड़ वाली जगह से सबसे नजदीकी स्वास्थ्य सुविधा केंद्र सिकंदराराऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के बाहर कई लोग देर रात तक अपने लापता परिवार के सदस्यों की तलाश करते नजर आए। कासगंज जिले में रहने वाले राजेश ने बताया कि वह अपनी मां को ढूंढ़ रहा, जबकि शिवम अपनी बुआ को ढूंढते मिला। एक महिला ट्रक में पांच या छह शवों के बीच बैठी रो रही थी। लोगों से अपनी बेटी के शव को वाहन से बाहर निकालने में मदद करने का आग्रह कर रही थी। अस्पताल के बाहर एक उत्तेजित युवक ने कहा कि लगभग 100-200 लोग हताहत हुए हैं और अस्पताल में केवल एक डॉक्टर था। ऑक्सीजन की सुविधा नहीं थी। कुछ लोग अभी भी सांस ले रहे हैं, लेकिन उचित उपचार की सुविधा नहीं है।

हादसे में घायल महिला को अस्पताल लेकर जाती युवती। ● एजेंसी

शवों के बीच बैठकर पहुंचे अस्पताल

संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : सिकंदराराऊ से अलीगढ़-एटा तक एंबुलेंस और सरकारी वाहनों की लाइनें लगी थी। वाहनों से चीख और चीत्कार की आवाजें आ रही थीं। टैंपो-मिनी ट्रक में लाशें और घायलों को भरकर अस्पताल लाया गया। घायल शवों के बीच बैठकर अस्पताल पहुंचे। लोग पोस्टमार्टम हाउस और अस्पतालों में अपनों की तलाश कर रहे थे। बदायूं के बिल्सी से आई महिला की बेटी की मौत हो गई। महिला ने बताया कि पांच लोग बिल्सी से आए थे, बेटी की मौत की जानकारी मिली। बाकी कहां हैं, कुछ पता नहीं। हाथरस की एक महिला सुनीता अपने बेटे के शव को गोद में रखकर विलाप कर रही थी। सुनीता ने बताया कि इस हादसे में उनकी बहन की भी मौत हो गई। बदायूं के बिल्सी के ही नरेश ने बताया कि उनकी मां मीरावती सुबह सत्संग सुनने आईं थी। भगदड़ में मौत हो गई। उनके साथ आईं अन्य महिलाओं का कुछ पता नहीं चल रहा है।

लाशों के बीच वाहन में बैठकर घायल परिजन के साथ अस्पताल जाती महिला।

अस्पताल में शव देखने के बाद विलाप करते परिजन।

रह गए सिर्फ जूते : भगदड़ के बाद घटना स्थल पर छूटे लोगों के सामान। ● अमृत विचार

पुलिस में थे दरोगा, नौकरी छोड़ बने भोले बाबा

कासगंज जिले के पटियाली तहसील के गांव बहादुर नगर के रहने वाले भोले बाबा उर्फ साकार हरि के लाखों अनुयायी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: जिन भोले बाबा के सत्संग के समापन पर हाथरस जिले में भगदड़ के बाद यह हादसा हुआ है, वे कासगंज जिले के पटियाली क्षेत्र तहसील क्षेत्र के गांव बहादुर नगर के रहने वाले हैं। उनका असली नाम सूरज पाल सिंह है। उनके अनुयायी उन्हें साकार हरि भी कहते हैं। पहले भी उनके सत्संग के बाद हादसे होते रहे हैं और जानें जाती रही हैं, लेकिन अनुयायियों में उनके प्रति अटूट आस्था बनी रही है। इस बार उनके सत्संग में मची भगदड़ से हुई तमाम मौतों के बाद अब तमाम परिवार टूट चुके हैं। पीड़ित परिवारों में मातम छाया हुआ है।

बाबा करीब 17 साल पहले पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़कर सत्संग करने लगे। नौकरी छोड़ने के बाद सूरज पाल नाम बदलकर साकार हरि बन गए। अनुयायी उन्हें भोले बाबा कहते हैं। कहा जाता है कि गरीब और वंचित तबके के लोगों के बीच में इनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। कुछ समय में लाखों की संख्या में अनुयायियों बन गए। उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश और राजस्थान में अनुयायी फैले हैं।

साकार हरि बाबा अपने सत्संग में मानव सेवा का संदेश देते हैं। ज्यादातर सत्संग में लोगों से बाबा कहते हैं कि मानव की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। सत्संग में आने वाले लोगों से कहते हैं यहां रोग मिट जाते हैं, मन शुद्ध होता है, यहां पर कोई भेदभाव नहीं कोई दान नहीं कोई पाखंड नहीं यही सर्व समभाव है यहीं ब्रह्मलोक है, यहीं स्वर्ग लोक है। बाबा के सत्संगों में बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं। बाबा के शिष्य अपनी ही मस्ती में रहते हैं। यही वजह है कि मीडिया से भी ये लोग दूरी बरतते हैं। दरअसल, बाबा के सत्संग के तौर-तरीके चूंकि आम संतों से अलग होते हैं लिहाजा ये लोग नहीं चाहते कि इस पर किसी प्रकार की टीका-टिप्पणी हो।

सूट-बूट और महंगे गॉगल के शौकीन हैं बाबा

बाबा के बारे में कुछ लोग कहते हैं कि ये यूपी पुलिस में दरोगा हुआ करते थे। कुछ इन्हें आईबी से जुड़ा भी बताते हैं। इसीलिए बताया जाता है कि बाबा पुलिस के तौर-तरीकों से परिचित हैं। वर्दीधारी स्वयंसेकों की लंबी-चौड़ी फौज खड़ी करने में यह काफी मददगार साबित हुआ। बाबा आम साधु-संतों की तरह गेरुआ वस्त्र नहीं पहनते हैं। बहुधा वह महंगे गॉगल, सफेद पैंटशर्ट पहनते हैं। अपने प्रवचनों में बाबा पाखंड का विरोध भी करते हैं। चूंकि बाबा के शिष्यों में बड़ी संख्या में समाज के हाशिए वाले, गरीब, दलित, दबे-कुचले लोग शामिल हैं। उन्हें बाबा का पहनावा और यह रूप बड़ा लुभाता है।

गत वर्ष गई थी 11 जानें

पिछले साल भोले बाबा का सत्संग पटियाली के बहादुर नगर में चल रहा था। यहां से लौट रहे अनुयायी जब बदायूं मैनपुरी हाईवे पर पहुंचे तो ऑटो बोलेरो से टकरा गया, जिसमें 11 की मौत हुई थी, लेकिन अनुयायियों में फिर आस्था जाग उठी।

पहले भी हो चुके हैं कार्यक्रम

भोले बाबा का सत्संग शहर में बारह पत्थर मैदान पर कई बार हो चुका है। समीपवर्ती गांव मोहनपुरा में भी एक बार भोले बाबा का सत्संग हुआ था। भोले बाबा के सत्संग में लाखों की संख्या में अनुयायी उमड़ते हैं। स्टेशन से बस स्टैंड से लेकर सार्वजनिक स्थलों और कार्यक्रम स्थल पर भी बाबा के वालंटियर रहते हैं।

बाबा के वालंटियर संभालते हैं व्यवस्था

बाबा के सत्संग में बड़ी संख्या में अनुयायी उमड़ते हैं। यहां पुलिस तो व्यवस्था संभालती ही है, भोले बाबा के वालंटियर स्वयं भी व्यवस्था में जुटे रहते हैं। इस बार पुलिस के साथ-साथ वालंटियर की व्यवस्था भी फेल हो गई और यह बड़ा हादसा हो गया।

धीरे-धीरे बढ़ते गए बाबा के अनुयायी, खुद की रखते हैं फौज

हाथरस। साकार हरि उर्फ भोले बाबा के अनुयायी बीते 25 वर्ष में लाखों हो गए। उनका आश्रम भी काफी बड़ा है। उनकी अपने फौज है। जब भी कोई सत्संग करते हैं तो यह सेवादार पहले ही व्यवस्था संभालने पहुंच जाते हैं। हर सत्संग में इतनी ही भीड़ रहती है। लाखों की संख्या में लोग सत्संग सुनने के लिए आते हैं। उनके अनुयायियों ने बताया कि भोले बाबा के मंच पर दो कुर्सियां होती हैं। वह अपनी पत्नी को साथ बैठाकर सत्संग करते हैं। उनके अनुयायी इतने हैं कि एक साथ आए जाएं तो पुलिस प्रशासन को संभालने में मुश्किल आ जाएगी। इसलिए वह अपनी अलग से फौज रखते हैं। यह सेवादार गुलाबी ड्रेस में हाथ में डंडा और सीटी लेकर तैनात रहते हैं। ये सेवादार ही ट्रैफिक व्यवस्थाओं को संभालने में लगे रहते हैं। उत्तर प्रदेश के अलावा राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा तक में लाखों अनुयायी हैं। उनके सत्संग का प्रचार सोशल मीडिया पर नहीं चलाया जाता है। इस कारण से लोग खुद ही सुनने के लिए आते हैं। इसलिए सत्संग में भीड़ हो जाती है।

● **25 सालों में लाखों लोग हुए साकार हरि के अनुयायी, हर सत्संग में होती है इतनी भीड़**

मरने वालों में अलीगढ़-बरेली मंडल के अनुयायी ज्यादा

हाथरस। भगदड़ में मारे गए 116 लोगों में से ज्यादातर की शिनाख्त हो गई। अधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालु यूपी के विभिन्न जिलों के अलावा पड़ोसी राज्यों से भी आए थे। अलीगढ़ परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शलभ माथुर ने बताया कि एटा और हाथरस सटे हुए जिले हैं और सत्संग में एटा के लोग भी पहुंचे थे। सत्संग में आगरा, संभल, ललितपुर, अलीगढ़, बदायूं, कासगंज, मथुरा, औरैया, पीलीभीत, शाहजहांपुरर, बुलंदशहर, हरियाणा के फरीदाबाद और पलवल, मध्यप्रदेश के ग्वालियर, राजस्थान से भी अनुयायी पहुंचे थे। मृतकों में खुशबू (जलेसर), वीरा (बदायूं) रामवती (पीलीभीत) ऊषा (बुलंदशहर), धरमवती (बदायूं), माया (बुलंदशहर), शीला (आगरा), रामवेटी (पीलीभीत), बासो (मथुरा), सुनीता, सुदामा (कासगंज), प्रेमवती (दादरी) ईश्वर प्यारी (एटा) राजकुमारी (अलीगढ़), रामादेवी (शाहजहांपुर), राधा देवी (आगरा), संगीता देवी (आगरा), शीला देवी (औरैया), पिंकी शर्मा (संभल) के तौर पर की गई है। हादसे में ममता (आगरा), इंद्रावती (हाथरस), गुडिया (आगरा), ममता (अलीगढ़), मीना (एटा), सीमा (कासगंज) युवांश (कासगंज), रोशनी (बदायूं), राजवती (हाथरस), गुडडी (आगरा), रामादेवी (फिरोजाबाद), गौरी (बुलंदशहर), भगवान देवी (मथुरा), मुन्नी देवी (कासगंज), सुधा, निहाल देवी (आगरा), रामनरेश (औरैया), सर्वेश (अलीगढ़), मंजू (अकराबाद) की मौत हुई है। मृतकों में दीपमाला (शाहजहांपुर), जशोदा (लखीमपुर खीरी), कुसुम (बदायूं), चंद्रप्रभा (एटा), काव्या (शाहजहांपुर), आयुष (शाहजहांपुर), रोविन (एटा), मीरा (कासगंज), सोमवती (कासगंज), रेवती (कासगंज), प्रियंका (कासगंज), बीना (एटा), सोनदेवी (हाथरस), कमलेश (मथुरा), शिवराज (अलीगढ़), मुन्नी देवी (आगरा), चंद्रवती (पलवल-हरियाणा), कमला देवी (कासगंज) और श्रीमती त्रिवेणी (मथुरा) शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुए दु:खद हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें यह कष्ट सहने की शक्ति दें। दुर्घटना के विषय में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से बात कर घटना की जानकारी ली और केंद्र सरकार से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शीघ्र ही एनडीआरएफ की मेडिकल टीम भी हाथरस पहुंच रही है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

हाथरस के सत्संग में भगदड़ मच जाने से कई श्रद्धालुओं की मृत्यु की खबर बेहद पीड़ादायक है। हादसे के दृश्य अत्यंत हृदयविदारक हैं। शोकाकुल परिवारों के प्रति हम गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। सरकार एवं प्रशासन से आग्रह करते हैं कि घायलों के उपचार में कोई कमी न रखें और पीड़ितों को त्वरित सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ से कई श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। सरकार और प्रशासन से अनुरोध है कि घायलों को हर संभव उपचार एवं पीड़ित परिवारों को राहत उपलब्ध कराएं। इंडिया समूह के सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि राहत और बचाव में अपना सहयोग प्रदान करें।

-राहुल गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष

सत्संग के दौरान भगदड़ की वजह से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मृत्यु एवं कई के घायल होने का समाचार हृदयविदारक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। राज्य सरकार से मेरी अपील है कि पीड़ितों को उचित सहायता राशि देने एवं घायलों के उपचार की व्यवस्था की जाए।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में काफी संख्या में लोगों की हुई मौत अति-दु:खद। सरकार इनकी जांच कर उचित कार्रवाई तथा पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद करे।

-मायावती, बसपा सुप्रीमो

लोगों की जान चली गई, आखिर सरकार क्या कर रही थी। सरकार की जानकारी के बावजूद इतने बड़े हादसे का होना दुखद है। सबसे बड़ा सवाल है कि सरकार ने उनकी सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए थे। सरकार ने भीड़ नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की थी। मेरी मांग है कि घायलों को अच्छी से अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

-अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष

मन्नत पूरी हुई तो पहुंची सत्संग में, कुचले जाने से हुई मौत

संवाददाता, एटा/हाथरस

गंगा देवी

अमृत विचार: दादी ने मन्नत मांगी थी कि नातिन की शादी के लिए अच्छा लड़का मिल जाएगा तो वह भोले बाबा के सत्संग में शामिल होकर सेवा करेंगी। कुछ समय पूर्व ही नातिन की शादी तय हुई थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। इसी खुशी में मंगलवार को सत्संग में शामिल होने अलीगढ़ की गंगा देवी आईं, जहां भगदड़ में उनकी भी जान चली गई।

गांव ममौता थाना मडराक जिला अलीगढ़ निवासी शकुंतला ने बताया कि गंगा देवी पिछले पांच दिनों से सत्संग में जाने के लिए उतावली थीं। उनकी मन्नत पूरी हो गई थी। उन्होंने नातिन कूका से कहा कि तुम भी चलो बाबा के सत्संग में। कोई और मनोकामना मांगोगी तो पूरी हो जाएगी, लेकिन तबीयत खराब होने की वजह से कूका ने जाने से मना कर दिया। गंगा देवी समेत गांव के लगभग 50 लोग सत्संग में साथ आए थे। वहां मची भगदड़ के चलते सब लोग इधर-उधर भागने लगे। गंगा देवी की दबकर मौत हो गई।

अब कबहूं काऊ सत्संग में नाय जाऊंगी

शुकंतला हादसे के बारे में बताते हुए सिहर उठीं। बोलीं कि इस सत्संग में आई थी कि कुछ ज्ञान की बातों को सुनकर लाभ मिलेगा। मगर यहां तो लोगों को मौत मिली। मेरी आंखों के सामने ही लोगों की जान जा रही थी। मैं भी दब गई। साथ के लोगों ने किसी तरह से मुझे खींचकर बाहर निकाल लिया। बताते हुए आंखों से आंसू बहने लगे। शकुंतला ने कहा कि अब कबहूं काऊ सत्संग में नाय जाऊंगी।

निगोही की महिला की गई जान

निगोही (शाहजहांपुर)। पति के साथ हाथरस में सत्संग सुनने गई निगोही की एक महिला की भी भगदड़ में जान चली गई। सूचना घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। निगोही के मोहल्ला नई बस्ती गौटिया निवासी 40 वर्षीय रामा देवी अपने पति हरीसरन के साथ सत्संग में शामिल होने के गई थीं। मोहल्ले की कुछ महिलाएं व करोंदा गांव की दो महिलाएं भी सत्संग सुनने गईं थी। मंगलवार को सत्संग के बाद भगदड़ मच गई, जिसमें रामा देवी भी फंस गई और नीचे गिर गई, फिर उन्हें उठने का मौका ही नहीं मिला।

सत्संग में गई तिलहर की महिला लापता

तिलहर। तिलहर क्षेत्र के गांव सरेली निवासी पूरन लाल ने बताया कि भोले बाबा के सत्संग में सोमवार रात साढ़े नौ बजे तिलहर से एक बस चली थी, जिसमें कई गांवों के करीब 62 पुरुष-महिलाएं थे। मंगलवार को सभी ने सत्संग में भाग लिया था। पूरन लाल ने फोन पर बताया कि उनके गांव के लोग धनदेवी की तलाश में एटा अस्पताल भी गए हैं, लेकिन उनका पता नहीं लग सका है।

हादसे के बाद आगरा में सत्संग पर रोक

आगरा। सिकंदराराऊ में हुए भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुए हादसे के बाद आगरा में उनके सत्संग को निरस्त कर दिया गया है। 4 जुलाई को आगरा में विश्व साकार हरि भोले बाबा के सत्संग की अनुमति मांगी गई थी, जिसे आज हादसे के बाद निरस्त कर दिया गया है।

बेटी खो बैठे मां-बाप, कासगंज के तीन अन्य की भी मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : हाथरस में हुए हादसे में कासगंज जिले के चार सत्संगियों ने भी जान गंवाई है। शव एटा भेजे गए हैं, जहां पोस्टमार्टम गृह पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

गांव बहोट निवासी प्रियंका अपने पिता रामसेवक और मां गुड्डो देवी के साथसत्संग सुनने गई थी। वह भी भगदड़ में फंस गई और भीड़ के पैरों तले दबकर जान चली गई। काफी देर तक मां-बाप अपनी बेटी को ढूंढ़ते रहे। उसके बाद बेटी का शव पड़ा मिला। फिर तो माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

हादसे में पटियाली के गांव प्यारमपुर निवासी सोमवाती पत्नी सत्य प्रकाश, रेवती पत्नी छोटे एवं गांव सलेमपुर निवासी मीनू देवी पत्नी मदन गोपाल की भी मौत हो गई। वही प्यामपुर निवासी गोविंद सागर की पत्नी ज्ञान देवी एवं निखिल पुत्र गोविंद सागर घायल हुए हैं। देर रात सोरों क्षेत्र के गांव नगला खन्जी निवासी 38 वर्षीय सीमा की उपचार के दौरान मौत हो गई है। गांव खरपरा गांव से भी दर्जनों लोग भोले बाबा का सत्संग सुनने के लिए सिकंदराराऊ गए हुए थे। ये सभी लोग सुरक्षित हैं।

प्रियंका

● **गांव बहोट, प्यारमपुर, सलेमपुर नगला खन्जी में पसरा मातम**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेतादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़ने वाले या सामने प्रिय बोलने वाले ऐसे मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

संपादकीय

समागम में भगदड़

हाथरस में धार्मिक समागम के बाद मची भगदड़ में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो गई। देश में धार्मिक आयोजनों के समय भगदड़ के कारण हुई त्रासदियों में एक घटना और जुड़ गई। हादसे की जो तस्वीरें आई हैं वे विचलित कर देने वाली हैं। जान गंवाने वालों में बच्चे-बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल हैं। भगदड़ का मुख्य कारण बताया जा रहा है कि कथावाचक भोले बाबा का काफिला निकल रहा था। इस दौरान समागम में शामिल श्रद्धालु भी अपने घर को निकल रहे थे। बाबा के काफिले को निकालने के लिए भीड़ को एक हिस्से से को रोका गया। वहां मौजूद लोग गर्मी और उमस के कारण परेशान हो रहे थे। बाबा का काफिला निकल गया तो लोग भागने लगे। हादसे के बाद प्रदेश सरकार ने जांच के लिए कमेटी का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने 24 घंटे में जांच रिपोर्ट मांगी है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की ओर से मुआवजे का ऐलान कर दिया गया है। देश में यह पहली घटना नहीं है जब भगदड़ मचने से इतनी बड़ी तादाद में लोगों की मौत हुई हो। इससे पहले कई ऐसी घटनाएं घटी है जब कुछ ही घंटों में सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गंवा दी। हादसे से साफ है कि इस प्रकार के आयोजनों के दौरान लोगों की सुरक्षा पर सजगता कितनी कम है। भीड़ भरे स्थलों को संभालने के लिए बने नियमों का उल्लंघन होता है।

सवाल उठता है कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों में ही क्यों ज्यादा भगदड़ मचती है। दरअसल धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग जमा होते हैं। लोगों की संख्या भी तय नहीं होती, जिस कारण भीड़-प्रबंधन बेहद मुश्किल हो जाता है। कार्यक्रम में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा समेत कई राज्यों के हजारों लोग लोग शामिल थे। कई किलोमीटर तक वाहनों की लाइन लगी थी। जापान की टोक्यो यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर क्लाउडियो फेलिचियानी और ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी के डॉ. मिलाद हागानी के शोध के मुताबिक भगदड़ के दौरान ज्यादातर लोग दम घुटने से मरते हैं। जब भीड़ एक दूसरे के ऊपर चढ़ती है तो उसकी शक्ति बहुत अधिक होती है। इतनी ताकत से जब किसी का शरीर भिंचता है तो सांस लेना असंभव हो जाता है। गिरकर मरने से ज्यादा लोग खड़े-खड़े मरते हैं। जो लोग नीचे गिरकर मरते हैं, वे भी दरअसल, सांस घुटने से मरते हैं क्योंकि उनके ऊपर गिरे या भागते लोग उनका दम घोंट देते हैं। ऐसे में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए ऐसा डेटाबेस होना और उसका विश्लेषण करना जरूरी है ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

कभी कभार कांग्रेस का हिंदुत्व

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

संविधान सभा में कांग्रेस कुल या उसके समर्थन के कई सदस्यों ने मजहब आधारित अधिकारों में रियायत का विरोध किया। किसी सदस्य को तो अल्पसंख्यक शब्द तक से परहेज़ था। सीपी और बरार के पीएस देशमुख ने 27 अगस्त 1947 को संविधान सभा में कहा कि भारतीय इतिहास में अल्पसंख्यक से ज्यादा राक्षसी कोई शब्द नहीं दिखा, जो देश की तरक्की में अड़ंगे अटकाएगा।

हिंदुत्व शब्द का उल्लेख सावरकर और उनके भी पहले कांग्रेस नेता लाला लाजपत राय ने किया था। हिंदुत्व के नाम पर वोट मांगना कुछ मुकदमों में सुप्रीम कोर्ट ने जायज भी ठहराया लेकिन कुछ फैसलों में हिंदुत्व और हिंदुइज़्म को अलग करार दिया। रामकृष्ण मिशन ने भी एक मुकदमे में मांग की थी कि वह हिंदू धर्म का अनुयायी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने दलील नहीं मानी। कई आदिवासी समूह हिंदू घोषित किए जाने पर कहते हैं कि वे हिंदू धर्म के अनुयायी नहीं है। संविधान में हिंदू, इस्लाम, ईसाई, बौद्ध, पारसी, सिक्ख, जैन आदि धर्मों की परिभाषा नहीं दी गई है।

विनायक दामोदर सावरकर के उल्लेख के कारण हिंदुत्व पर बहुत बहस मुबाहिसा, विचार विमर्श और चिल्लपों का भी बाजार गर्म होता रहा है। उसके उलट गांधी की हिंदू धर्म की प्रयोगधर्मी, सेक्युलर और समावेशी समझ के साथ कांग्रेस एवं अन्य लोग आज़ादी की लड़ाई के दौर में मध्यमार्गी विचारधारा की तरह विकसित होते रहे। लोकमान्य तिलक की अगुवाई में भी संतुलन रहा। जवाहरलाल नेहरू के कारण कांग्रेस को वामपंथ की ओर झुकाने का सिलसिला शुरू हुआ। गांधी, नेहरू, पटेल और मौलाना आज़ाद के कारण आंबेडकर को संविधान का खाका बनाने की केंद्रीय भूमिका सौंपी गई। संविधान में धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी होने के बावजूद हिंदुत्व समर्थकों का आरोप रहा है कि हिंदू कोड बिल के जरिए हिंदुओं के निजी अधिकारों में दखल दिया गया है, जबकि मुसलमानों के निजी मजहबी कानून जस के तस बने हुए हैं।

संविधान सभा में कांग्रेस कुल या उसके समर्थन के कई सदस्यों ने मजहब आधारित अधिकारों में रियायत का विरोध किया। किसी सदस्य को तो अल्पसंख्यक शब्द तक से परहेज़ था। सीपी और बरार के पीएस देशमुख ने 27 अगस्त 1947 को संविधान सभा में कहा कि भारतीय इतिहास में अल्पसंख्यक से ज्यादा राक्षसी कोई शब्द नहीं दिखा, जो देश की तरक्की में अड़ंगे अटकाएगा। आरके सिधवा ने अल्पसंख्यक शब्द को इतिहास की पोथी से ही मिटा देने की मांग की। आशंका भी जाहिर की कि

> हिंदू धर्म में पाखंड देखकर विवेकानंद गरजे थे कि 33 करोड़ देवी देवताओं के बदले दलितों और अकिंचनों को उनकी जगह स्थापित कर दिया जाए। संविधान सभा में नेहरूवादी तथा हिंदू राष्ट्रवादी वैचारिकों के बीच लगातार विवाद होता रहा है। धार्मिक अल्पसंख्यकों को न तो विधायिका में आनुपातिक प्रतिनिधित्व मिला और न ही सरकारी नौकरियों और नियोजन में। अल्पसंख्यकों को दिए गए गारंटीशुदा अधिकार और समान नागरिक संहिता के संकेत मुसलमानों के खातों में रह गए। कांग्रेस आज़ादी की लड़ाई में राजनीतिक पार्टी से ज्यादा आंदोलन रही है।

अल्पसंख्यकों को तालीमी संस्थाएं स्थापित करने के अधिकार देने से राष्ट्रीय एकता खंडित होगी और सांप्रदायिक तथा राष्ट्र विरोधी दकियानूसियां पनपेंगी। 26 मई 1949 को अल्पसंख्यकों की रिपोर्ट पर बहस करते कांग्रेस सदस्यों से नाराज एंग्लो-इण्डियन फ्रैंक एन्थोनी ने कटाक्ष किया, 'बिना दुर्भावना के कह रहा हूं-बहुत से सदस्य फकत नियम भर से कांग्रेसी हैं, लेकिन दरअसल विचारों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और हिंदू महासभा के सदस्य हैं। उनके भाषण अखबारों में पढ़ते हैं कि भारत की आज़ादी और संस्कृति का हिंदू राज और हिंदू संस्कृति के अलावा और मायने क्या हो सकता है?

3 दिसंबर तथा 6 दिसंबर, 1948 को सबसे उत्तेजक जिरह करते कांग्रेसी लोकनाथ मिश्र ने कहा 'अनुच्छेद 13 (अब 19) स्वतंत्रता का घोषणापत्र है, लेकिन अनुच्छेद 19 (अब 25) हिंदुओं को गुलाम बनाने का घोषणापत्र। यह बेहद अपमानजनक अनुच्छेद मसौदे का सबसे काला दाग है। धर्म प्रचार के कारण ही देश पाकिस्तान और भारत में बंट गया। हर व्यक्ति को धर्म प्रचार का मूल अधिकार देना ठीक नहीं है। क्या यह सचमुच हमारा विश्वास है कि जीवन से धर्म को बिल्कुल अलग रखा जा सकता है? हज़रत मोहम्मद या ईसा और उनके विचारों और कथनों से हमारा झगड़ा नहीं है, लेकिन धर्म का नारा लगाना खतरनाक है। धर्म प्रचार शब्द के नतीजतन हिंदू संस्कृति तथा हिंदुओं की जीवन तथा आचार पद्धति के पूरे विनाश का ही मार्ग प्रशस्त होना है। इस्लाम ने हिंदू विचारधारा के खिलाफ दुश्मनी का ऐलान कर रखा है। ईसाइयों ने हिंदुओं के सामाजिक जीवन में दबे पांव प्रवेश किया है। यह इस कारण कि हिंदुओं ने अपनी हिफाजत के लिए दीवारें नहीं खड़ी कीं। हिंदुओं के उदार ख्यालों का दुरुपयोग करते राजनीति ने हिंदू संस्कृति को ही कुचल दिया। धर्म की आड़ में गरीबी और अज्ञान धार्मिक उन्माद के छाते के नीचे पनाह ले रही हैं। दुनिया के किसी संविधान में धर्म प्रचार को मूल अधिकार नहीं कहा है। धार्मिक प्रचार से लोगों में दुश्मनी बढ़ेगी।"

28 अगस्त 1947 को अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर रिपोर्ट पेश करते सरदार पटेल ने कह दिया था कि मुस्लिम लीग के प्रतिनिधियों का संशोधन मुझे मालूम होता तो उनके किसी प्रकार के संरक्षण के लिए राजी नहीं होता। वे उन्हीं तरीकों को अपना रहे हैं जिन्हें उन्होंने पृथक निर्वाचक मंडल जारी करते वक्त अपनाया था। मुसलमानों के दो दल रहे हैं-एक राष्ट्रीय अर्थात कांग्रेसी मुसलमानों का दल और दूसरा मुस्लिम लीग का। उनमें इलाहाबाद में समझौता हो गया। हमने उस समझौते को नहीं माना। देश विभाजित हो गया। वही ढंग फिर अपनाया गया जो देश के विभाजन के लिए अपनाया गया था। तो मैं कहूंगा जो लोग इस तरह की बातें चाहते हैं उनके लिए पाकिस्तान में जगह है, यहां नहीं। कांग्रेसी गोविन्ददास ने राष्ट्रभाषा के सवाल पर जिरह करते कटाक्ष किया "उर्दू साहित्य में हिमालय का नहीं, उसकी जगह कोहकाफ़ का वर्णन मिलेगा। देश की कोयल नहीं, सिर्फ बुलबुल का वर्णन मिलेगा। भीम और अर्जुन की जगह रुस्तम का वर्णन मिलेगा। मैं कहना चाहता हूं कि हम पर सांप्रदायिकता की तोहमत लगाना बिल्कुल गलत है। मैं यह अवश्य कहूंगा कि हिंदी के समर्थक सांप्रदायिक नहीं। जो उर्दू का समर्थन करते हैं, वे सांप्रदायिक हैं।" तैश में आकर आरवी धुलेकर ने कह दिया कि कुछ मुसलमानों के अपवाद को छोड़कर ज्यादातर ने आज़ादी के आंदोलन में हिस्सा नहीं लिया था। उनमें से कई द्विराष्ट्रवाद के समर्थक भी थे। 'पिछले अड़तीस वर्षों में, जब से मैं कांग्रेस में था, इसे मानने अथवा इस मैत्री की नीति, अथवा इस हिंदुस्तानी के मामले का जो इतिहास रहा उसे कुछ याद करने की ज़रूरत है। मैं कहता हूं कि कुछ हजार मुसलमानों के अतिरिक्त, जो इस देश के सपूत हैं, और जो अब भी हमारे साथ हैं, अन्य सभी मुसलमान हमारे साथ नहीं रहे, वे इस देश को अपना देश नहीं समझते थे। इसी कारण वे पृथक होना चाहते थे। वे पृथक निर्वाचन क्षेत्र चाहते थे।

हिंदू धर्म में पाखंड देखकर विवेकानंद गरजे थे कि 33 करोड़ देवी देवताओं के बदले दलितों और अकिंचनों को उनकी जगह स्थापित कर दिया जाए। संविधान सभा में नेहरूवादी तथा हिंदू राष्ट्रवादी वैचारिकों के बीच लगातार विवाद होता रहा है। धार्मिक अल्पसंख्यकों को न तो विधायिका में आनुपातिक प्रतिनिधित्व मिला और न ही सरकारी नौकरियों और नियोजन में। अल्पसंख्यकों को दिए गए गारंटीशुदा अधिकार और समान नागरिक संहिता के संकेत मुसलमानों के खातों में रह गए। कांग्रेस आज़ादी की लड़ाई में राजनीतिक पार्टी से ज्यादा आंदोलन रही है। मदन मोहन मालवीय जैसे कद्दावर नेता कांग्रेस और हिंदू महासभा दोनों के अध्यक्ष लगभग एक समय ही रह पाए थे। नेहरूवादी दृष्टि का पूरा स्वीकार कांग्रेसियों ने अपने आचरण में नहीं किया। यही वजह है कांग्रेस आज अपने राजनीतिक आदर्शों को लेकर अतीत की अंतर्ध्वनियों को सुनती भर रहती है।

प्रसंगवश

हिंदू की राजनीतिक खींचातानी

प्राचीन आर्ष ग्रंथों में 'हिंदू' शब्द कहीं नहीं है। आर्य अनार्य शब्द आए हैं। गीता अध्याय2/2 में "अनार्यजुष्टमस्वर्ग्यम्" कहकर 'अश्रेष्ठ' के लिए अनार्य शब्द प्रयुक्त हुआ है। वैसे अपना प्राचीन दर्शन 'सर्वभूतहित रत' यानी सब प्राणियों के कल्याण की ही बात करता है। हिंदू शब्द 'सिंधु' से बना। कहीं इसे इंदु (चंद्रमा) और 'इण्डो आर्य' से उद्भूत भी बताया गया। जो भी हो, अब हिंदू भारत में एक बहुसंख्यक संप्रदाय है और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ 1925 में अपनी स्थापना के समय से ही इस वर्ग के हितों की बात करता रहा है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सद्यः लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि 'खुद को हिंदू कहने वाले हिंसा की बात करते हैं'। इसको लेकर तूफान खड़ा हुआ है कि राहुल पूरे हिंदू समाज को हिंसक बता रहे हैं। दरअसल राहुल की बात का भावार्थ न देखकर बिना तिल के ताड़ बनाया जा रहा है। राहुल का निशाना आरएसएस और भाजपा हैं, न कि संपूर्ण हिंदू समुदाय, चूंकि ये हिंदुत्व की लाठी भांजते हैं और अपने को इस समुदाय के हितों का ठेकेदार मानते हैं। हिंदू मुस्लिम मतों के ध्रुवीकरण से लाभ इन्हीं का होता रहा है। सोचने की बात है कि जो राहुल अपने को दत्तात्रेय गोत्री जनेऊधारी ब्राह्मण कहते हैं, वे पूरे हिंदू समुदाय को हिंसाप्रिय कैसे कह सकते हैं? वे विगत में शिव मंदिरों में जाते रहे हैं और लोकसभा में भी शिव जी का चित्र लेकर आए तथा यह कहकर दिखा रहे थे कि देखो! ये अभय दान की मुद्रा में हैं। उन्होंने अन्य संप्रदायों के भी महापुरुषों को सकारात्मक रूप से उद्धृत किया। ऐसे में राहुल के वाक्य में व्याकरण दोष निकालकर उन्हें हिंदू विरोधी ठहराना तथ्यों के विपरीत होगा। अब उन्हें 'पप्पू' 'या शहजादे' कहकर खिल्ली उड़ाने से काम नहीं चलेगा। बेहतर होगा कि सत्तापक्ष वास्तविकताओं को स्वीकार कर ले और मुल्कराज आनंद की कहानी "ए पेयर आफ मुस्टैचेस"(मूछों का जोड़ा) के खान आज़म खान की तरह व्यवहार न करे, जिसका अपनी मिथ्या अकड़ में परचून वाले सेठ रामानंद के मुकाबले पतन हो गया था।

ऊर्जा दक्षता के लिए छोटे-छोटे प्रयास जरूरी

हाल ही में इटली के अपुलिया में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। यह दुनिया में ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। सम्मेलन में कहा गया है कि दुनिया के सात सर्वाधिक संपन्न देशों का समूह जी-7 जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करेगा और ऊर्जा के बदलते स्रोतों को अपनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाएगा। सम्मेलन की समाप्ति पर समूह की तरफ से जारी मसौदा बयान में यह बात कही गई। मसौदे में कहा गया है कि हम जीवाश्म ईंधन पर धीरे-धीरे व्यवस्थित ढंग से निर्भरता कम करेंगे। 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए इस दशक में हम मिलकर गंभीरता से प्रयास करेंगे। इस दस्तावेज में कहा गया है कि 2035 तक कोयला आधारित बिजली उत्पादन में कटौती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

> असल में देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा।

गौरतलब है कि बीते अप्रैल महीने में जी-7 देशों के वित्त मंत्री इस प्रस्ताव पर सहमत हुए थे। वहीं सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में भारत का दृष्टिकोण चार सिद्धांतों उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता पर आधारित है। हम 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मोदी ने वैश्विक नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मिलकर आने वाले समय को हरित युग बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत कॉप के अंतर्गत ली गई सभी प्रतिबद्धताओं को समय से पहले पूरा करने वाला प्रथम देश है। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए यह भी कहा कि हमें मिलकर आने वाले समय को ग्रीन एरा बनाने का हर संभव प्रयास करना चाहिए।

आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को हर बार उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय बहुत चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं। कुछ लोगों ने तर्क दिया है कि कर वृद्धि, ऊर्जा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण और इस क्षेत्र के विनियमन जैसी सरकारी कार्रवाई ने इस संकट को बढ़ाया है।

जहां तक भारत की बात है, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है।

देश के ऊर्जा क्षेत्र को अपने बुनियादी ढांचे में सुधार और अपनी ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने के लिए वृहद निवेश की आवश्यकता है, लेकिन सरकार और निजी क्षेत्र ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त निवेश नहीं कर पा रहे हैं। देश की निम्न प्रति व्यक्ति आय और उच्च गरीबी दर भी लोगों के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का वहन कर सकना कठिन बनाती है। वहीं इस क्षेत्र में राजनीतिक और नियामक बाधाएं भी हैं। देश का ऊर्जा क्षेत्र अत्यधिक विनियमित या नियंत्रित है और इसमें सुधार की राह में उल्लेखनीय बाधाएं मौजूद हैं। इसमें एजेंसियों में समन्वय की कमी एक प्रमुख घटक है।

असल में देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा। इसे कोयले के कैलोरी मान को बढ़ाने और राख की मात्रा को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश कर प्राप्त किया जा सकता है। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना होगा।

सोशल फोरम

सत्य कहां होता है

सत्य कहां होता है, सत्य क्या भीड़ में, नेता में या मीडिया में होता है या इनके बाहर होता है? वास्तविकता यह है सत्य इन तीनों के बाहर होता है, सत्य वह नहीं है जो झुंड बोल रहा है, सत्य वह भी नहीं है तो नेता बोल रहा है या मीडिया बोल रहा है, सत्य वह है जो इन तीनों के बाहर हमारी आंखों से, हमारे विवेक से ओझल है। जीवन में देखो सत्य नजर आएगा।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

उपरोक्त तर्कों के आधार पर परंपरा में जाकर देखें, मसलन, राजा राममोहन राय के सती प्रथा के विरोध को देखें, जिस समय उन्होंने सती प्रथा का विरोध किया, बंगाल में अधिकांश लोग सती प्रथा समर्थक थे, अधिकांश मीडिया भी सती प्रथा समर्थकों के साथ था, अधिकांश शिक्षितलोग भी उनके ही साथ थे। लेकिन सत्य राजा राममोहन राय के पास था, उनकी नजरों से देखने पर अंग्रेजों को भी वह सत्य नजर आया वरना वे भी सती प्रथा को बंद करना नहीं चाहते थे।

कहने का आशय यह है सत्य वह नहीं होता जो भीड़ कह रही है। कल्पना करो आर्यभट्ट ने सबसे पहले जब यह कहा कि पृथ्वी घूमती है और सूर्य की परिक्रमा लगाती है तो उस समय लोग क्या मानते थे, उस समय सभी लोग यही मानते थे सूर्य परिक्रमा करता है, सभी ज्योतिषी यही मानते थे। लेकिन आर्यभट ने सत्य बोलना बंद नहीं किया, आज आर्यभट्ट सही हैं, सारी दुनिया इस बात को मानने को मजबूर है। जान लें आज भी जो ज्योतिष पढ़ाई जाती है उसमें आर्यभट्ट हाशिए पर हैं, वे न्यूनतम पढ़ाए जाते हैं लेकिन सत्य उनके ही पास था।

कहने का आशय यह कि हमें भीड़, नेता के कथन और मीडिया की राय से बाहर निकलकर सत्य जानने की कोशिश करनी चाहिए। सत्य आमतौर पर हमारी आंखों से ओझल होता है उसे परिश्रमपूर्वक हासिल करना होता है, उसके लिए कष्ट भी उठाना पड़ता है। बिना कष्ट उठाए सत्य नहीं दिखता। सत्य तो हमेशा कॉमनसेंस के बाहर होता है। कोरोना, डिजिटल इंडिया, वैक्सीनेशन आदि का सत्य वह नहीं है जो बताया जा रहा है सत्य वह है जो आने वाला है, अदृश्य है । भीड़ चेतना सत्य नहीं है।

-फेसबुक वॉल से

ऑनलाइन फूड डिलीवरी- तौबा मेरी तौबा

अक्सर लोग एक ही तरह का खाना खाते-खाते ऊब जाते हैं। ऐसे में कुछ स्वादिष्ट और अलग भोजन करना चाहते हैं। ऑनलाइन फूड डिलीवरी सर्विसेज आप के दरवाजे पर कई तरह के व्यंजन उपलब्ध करवाते हैं। स्थानीय से लेकर अंतर्राष्ट्रीय तक, आप जब चाहे, जहां चाहे, भोजन आप तक हाज़िर है, चाहे वह किसी भी देश का भोजन हो या फिर स्थानीय इलाके का जब चाहें स्वाद चख सकते हैं।

डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

> आजकल ऑनलाइन फूड डिलीवरी का क्रेज बढ़ता जा रहा है लेकिन शायद ही किसी को इस बात का पता है कि ये फूड सामान्य से 60 प्रतिशत तक अधिक मंहगे होते है।

लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन फूड डिलीवरी का तेजी से विकास देखा गया, अच्छा ऑनलाइन डिलीवरी एप्प उन लोगों के लिए सबसे अच्छा विकल्प बन गया था जो उस दौरान अपने घरों से बाहर नही जा पा रहे थे। इसके अलावा कई लोगों ने उज्ज्वल भविष्य देखकर इस व्यवसाय में निवेश करना शुरू कर दिया। इस से ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग बाजार में जबरदस्त उछाल आया और देखते ही देखते इस क्षेत्र में कई स्टार्ट अप के लिए अवसर खुल गए। साथ ही गला काट स्पर्धा भी शुरू हो गई, इसका असर यह हुआ कि सर्विस के भाव में गिरवाट आ गई। जल्दी डिलीवरी देने के फेर में गलतियां शुरू हो गई। गलत आर्डर, गलत बिल के साथ और गैरजिम्मेदार होने लगे।

अभी हाल ही में मुंबई के मलाड इलाके में बेहद ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक डॉक्टर और उसकी पत्नी ने दावा किया है कि आइसक्रीम कोन के अंदर इंसान की एक कटी हुई उंगली मिली। महिला ने सोशल मिडिया पर इसकी तस्वीर शेयर की और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस तहकीकात में पता चला कि बात बिल्कुल सही है। इंसानी ऊंगली का टुकड़ा वह भी आइसक्रीम में?

मुंबई से ही संबंधित एक मजेदार वाक्या है, आजकल मुंबई में मूसलाधार बारिश शुरू हो चुकी है, एक डिलीवरी ब्वाय की मोटर साइकिल खराब हो गई तो वह घोड़े पर बैठकर घर-घर डिलीवरी पहुंचाने लगा था। बात तो तब खुली जब उसका विडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो गया। यह व्यवसाय अब मनोरंजन भी प्रदान कर रहा है।

इसी साल मार्च माह की घटना है। बैंगलुरु की एक साफ्ट वेयर इंजीनियर लड़की ने ऑनलाइन फूड एप्प से खाने का आर्डर दिया। खाना लेकर एक युवा उचित समय पर आ भी गया। लड़की ने इंसानियत के नाते उससे पानी के लिए पूछा तो लड़का बाथरूम उपयोग का बहाना बना, घर में घुस गया और लड़की के साथ अश्लील हरकत करने लगा। लड़की ने जब शोर मचाया तो डिलीवरी ब्वाय वहां से भाग गया। अकेली रहने वाली लड़कियों के लिए ऐसे अंजान फूड ऑर्डरिंग ब्वायज भी खतरनाक हो सकते हैं। उन्हे सावधान रहना चाहिए।

कुछ माह पहले निरूपमा सिंह नाम की एक महिला ने ट्विट किया था कि उसने ऑनलाइन डिलीवरी एप्प से शाकाहारी भोजन का ऑर्डर दिया था और उसे मांसाहारी भोजन भेज दिया गया। उस के घर में कुल पांच लोग है और उनमे से चार पूर्ण शाकाहारी है। हमने शुद्ध शाकाहारी खाने का ऑर्डर दिया था और हमें मांसाहारी भोजन मिला। शुक्र है कि समय पर हम चेत गए वर्ना हमारा धर्म भ्रष्ट हो जाता।

इस वजह से जबलपुर में एक डिलीवरी ब्वाय का धर्म देखकर एक व्यक्ति ने ऑर्डर कबूल करने से ही मना कर दिया था,उसे शंका थी कि उसके खाने में भी कुछ गडबड़ी हो सकती है? उस वक्त काफी हो हल्ला भी बहुत हुआ था लेकिन कंपनी की तरफ से सफाई और "भोजन का कोई धर्म नही होता", जैसा बयान देने के बाद जाकर मामला ठंडा हुआ था।

एक और अजीबो-गरीब घटना दो साल पहले भी घटी है। हरियाना के पानीपत में एक व्यक्ति ने मछली के व्यंजन का ऑर्डर दिया। ऑर्डर ठीक समय पर बताए गए पते पर डिलीवर भी हो गया लेकिन जैसे ही उसे खोला गया, उसमे एक मरा हुआ जहरीला सांप मिला। यह तो गनीमत रही कि सांप जिंदा नही था। जब यह बात सोशल मिडिया पर वायरल हुई तो एक युजर ने लिखा था, लगता है, आजकल फूड डिलीवरी वाले सीधे सुन्दर वन से ऑर्डर पैक करते है।

गोवा का माइकल भूख से तड़प रहा था, उसने ऑनलाइन फूड ऑर्डर किया था लेकिन फूड आने में देर हो रही थी। इंतजार का एक एक पल घंटों की तरह लग रहा था, तभी उसके दरवाजे की घंटी बजी और वह उस दौड़ा, दरवाजा खोला तो उसे कोई दिखाई नहीं दिया, नीचे देखा तो दरवाजे के पास भी फूड पैकेट पड़ा था लेकिन जब उसने पैकेट खोला तो उसमे खाना ही नहीं था, एक पर्ची थी जिसमे लिखा था, "अगली बार ऑर्डर देंगे तो टिप जरूर देना!" माइकल ने खाने के पैसे चुकाये थे लेकिन टिप नही जोड़ा था तो उसे खाने का खाली डिब्बा मिला। डिलीवरी ब्वाय ने रास्ते में ही खाना चट कर लिया था। ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग में ऐसी बहुत सी कहानियां देखने सुनने को मिल जाएंगी। बीच में तो ऐसे बहुत से विडियो भी वायरल हो रहे थे जिसमें डिलिवरी ब्वाय ऑर्डर का खाना चट करते हुए नजर आ रहे हैं।

आजकल ऑनलाइन फूड डिलीवरी का क्रेज बढ़ता जा रहा है लेकिन शायद ही किसी को इस बात का पता है कि ये फूड सामान्य से 60 प्रतिशत तक अधिक मंहगे होते है। महंगाई के साथ इसी सब अजीबो-गरीब डरावनी घटनाओं की वजह से आज लोगों ने ऑनलाइन फूड ऑर्डर देने से परहेज करना शुरू कर दिया है।

ग्रामीण बैंकों के विलय की उठी मांग

देश की दो बड़ी अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ और आल इंडिया बैंक एंपलाइज एसोसिशन ने वित्त मंत्री से सभी 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको को उनके प्रायोजक बैंक में विलय करने का अनुरोध किया है। बैंको की संपूर्ण प्रगति और एकरूपता के लिए ऐसा किया जरूरी बताया गया है। यह मांग यूनियंस द्वारा पहले भी उठाई जाती रही है और ग्रामीण बैंक के अधिकारियों ने इसको लेकर आंदोलन भी किए थे।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण बैंक की शाखाएं सुदूर ग्रामीण अंचल में फैली हुई हैं, जिनकी संख्या पूरे देश में 22000 के करीब है। देश भर के 702 जिलो में कुल 30 करोड़ जमा खाते और करीब 3 करोड़ लोन खाते हैं।

ऐसा माना जा रहा है कि अगर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का अपने स्पांसर बैंक में विलय होता है तो ग्रामीण बैंकों में विद्यमान स्टाफ की कमी की प्रबल समस्या का समाधान होगा। आपसी प्रतिस्पर्धा पर विराम लगेगा और ग्रामीण बैंक के अधिकारी और कर्मचारी बैंकिग की नई और मुख्य धारा में जुड़ेंगे जो ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीन विकास के लिए बेहद जरूरी भी है। साथ ही साथ लो कास्ट डिपाजिट मोबलाइज करना और ऋण के अच्छे प्रस्ताव मिलना भी आसान होगा।

यह उल्लेख करना जरूरी है कि पंजाब एंड सिंध बैंक को छोड़ कर सभी ग्रामीण बैंक किसी ने किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से मूल रूप से जुड़े हुए हैं और देश भर में ग्रामीण बैंको की 92 प्रतिशत शाखाएं ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्र में काम कर रही हैं और स्टाफ की बेहद कमी के दौर से गुजर रही हैं। प्रायोजक बैंक में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय बैंकिग उत्पादों को त्वरित रूप से ग्राहकों तक पहुंचाने और ग्रामीण जनता की सभी बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा कर सकेगा। देखना होगा कि क्या वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन यूनियन के प्रस्ताव को स्वीकार कर ग्रामीण बैंकों के उनके (प्रायोजक) स्पासर बैंक में विलय को तैयार होंगी।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	79,441.45	24,123.85
नुकसान	34.74	18.10
प्रतिशत में	0.04	0.07

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 925 फ्लैग 1035 डीएमओ 825 बोल्ड 1100, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 920 फ्लैग 1070 बोल्ड 1120 डीएमओ 840।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2075, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1990, फॉर्चुन ली. 1625, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1655, राग गोल्ड 1615, गृहणी 1510, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1925, स्वास्तिक 2045, **किराना (प्रतिकु.)**-हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-25500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4700, खजाना 4700, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 6950-7400 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200, **चीनी**-डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी (नई) 4040 रुपये।

मलिहाबादी दशहरी का दीवाना हुआ जर्मनी

इंडो-जर्मन सरकार के सहयोग से ग्लोबल गैप दूर करके पहले निर्यात के लिए पसंद आया आम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आज जर्मन के राजदूत व अपर कृषि सचिव टीम के साथ मलिहाबाद का करेंगे भ्रमण
- निर्यात करने वाले 10 बागवानों को प्रोत्साहित करके उनसे और निर्यात की करेंगे मांग

अमृत विचार : इंडो-जर्मन सरकार के सहयोग से यूरोपीय देशों में लखनऊ के मलिहाबादी दशहरी आम के निर्यात की राह आसान हो गई है।

एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट (एएमडी) प्रोडेक्ट के तहत ग्लोबल गैप दूर करके पहली बार 14 जून को जर्मनी गया आम वहां के लोगों को खूब भाया है और बराबर निर्यात के लिए बुधवार को जर्मन के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन, अपर कृषि सचिव फैज अहमद किदवई (कृषि मंत्रालय) टीम के साथ मलिहाबाद आएंगे। जो एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट और कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय के अधिकारियों के साथ बागों का भ्रमण करके आमों की विशेषता जानेंगे। साथ ही आम निर्यात करने वाले 10 बागवानों को प्रोत्साहित करके उनसे और निर्यात की मांग करेंगे।

जर्मनी ने दिया था ग्लोब गैप का प्रशिक्षण: यूरोपीय देशों में कृषि उत्पाद के कठिन निर्यात के मानकों के कारण फल और सब्जियों का निर्यात नहीं होता है। इसे ग्लोबल गैप कहते हैं, जिसे दूर करने के लिए जनवरी में जर्मनी के विशेषज्ञों ने लखनऊ समेत 14 जिलों के 25 एफपीओ को फल और सब्जी के लिए ग्लोबल गैप का विश्व स्तरीय प्रशिक्षण दिया था। प्रशिक्षण में उत्पाद की गुणवत्ता, आयात-निर्यात की जानकारी, लाइसेंस व कीटनाशक दवाओं के मानक व इस्तेमाल करना, बाजार की पहचान, पैकिंग आदि तौर-तरीके सिखाकर ग्लोबल गैप का प्रमाण पत्र दिया था। इसमें आम यूरोप के मानकों में खरा उतरा है। इसी तरह एएमडी सब्जियों का निर्यात कराएगा।

इन एफपीओ को मिला था प्रशिक्षण

लखनऊ से निराला हर्बल बायो इनर्जी, सेक्रथ अर्थ बायो इनर्जी, नवज्योति किसान, इरादा बायो किसान फार्मर, मित्र जीवन बायो इनर्जी, जेवीकेएस बायो इनर्जी, टफारी फार्मर, रिस्ता फार्मर, पे अमृत आर्गेनिक, नवयुग फार्मर, अलीगढ़ से कोमलिका फार्मर, ओजोन फार्म, बलिया से दिदयम बायो इनर्जी, फतेहपुर से प्रगतिशील कृषक, ललितपुर से विकास पथ एग्रो, कासगंज से मेडिएरोमा एग्रो, उन्नाव औरास फार्मर, बाराबंकी से रामआसरे एग्रो, गाजीपुर से शिवांस कृषि, मेरठ से नीर आदर्श आर्गेनिक फार्मर, एटा से एग्री फार्म फ्रेश फार्मर, झांसी से उल्दन एग्रीकल्चर, रामपुर से रामपुर कृषक फार्मर, कानपुर देहात से एसआरएमजी प्रोड्यूसर व कृषक विकास प्रोड्यूसर कंपनी।

> लखनऊ के मैंगो पैक हाउस से पहली बार 1300 किलो मलिहाबादी दशहरी आम जर्मनी निर्यात किया है। इसका स्वाद वहां के लोगों को खूब पंसद आया है। अब किसी भी यूरोपीय देश में आम भेज सकते हैं।
>
> **-संजय कुमार, सहायक निदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय।**

अनएकेडमी ने 250 कर्मियों को नौकरी से निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी

सॉफ्ट बैंक बैक्ड एडटेक कंपनी अनएकेडमी ने करीब 250 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। इनमें से करीब 100 कर्मचारी कंपनी के बिजनेस डेवलपमेंट और मार्केटिंग टीम के लिए काम कर रहे थे। वहीं, करीब 150 लोग सेल्स डिपार्टमेंट से थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी ने इस फैसले की पुष्टि की है।

अनएकेडमी की स्थापना गौरव मुंजाल, रोमन सैनी और हेमेश सिंह ने 2015 में की थी। यह कॉम्पिटिटिव एग्जाम के लिए ऑनलाइन तैयारी कराती है। कंपनी ने अब तक 877 मिलियन डॉलर (करीब 7,318 करोड़ रुपए) का फंड जुटाया है। अनएकेडमी ने एक बयान में कहा, कंपनी के संचालन को सुव्यवस्थित करने और बिजनेस एफिसिएंसी बढ़ाने के हमारे निरंतर प्रयास के हिस्से के रूप में हमने रिस्ट्रक्चरिंग की है। कंपनी के लक्ष्यों और विजन को ध्यान में रखते हुए यह जरूरी था। यह सस्टनेबल ग्रोथ और प्रॉफिटेबिलिटी के लिए भी जरूरी था, जिसके चलते कुछ भूमिकाएं प्रभावित हुई हैं।

हेक्सावेयर भारत में करेगी 4,000 भर्तियां

नयी दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज इस साल अपने वैश्विक कर्मचारियों की संख्या में 6,000 से लेकर 8,000 तक की बढ़ोतरी करने जा रही है। इनमें से करीब 4,000 कर्मचारियों की भर्ती भारत में की जाएगी। हेक्सावेयर ने मंगलवार को बयान में कहा कि कंपनी में फिलहाल लगभग 30,000 कर्मचारी कार्यरत हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,750
गिन्नी (प्रति नग)	55,000-55,200
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,550
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,400
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,400
सोना जेवरात गिन्नी	71,400
चांदी पक्की	885 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,600
चांदी आभूषण	89,400।

गैर-शुल्क बाधाओं के बारे में जानकारी जुटाने के लिए पोर्टल बना रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य मंत्रालय निर्यातकों के सामने आने वाली गैर-शुल्क बाधाओं (एनटीबी) को दर्ज करने और उनके समाधान के लिए संबंधित देशों के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच तैयार कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही।

फिलहाल खास तौर पर छोटी वस्तुओं के लिए इन व्यापार बाधाओं से संबंधित सूचना मौजूद नहीं है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा- हम एक पोर्टल बना रहे हैं ताकि सभी गैर-शुल्क बाधाओं को प्राथमिकता दे सकें। इस पोर्टल पर कारोबारी अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे और मंत्रालय उस पर आगे की कार्रवाई करेगा। जिन मामलों में गैर-शुल्क बाधा बड़ी मात्रा में उत्पादों के व्यापार पर असर डाल रही है, उनके निवारण और कार्रवाई के लिए उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक रिपोर्ट में कहा है कि अमेरिका, चीन एवं जापान जैसे देशों में घरेलू निर्यातकों को गैर-शुल्क बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

नौ एनबीएफसी ने आरबीआई को पंजीकरण प्रमाणपत्र लौटाया

मुंबई। आरबीआई ने मंगलवार को कहा कि उज्जीवन फाइनेंशियल सर्विसेज समेत नौ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) ने केंद्रीय बैंक को अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) लौटा दिया है। इनमें से पांच एनबीएफसी ने गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान काराबार से बाहर होने की वजह से अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र लौटा दिया है। इनके नाम विगफिन होल्डिंग्स, स्ट्रिप कमोडियल, एलियम फाइनेंस, इटरनाइट फिनवेस्ट और फिनो फाइनेंस हैं। इनके अलावा एलेग्रो होल्डिंग्स, टेम्पल ट्रीज इम्पेक्स एंड इन्वेस्टमेंट और हेम फाइनेंशियल सर्विसेज ने प्रमाणपत्रों को लौटाया है।

सेबी ने हिंडनबर्ग को भेजा कारण बताओ नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- अमेरिकी कंपनी ने इसे बेतुका तथा डराने का प्रयास बताया

भारतीय पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अमेरिकी 'शॉर्ट-सेलर' एवं निवेश शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को अडाणी समूह के शेयरों पर दांव लगाने में कथित उल्लंघन को लेकर किए दावों को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट जारी की थी।

अमेरिकी कंपनी ने बताया कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने उसे कारण बताओ नोटिस भेजा है। उसने इस नोटिस को बेतुका और पूर्व-निर्धारित उद्देश्य की पूर्ति के लिए गढ़ा गया बताया। उसने कहा कि यह भारत में सबसे शक्तिशाली लोगों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने तथा डराने का प्रयास है। अमेरिकी कंपनी ने कहा कि कारण बताओ नोटिस से कुछ प्रश्नों का समाधान हो गया है, क्या हिंडनबर्ग ने अडाणी को नुकसान पहुंचाने के लिए दर्जनों कंपनियों के साथ काम किया, जिससे करोड़ों डॉलर कमाए? नहीं ...हमारे पास एक निवेशक साझेदार था और लागतों के बाद हम शायद ही अदाणी शॉर्ट पर ब्रेक-ईवन से ऊपर आ पाएं।

कोटक ने लाभ दिलाने के लिए विदेशी कोष बनाया: हिंडनबर्ग

अमेरिकी निवेश और शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने दावा किया है कि उद्योगपति उदय कोटक द्वारा गठित बैंक और 'ब्रोकरेज' कंपनी ने विदेशी कोष बनाया और उसका रखरखाव किया तथा इस कोष का उपयोग 'अज्ञात निवेशक' ने अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट से लाभ उठाने के लिए किया। हिंडनबर्ग ने जनवरी, 2023 में अदाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट जारी की थी।

बरेली देहात

एक नजर

बिजली से खपरैल गिरी, दो जानवरों की मौत

बिथरी चैनपुर,अमृत विचार : बिजली गिरने से खपरैल गिर गई, जिससे दो जानवरों की मौत हो गई। जबकि दो लोग समेत 12 पशु घायल हो गए। पीड़ित ने इसकी सूचना राजस्व विभाग को दी है। मंगलवार सुबह कमुआ खुर्द निवासी महेन्द्रपाल के घर की खपरैल पर बिजली गिर गई। उसके नीचे 14 जानवर बंधे थे, जिसमें एक भैंस और एक बच्चे की दबकर मौत हो गई।वहीं अन्य 12 पशुओं के चोटें लगीं हैं। खपरैल के नीचे खड़े महेन्द्र पाल की पत्नी और बेटे के गंभीर चोटें आई हैं।

खस्ताहाल रोड को दुरूस्त कराने की मांग

फरीदपुर,अमृत विचार : सैदापुर बहगुल नदी पर खस्ताहाल रोड के निर्माण को लेकर किसान एकता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम फरीदपुर निधि डोडवाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा। उन से मांग की गई कि जब तक निर्माण नहीं किया जाता, तब तक रोड पर ईंट का गट्टा या मिट्टी डालकर उसकी वैकल्पिक व्यवस्था जरूरी है। किसानों को खेतों पर जाने के लिए इसी मार्ग से गुजरना होता है जो जोखिम भरा है, जिससे हादसे की आशंका रहती है। इस मार्ग का निर्माण नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान चौधरी श्यामपाल गुर्जर, बोहरन सिंह, भगवानदास, सुमित सिंह चौहान, शिवम पांडे समेत अन्य मौजूद रहे।

कांवड़ यात्रा से पहले कराएं सड़कों की मरम्मत

आंवला, अमृत विचार : एसडीएम आंवला नहने राम ने कांवड़ यात्रा से पहले सड़कों की मरम्मत कराने और किनारे लगी झाड़ियां कटवाने के लिए अधिशासी अभियंता लोकनिर्माण विभाग बरेली निर्माण खंड-एक को पत्र भेजा है। एसडीएम ने बताया कि सावन में कांवड़ियां कछला घाट से जल लाकर गौरी शंकर मंदिर गुलड़िया समेत तहसील क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक करते है। कांवड़ यात्रा के दौरान बदायूं जाने वाले वाहनों के रुट को परिवर्तित कर अखा गैनी अलीगंज आंवला होते हुए बदायूं भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि भमोरा से आंवला और आंवला से गैनी तक रोड बेहद खराब है। जगह जगह झाड़ियां हैं। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा से पहले सड़क की मरम्मत कराने और झाड़ियां कटवा दें। ताकि शिवभक्तों को कोई समस्या न हो। एसडीएम ने आंवला से रामनगर, रामनगर से गौरी शंकर मंदिर गुलड़िया, अलीगंज से गुलड़िया, गोरा लोकनाथपुर से गुलड़िया, खैलम से अलीगंज लिंक रोड तक, आंवला से राजपुरकलां मार्ग तक सड़क की मरम्मत कराने को कहा है।

विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर महिला ने ठगे डेढ़ लाख रुपये

युवाओं को दिए फर्जी ऑफर लेटर, दो माह बाद भी नहीं लगी नौकरी

संवाददाता, कैंट

- रुपये वापस मांगने पर दी जान से मारने की धमकी
- कोर्ट के आदेश पर महिला समेत दो पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : हरियाणा की महिला ने एक युवक के साथ मिलकर विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये की ठगी कर ली। न्यायालय के आदेश पर कैंट पुलिस ने महिला समेत दो के खिलाफ धोखाधड़ी, रंगदारी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

कैंट थाना क्षेत्र के कांधरपुर के मजरा बरकलीगंज निवासी मोइन रजा ने बताया कि हरियाणा के गुड़गांव स्थित राजेंद्र पार्क के ब्लॉक नंबर 1 निवासी मीना शर्मा आरआर स्टाफिंग एंड एचआर सर्विसेज के नाम से एक प्लेसमेंट कंपनी चलाती है। जिसकी एक शाखा का कार्यालय कैंट के दूरदर्शन केंद्र के पीछे कांधरपुर स्थित विवेक राज चौहान के मकान में स्थित है। मोइन रजा उस कंपनी में कार्यरत है। मीना शर्मा ने उससे कहा कि हमारी कंपनी में कुछ भर्ती आई हैं। मैं पिछले चार-पांच साल से अपने परिचित मुंबई के एरोली स्थित दीवा गोठान सेक्टर 9 निवासी मोहम्मद आरिफ के माध्यम से लोगों को विदेश में नौकरी करने भेजती हूं। इसके बदले में प्रति व्यक्ति से एक महीने की सैलेरी एडवांस में लेती हूं। पीड़ित व्यक्ति ने अपने पांच परचित लोगों से डेढ़ लाख रुपये इकट्ठा करके आरिफ के दिए खाते में ट्रांसफर कर दिए। और पांचों व्यक्तियों के शैक्षिक दस्तावेज भी भेज दिए। मीना और आरिफ ने एक कंपनी के नाम के फर्जी ऑफर लेटर जारी करके भेज दिए। जब 2 महीने बाद भी नौकरी नहीं लगी तो उसे अपने साथ ठगी का एहसास होने पर महिला से अपनी रकम वापस करने को कहा तो महिला ने रंगदारी के रूप में 50 हजार रुपये की और मांग की। कहा की अगर 50 हजार दोगे तभी सभी की नौकरियां लगेंगी। अन्यथा जान से मार दिए जाओगे। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसएसपी से की। कार्रवाई न होने पर कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। कोर्ट के आदेश पर कैंट पुलिस ने मंगवार को आरोपी मीना शर्मा, मोहम्मद आरिफ तथा विवेक राज चौहान के खिलाफ धोखाधड़ी, रंगदारी तथा अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में आग से लाखों का सामान जला

गोदाम में लगी आग से उठती लपटें। ● अमृत विचार

संवाददाता, मीरगंज

अमृत विचार : मीरगंज में मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे इलेक्ट्रॉनिक की दुकान के गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे लाखों के इनवर्टर, कूलर, पंखे, सोलर पैनल सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया ।सुबह उस्मान उर्फ कल्लू खां उठे तो उन्होंने देखा कि गोदाम में से धुंआ निकल रहा है। उन्होंने घर पर इसकी सूचना दी तो घर के सभी लोग पहुंचे गोदाम का शटर उठाकर देखा तो आग की लपटे निकल रहीं थीं। बैटरियां फटकर दूर जाकर गिर रहीं थी, गोदाम में तेजाब फैल गया। आग को बाल्टियों से बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। राहगीर शाकिब हुसैन ने दमकल विभाग को फोन किया तो 5 मिनट में दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के करीब आधे घंटे बाद आग पर काबू पाया।

समय से थाने न पहुंचने पर पुलिस कर्मियों पर होगी कार्रवाई

बरेली, अमृत विचार : सभी थानों में रोजाना सुबह साढ़े नौ बजे तक सभी पुलिस कर्मियों को पहुंचना होगा। ड्यूटी पर रहने के बाद भी थाने न पहुंचने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में एसएसपी अनुराग आर्य ने निर्देश दिए हैं। एसएसपी के अनुसार जिले के सभी थानों में रोजाना सुबह गणना और ब्रीफिंग की जाएगी। जिसके लिए सभी पुलिस कर्मियों को सुबह 9.30 बजे उपस्थित होना पड़ेगा। प्रतिदिन थाना क्षेत्र में महत्वपूर्ण आयोजनों के संबंध में सभी को बताया जाएगा। थाना और आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायती पत्रों को पुलिसकर्मियों को आवंटित कर जांच कर शाम को समीक्षा की जाएगी। विभिन्न न्यायालय से जारी समन, वारंट पुलिसकर्मियों को आवंटित कर तामील कराया जाएगा। समय-समय पर पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली जाएगी।

एसडीएम कोर्ट के बाहर भाभी ने देवर को पीटा, हंगामा

बरेली, अमृत विचार : जमीन को लेकर एसडीएम कोर्ट में चल रहे वाद में तारीख पर पहुंचे देवर और भाभी के बीच मंगलवार को विवाद हो गया। भाभी ने देवर की छाते से पिटाई की। दोनों पक्षों को एसडीएम के सामने पेश किया गया। एसडीएम ने दोनों को समझाकर शांत कराया। सदर तहसील क्षेत्र के अढ़ूपुरा निवासी रामदती के पति की मौत हो चुकी है। वसीयत को लेकर महिला और देवर ओमकार के बीच विवाद चल रहा है। यह मामला तहसीलदार न्यायिक की कोर्ट में चल रहा था। जहां दोनों पक्षों के वाद को खारिज किया जा चुका है। अपील के बाद मामला एसडीएम सदर की कोर्ट में पहुंच गया। मंगलवार को तारीख लगी थी। देवर-भाभी तारीख पर आए थे। एसडीएम कोर्ट के बाहर जमीन के विवाद को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। बातचीत इतनी बढ़ी कि महिला ने छाते से देवर की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान अफरातफरी का माहौल बन गया। लोगों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। जानकारी होने पर एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने दोनों को कार्यालय में बुलाकर बातचीत की। दोनों ने एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए। एसडीएम ने दोनों पक्षों की बात सुनी। इसके बाद कहा कि, मामला न्यायालय में विचाराधीन है। लड़ाई झगड़े से दूर रहने की हिदायत दी।

रिफा बनीं रिया और महक बनीं सोनम, प्रेमियों के साथ की शादी

- बोलीं, कि हमने अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन कर की है शादी

बरेली,अमृत विचार : दो मुस्लिम युवतियों ने प्रेमियों से विवाह कर हिंदू धर्म अपना लिया। उनका विवाह अगस्त्य मुनि आश्रम के महंत पंडित केके शखंधार ने कराया। उन्होंने बताया कि दोनों बालिग हैं और अपनी इच्छा के अनुसार उन्होंने वैदिक धर्म अपनाया है।

बरेली के देवरनिया थाना क्षेत्र की निवासी रिफा बी ने अब अपना नया नाम रिया सागर रख लिया है। रिफा उर्फ रिया ने बताया कि वह कक्षा 8 तक ही पढ़ी हैं। गांव में पिता का क्लीनिक है। पांच वर्ष पूर्व गांव के राहुल से उनकी दोस्ती हो गई थी। राहुल इस समय पोस्ट ऑफिस में ब्रांच पोस्ट मास्टर हैं। राहुल ने कई बार शादी के लिए कहा तो लगा कि वह अच्छे दोस्त हैं, अच्छे इंसान हैं, पति भी अच्छे साबित हो सकते हैं। बस यह सोचकर ही उनके साथ अपनी इच्छा से शादी कर ली। रिया ने बताया कि उन्होंने अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन किया है। वहीं रामपुर की महक ने बताया कि तीन तलाक के डर से उन्होंने वैदिक धर्म अपनाया है। बताया कि वह अंश को चाहती हैं। अंश एक अच्छा इंसान है, इसलिए धर्म परिवर्तन करके उसके साथ शादी कर ली। अब उनकी पहचान सोनम के रूप में होगी। पंडित केके शंखधार ने बताया कि दोनों लड़कियों ने बिना किसी दबाव के अपनी इच्छा से घर वापसी की है।

मकान पर गिरी बिजली, लिंटर में आई दरार

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के निकटवर्ती गांव ईध जागीर के यासीन नगर में सुबह छह बजे दो मकानों पर बिजली गिर गई। एक मकान के लिंटर में दरारें आई तो दूसरे मकान का बीम टूटकर गिर गया। इस दौरान मकानों मे रखे इलेक्ट्रिक उपकरण जल गए। गिरती बिजली को देख दो महिलाओं की हालत बिगड़ गई। यासीन नगर के शाने अली के मकान पर बिजली गिरने से लिंटर में दरारें आने के साथ ही दीवार पर पड़े एक बीम का कुछ हिस्सा जमीन पर गिर गया।

लाइसेंस निरस्त होने के बाद फर्जी ठेकेदार ने दी धमकी

बरेली, अमृत विचार :अमृत विचार : बदायूं के एक व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर ए-श्रेणी के कांट्रेक्टर के रूप में पंजीकरण करा लिया। शिकायत पर जांच हुई तो मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया। आरोपी का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया। अब आरोपी दूसरे ठेकेदार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। मामले में एडीजी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी के संजयनगर में रहने वाले विमनेश कुमार ने बताया कि वह ए-श्रेणी के ठेकेदार जावेद अली की फर्म में कार्यरत हैं। आरोप है कि बदायूं के नेकपुर निवासी सतीश चंद्र दीक्षित ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर ए-श्रेणी के ठेकेदार के रूप में पंजीकरण करा लिया। आरोप है कि सतीश चंद्र जावेद अली की फर्म पर झूठे आरोप लगाकर रंगदारी मांगता रहा। आरोपी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ठेके भी हथिया लिए। विमनेश ने बताया कि जब उन्होंने व उनके मालिक ने अधिकारियों से शिकायत की तो मामले की जांच हुई। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर सतीश का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया।अब आरोपी उन्हें व उनके मालिक जावेद अली को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

सार-संक्षेप

महिला से छेड़खानी के विरोध पर पति -बेटे को पीटा

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के थाना क्षेत्र की एक महिला ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसका पति भट्टे पर काम करता है। एक जुलाई देर शाम वह घर पर अकेली थी, इसी दौरना गांव का ही एक युवक घर में घुस आया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। उसने विरोध किया तो गालियां देने के साथ ही मारपीट करने के साथ ही अपने परिवार के लोगों को बुला लिया। इस दौरान उसका पति और बेटा भी आ गए। और उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपी व उसके परिवार के लोगों ने उनके साथ मारपीट की। जेठ के पहुंचने पर आरोपी धमकी देकर चले गए।

महिला से छेड़खानी करने वाले सूदखोर पर मुकदमा

कैंट, अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि उसका पति सरकारी नौकरी करता है। गांव के ही एक युवक से उसने दो बार में 1.80 लाख रुपये उधार लिए थे। सिक्योरिटी के तौर पर उसके पति ने आरोपी को चेक भी दिए थे। तब से उसका पति आरोपी को 6 हजार प्रति माह देता आ रहा है। आरोपी के पास अब तक कुल 3.60 लाख रुपये पहुंच चुके हैं। फिर भी वह उसके पति से आए दिन गाली गलौज करके और रुपये की मांगता है, मना करने पर जेल भिजवाने की धमकी देता है। 1 नवंबर 2023 को महिला घर पर अकेली थी। इसी बीच आरोपी अपने दो अन्य साथियों को लेकर घर में घुस आया। उसके कपड़े फाड़ दिए, छेड़खानी करने लगे,जाते समय महिला को धमकी देकर चले गए। पीड़िता ने थाने और वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की। कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर कैंट पुलिस ने आरोपी पप्पू राम उर्फ टैना पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम चनेहटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

बाइक के लिए महिला को प्रताड़ित कर घर से निकाला

क्योलड़िया, अमृत विचार : दहेज में बुलेट नहीं मिलने पर ससुरालियों ने बहू को मारपीट कर छह माह की बच्ची के साथ घर से निकाल दिया, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। थाना क्षेत्र के गांव जावेदा जवेदी के सूके शाह ने बेटी रुखसार कि शादी ताहिर अली निवासी मोहल्ल इंदिरा नगर कस्बा रिठौरा थाना हाफिजगंज से डेढ़ वर्ष पूर्व की थी। पति ताहिर अली, ससुर अफसर शाह, सास नूरजहां समेत अन्य ने उसे दहेज में बुलेट लाने की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। बेटी को छह माह की बच्ची के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद वह मायके में रह रही थी, 25 मार्च 2024 लड़का पक्ष के लोग पंचायत लेकर गांव आए समझौते के बाद बेटी को विदा कर दिया गया।पीड़िता का आरोप है कि पति उससे अप्राकृतिक संबंध बनाता था, देवर भी बुरी नजर रखता था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

मोहर्रम की तैयारियों को लेकर की बैठक

बरेली, अमृत विचार : मोहर्रम शुरू होने में एक सप्ताह का समय बचा है। इस दौरान होने वाले कार्यक्रमों को लेकर अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता-ए-हैदरी की ओर से एक बैठक जखीरा स्थित सदर हाजी अलमदार हुसैन रिजवी के निवास पर की गई। बैठक में मोहर्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा क गई। मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि जल्द ही मोहर्रम के जुलूसों को लेकर प्रशासन से मिलेंगे। नगर निगम से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग भी की जाएगी। इस अवसर पर नायब सदर सफदर अली काजमी, सचिव हसन मियां पप्पू, डॉ. असद जैदी, अली आलिम जैदी, सोमिल अब्बास, हानी जैदी बरेलवी, गुलरेज तुराबी, बिलाल जैदी, अन्नू जैदी, तसव्वुर अब्बास आदि उपस्थित रहे।

अमरनाथ यात्रा के लिए भक्तों का जत्था रवाना

बरेली, अमृत विचार : अमरनाथ सेवा मंडल शाखा के बैनर तले सुधीर भटनागर के नेतृत्व में 35 लोगों का जत्था पुराना रोडवेज बस स्टैंड से अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। इसमें प्रमुख रूप से अभिनव शील, मयंक कुर्मी, मोहित कुर्मी, राहुल सक्सेना, विपिन शर्मा, राज शर्मा, दिनेश गंगवार, आदित्य मिश्रा, रिंकू चौधरी, आशुतोष शर्मा, मुकेश मिश्रा, रवि, विवेक कश्यप, शरद सक्सेना, प्रवीण भाटिया, शिवम सक्सेना, राजीव,रविंद्र, लाल बहादुर, करण, सुनील, अतुल, जितेंद्र, पूरन, उदित आदि रहे।

हाथरस की घटना पर कांग्रेसियों ने जताया शोक

बरेली, अमृत विचार : हाथरस में सत्संग के दौरान भगदड़ के कारण लोगों की मौत पर महानगर अध्यक्ष कांग्रेस अजय शुक्ला ने दुख व्यक्त किया। पूर्व पार्षद महेश पंडित, पीसीसी प्रवक्ता योगेश जौहरी ने भी शोक व्यक्त करते हुए हादसे में दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

अपील दाखिल करने में होने वाली देरी से बचने के लिए कानूनी टीमों के गठन का सुझाव

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को अपील दाखिल करने में होने वाली देरी से बचने के लिए एक विशेष प्रक्रिया अपनाने का सुझाव देते हुए कहा कि समय पर अपील दाखिल करने सहित कानूनी मामलों का कुशलतापूर्वक निपटारा शासन का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो सीधे जनता के विश्वास और सार्वजनिक संसाधनों के उचित उपयोग को प्रभावित करता है। यह आवश्यक है कि सरकार वैधानिक समय सीमा के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए मजबूत तंत्र स्थापित करे। कानूनी मामलों की निगरानी के लिए प्रत्येक विभाग में समर्पित कानूनी टीमें बनाई जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि अपील दाखिल करने सहित सभी आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय सीमा के भीतर हो। ऐसे मामलों में सरकार की जवाबदेही की एक स्पष्ट रेखा होनी चाहिए और कानूनी मामलों को इस तत्परता के साथ निपटाना चाहिए, जिसके वे हकदार हैं। कानूनी मामलों की निगरानी के लिए गठित समर्पित टीम में अनुभवी कानूनी पेशेवर शामिल होने चाहिए जो संबंधित कानून और प्रक्रियाओं से वाकिफ हों। मामलों की प्रगति पर निगरानी रखने के लिए मजबूत ट्रैकिंग और निगरानी प्रणाली भी लागू की जा सकती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की एकलपीठ ने 224 दिनों की देरी के बाद मध्यस्थता के एक मामले में सरकार द्वारा दाखिल अपील को खारिज करते हुए पारित किया तथा कहा कि अपील दाखिल करने में इस तरह का लापरवाह और उदासीन दृष्टिकोण अपनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव (कानून) को निर्देश दिया कि इस निर्णय की तिथि से 6 महीने के भीतर इस संबंध में की गई कार्यवाही पर न्यायालय के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

एयरफोर्स में नौकरी दिलाने के नाम पर ठग लिए 31.49 लाख

युवक को नोएडा के एक पीजी में रखकर ट्रेनिंग का दिया गया झांसा

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- विजय सिंह को दिया गया था फर्जी ज्वाइनिंग लेटर

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में युवक से पड़ोसी गांव के व्यक्ति ने सेना में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 31. 49 लाख रुपये की ठगी कर ली। इतना ही नहीं, फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी थमा दिया।

युवक को 10 महीने तक नोएडा में रखा। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित युवक लौटा आया। अब युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। थाना क्षेत्र के गांव सिंघौला चेत सिंह निवासी रामफल ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मार्च 2022 में पड़ोसी गांव के एक व्यक्ति ने उसके बेटे विजय सिंह की सेना (एयरफोर्स) में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। विजय सिंह उसके झांसे में आ गया। जिसके बाद गवां में स्थित प्लॉट बेचकर 20 लाख रुपये दे दिए। बाद में 11 लाख 49 हजार रुपये ऑनलाइन पे फोन किए थे। व्यक्ति ने विजय सिंह को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दिया। विजय सिंह को करीब 10 महीने तक नोएडा के एक पीजी में रखा और ट्रेनिंग का झांसा दिया गया। जब विजय सिंह को ठगी का अहसास हुआ तो वह करीब एक महीने में ही वापस आ गया। रामफल ने मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

गांव में हुई थी दावत बैंडबाजे से किया था विदा

रजपुरा, अमृत विचार : बेटे विजय सिंह की एयर फोर्स में ऑफिसर के रूप में नौकरी लगने की खबर के बाद उसके ट्रेनिंग पर रवाना होने का दिन आया तो पिता रामफल ने घर पर गांव के लोगों व रिश्तेदारों की दावत दी थी। 31 जुलाई 2023 को दावत में परिजनों के अलावा नाते रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने बैंड बाजा एवं डीजे पर डांस करने के बाद खुशी-खुशी विजय सिंह को विदा किया। दोस्तों ने विजय सिंह के साथ खूब सेल्फी ली थीं।

फतेहपुर की खागा तहसील के एसडीएम निलंबित

लखनऊ, अमृत विचार : फतेहपुर की खागा तहसील के एसडीएम अतुल कुमार को किसान की फरियाद अनसुनी करना भारी पड़ गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर एसडीएम को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, विभागीय कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं। निलंबित एसडीएम को आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

फतेहपुर के ग्राम पाई के किसान रविकरन सिंह ने 15 जून को संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील खागा में एसडीएम अतुल कुमार को भूमि विवाद संबंधी प्रार्थना पत्र दिया था। एसडीएम अतुल कुमार ने मामला गंभीर होने के बाद भी शिकायत का ससमय व गंभीरतापूर्वक निस्तारण नहीं किया। ऐसे में मामले की जांच मंडलायुक्त प्रयागराज और पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र को सौंपी गई। दोनों अधिकारियों ने अपनी जांच रिपोर्ट में एसडीएम अतुल कुमार को दोषी ठहराया।

सार-संक्षेप

मुरादाबाद: बेखौफ दबंगों ने युवक को मारी गोली

मुरादाबाद, अमृत विचाररू मझोला थाना क्षेत्र में बेखौफ दबंगों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। दबंगों ने एक मिनट में लगभग तीन राउंड फायरिंग की। लोगों के जुटने पर दबंग हथियार लहराकर धमकी देकर भाग निकले। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। आशियाना कॉलोनी के रहने वाले प्रेस फोटो जर्नलिस्ट राजेश कुमार का बेटा वैभव मंगलवार देर रात सर्किट हाउस के पास किसी काम से गोल चक्कर गया था। इसी दौरान उसकी रेकी कर बाइक सवार छह दबंगों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाना शुरू कर दिया। अंकित यदुवंशी और राज गुर्जर समेत छह युवकों ने एक मिनट में लगभग तीन राउंड फायरिंग की। गोली लगने से वैभव लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा।

गोवध कर बेचते थे मांस, पुलिस ने पकड़े दो आरोपी

बदायूं, अमृत विचार : थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव इमलिया और इनायतगंज के जंगल में गोवध कर अवशेष छोड़कर भागने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके दो साथी अभी फरार हैं। आरोपियों ने बताया कि वह गोवंश चोरी करके हत्या करते थे और बाजार में मांस बेच देते थे। 28 जून की रात गोमांस तस्करों ने थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव इमलिया और इनायतगंज के बीच जंगल में गोवध किया था। दूसरी गाय का वध करने के लिए पास में ही झाड़ी में पेड़ से बांधी गई थी। आहट होने पर गोमांस तस्कर भाग गए थे। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष ने पुलिस टीम के साथ गांव करौतिया के जंगल में दबिश दी। मोहम्मद नवी की मैंथा फैक्ट्री से दो आरोपयों को पकड़ लिया।

गलत इंजेक्शन से मौत, झोलाछाप को सात साल की सजा

बदायूं, अमृत विचार : फास्ट ट्रैक कोर्ट की अपर सत्र न्यायाधीश मिर्जा जीनत ने गैर इरादतन हत्या के 15 साल पुराने मामले में आरोपी झोलाछाप को दोषी माना है। उसे सात साल की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई गई है। एक अन्य आरोपी की पत्रावली अलग चल रही है। गलत इंजेक्शन लगाने की वजह से मौत के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार 31 जुलाई 2009 को संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र के गांव मखदूमपुर निवासी सर्वेश देवी ने पुलिस को तहरीर दी कि सुबह उनके पति मोहन लाल के पेट में तेज दर्द हुआ था। उनकी रिश्तेदार बरफा देवी झोलाछाप विनोद को बुला लाई। झोलाछाप ने उनके पति को दो इंजेक्शन लगाए। इंजेक्शन लगाते ही पति की तबियत बहुत ज्यादा बिगड़ गई। परिजन उन्हें अलीगढ़ जा रहे थे रास्ते में दम तोड़ दिया।

किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को दस साल की सजा

पीलीभीत, अमृत विचार : अपर सत्र न्यायाधीश (बलात्कार एवं पॉक्सो अधिनियम) छांगुर राम ने एक मामले की सुनवाई के बाद माधोटांडा थाना क्षेत्र के रहने वाले आरोपी महेश कुमार उर्फ छोटा को किशोरी से दुष्कर्म करने और अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का दोषी पाते हुए दस साल कैद और 2 .41 लाख रुपये अर्थदंड लगाया। यह भी आदेश किया है कि जुर्माने की धनराशि से 75 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को बतौर प्रतिपूर्ति दी जायेगी। अभियोजन कथानक के अनुसार थाना माधोटांडा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाना माधोटांडा में रिपोर्ट लिखाई थी। जिसमें बताया था कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा 10 की छात्रा है। गांव का ही महेश कुमार उर्फ छोटा उसे बहला फुसलाकर अपने झांसे में लेकर दुष्कर्म करता रहा। आरोपी ने बेटी के अश्लील फोटो बना लिये। इसके बाद उन्हीं फोटो को दिखाकर धमकाते हुए ब्लैकमेल करके शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा।

जूते की फैक्ट्री में आग, एक करोड़ का माल राख

आगरा, अमृत विचार : मलपुरा थाना क्षेत्र के मुल्ला की प्याऊ स्थित जूता फैक्ट्री बाबा एक्सपोर्ट में सोमवार रात लगभग एक बजे आग लग गई। कुछ ही देर में पूरी फैक्ट्री जलकर खाक हो गई। सारा सामान जल गया। पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कारोबारी को एक करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान का आंकलन किया गया है। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। आग लगते ही चौकीदार ने आसपास के लोगों को सूचना दी। फैक्ट्री स्वामी को भी सूचित किया गया। फायर बिग्रेड ने पांच घंटे में आग पर काबू पाया गया। फैक्ट्री में एक करोड़ रुपए से ज्यादा के तैयार जूते और रॉ मैटीरियल था, जो राख हो गया। यह फैक्ट्री ताजगंज के पंचवटी कॉलोनी निवासी मनमीत सिंह की है। यह 20 साल पुरानी फैक्ट्री है।

कम्पोजिट स्कूल विहारीपुर अ. रहमान विकास क्षेत्र भदपुरा (बरेली)

नीलामी सूचना

कार्यालय जिला बेसिक शि. अधिकारी बरेली के पत्रांक सं. एस.एस.ए. निर्माण/ 4618-23-2023-24 दिनांक 15.12.2023 के अनुपालन में कम्पोजिट विद्यालय बिहारीपुर अब्दुल रहमान (1-8) के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 08.07.2024 दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को अपना आधार कार्ड तथा रू. 10000/- (रू. दस हजार मात्र) की धनराशि जमानत के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिवस को ही प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक होगा। शेष शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

अध्यक्ष-श्री छोटे लाल सचिव-श्री बादशाह
विद्यालय प्रबन्ध समिति कम्पोजिट विद्यालय बिहारीपुर अब्दुल रहमान

प्रा.वि. कोठा मक्खन वि.खं. भदपुरा, बरेली

नीलामी सूचना

अपर मुख्य सचिव उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या-885/68-5/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 दिनांक 03.09.2020 तथा अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंता विभाग प्रखंड-बरेली के पत्रांक 2504/ग्रा.अ.वि./कैंप/जीर्ण भवन तथा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक एस.एस.ए./निर्माण- 3395/3405/2023-24 दिनांक 25.10.2023 के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय के जर्जर कक्ष की नीलामी 05.07.24 दिन शुक्रवार को प्रातः 11 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोलीदाता को बोली से पूर्व धरोहर धनराशि 10000 रू. जमा करनी होगी। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है। बोलीदाता का पंजीकरण नीलामी दिनांक को ही 10 बजे प्रातः को 10:30 तक होगा। बोलीदाता अपना आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लेकर आयें।

तेजपाल-(अध्यक्ष) मनोहर सिंह-(सचिव)
विद्यालय प्रबंध समिति प्राथमिक विद्यालय कोठा मक्खन वि.खं. भदपुरा, बरेली

संविलियन विद्यालय गुलड़िया महीपत वि.क्षे. भदपुरा (बरेली)

जर्जर भवन की नीलामी सूचना

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बरेली के पत्रांक सं. एस.एस.ए./निर्माण/46/8-23/2024 दि. 15.12.2023के अनुपालन में संविलियन विद्यालय गुलड़िया महीपत के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दि. 08.07.24 दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे विद्यालय प्रांगन में की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को अपना आधार कार्ड तथा 10,000/- रू. दस हजार की धनराशि जमानत के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिवस को ही प्रातः 10 से 11 बजे तक होगा। शेष शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

अध्यक्ष-नरोत्तम स्वरूप सचिव-कुँवर सेन
विद्यालय प्रबन्ध समिति, संविलियन विद्यालय गुलड़िया महीपत

रफीक अंसारी के मामले की सुनवाई अब 10 को होगी

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट में मेरठ से सपा विधायक रफीक अंसारी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज नौचंदी थाने में वर्ष 1995 और सिविल लाइन्स थाने में वर्ष 2007 में दर्ज मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकल पीठ ने मामले को 10 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। याचिका पर सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को स्पष्ट रूप से बताया कि याचिका में याची का आपराधिक इतिहास संलग्न नहीं किया गया है। याची के वकील की प्रार्थना कोर्ट ने स्वीकार कर ली।

कन्नौज की युवती ने कान्हा की मूर्ति से रचाई शादी

मोहित द्विवेदी, कछौना(हरदोई)

अमृत विचार : कन्नौज के छिबरामऊ निवासी एक युवती ने हरदोई के कछौना में कान्हा की मूर्ति के साथ विवाह रचा लिया। पंडित जी ने मंत्रोचार करके विधि-विधान से सात फेरे करवाए। इस शादी में मुंहबोला भाई ही परिवार बना, क्योंकि माता-पिता अपनी बेटी राधा शास्त्री(24) के इस निर्णय से खुश नहीं थे। मुंहबोले भाई संजीव कुमार ने बताया कि श्रीकृष्ण को पाकर हमारी बहन बहुत खुश है। श्रीकृष्ण अब हमारे रिश्तेदार बन गए और अब हम उनको पूजेंगे। मीरा की तरह ही राधा शास्त्री की लगन कृष्ण में बचपन से लगी हुई थी। यह भी बताया कि उनके सपने में कृष्ण आए थे। स्वप्न के बीच उन्होंने श्रीकृष्ण को पति मानकर वरमाला पहनाई है। कछौना कस्बे के प्रसिद्ध मंदिर में हुआ यह विवाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। राधा कथावाचक यूटूबर भी है। भाई संजीव कुमार ने बताया कि यह आम शादी-विवाह से अलग थी। सभी रिश्तेदारों को फोन कर अपनी बहन की शादी में बुलाएं। सभी मेहमान भी आएं, लेकिन किसी को ये पता नहीं था कि दूल्हा कौन हैं। इस अनोखी शादी को देखने के लिए दूर दूर से लोग आये।

श्रीकृष्ण के साथ विवाह करती हुई राधा शास्त्री। • अमृत विचार

बिल्डिंग की लिफ्ट में फंसे इंजीनियर पति-पत्नी हुए बेहोश, रेस्क्यू कर बचाई गई जान

नैनी, प्रयागराज। बिल्डिंग की लिफ्ट में मंगलवार को अचानक इंजीनियर दंपति फंस गये। जिसके बाद करीब आधे घंटे तक दम्पत्ति बेहाल रहे। लिफ्ट के अंदर से मदद के लिए दंपति ने शोर मचाना शुरु कर दिया। उस दौरान उनकी आवाज को एक सफाई कर्मी ने सुन लिया। लेकिन पति पत्नी दोनों ही लिफ्ट के अंदर बेसुध होकर गिर पड़े। काफी प्रयास के बाद लोगों ने लिफ्ट खोलकर पति पत्नी को बाहर निकला।

प्रेम में असफल युवक ने गर्दन ब्लेड से काटी

बहराइच। कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी एक युवक एक युवती से एकतरफा प्यार करता था। किसी मामले को लेकर मंगलवार शाम को युवती नाराज हो गई। युवक घर आया और उसने ब्लेड से अपनी गर्दन काट ली। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। ग्राम पंचायत रेवली निवासी राज कुमार (23) का किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा है। मंगलवार शाम युवक बाइक से युवती के घर के तरफ गया। युवती से प्रेम का इजहार किया। लेकिन नाराज युवती ने प्रेम राज कुमार से कुछ कह दिया।

बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि. बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक : बी.के.एस./क्रय/2024-25/548 **ई-निविदा सूचना** दिनांक : 02.07.2024

इस मिल समिति में वर्ष 2024-25 में निम्न सामानों की आपूर्ति एवं ठेके के कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से ई-निविदायें अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरांत आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की नियम एवं शर्ते व विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य विवरण	निविदा लोड करने की तिथि सायं 6:55 बजे तक	निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 5:55 बजे तक	टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि अपरान्ह 12:00 बजे	कामर्शियल बिड की तिथि अपरान्ह 3:00 बजे	धरोहर राशि
1.	अन्य चीनी मिलों से लूज़ बैगास का परिवहन कार्य	05.07.2024	12.07.2024	13.07.2024	13.07.2024	50000/-
2.	मिल में स्थापित तीनों ब्वायलरों के सिविल कार्य	05.07.2024	12.07.2024	13.07.2024	13.07.2024	20000/-
3.	नया हाइड्रोलिक ग्रैब (05 टन) की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य	05.07.2024	12.07.2024	13.07.2024	13.07.2024	15000/-
4.	नया डी.जी. सेट 63 केवीए की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य	05.07.2024	12.07.2024	13.07.2024	13.07.2024	20000/-
5.	के.सी.पी. मिल हेतु नये हेड स्टाफ की आपूर्ति	05.07.2024	12.07.2024	13.07.2024	13.07.2024	50000/-
6.	सी.आई. स्लूस बाल्ब की आपूर्ति	06.07.2024	15.07.2024	16.07.2024	16.07.2024	5000/-
7.	पौकिंग ज्वाइंटिंग की आपूर्ति	06.07.2024	15.07.2024	16.07.2024	16.07.2024	5000/-
8.	क्लीनिंग उपकरण की आपूर्ति	06.07.2024	15.07.2024	16.07.2024	16.07.2024	5000/-
9.	मोटर रिवाइंडिंग कार्य	06.07.2024	15.07.2024	16.07.2024	16.07.2024	10000/-
10.	कॉपर लाइनर एवं एस.एस. वायरनेटिंग की आपूर्ति	06.07.2024	15.07.2024	16.07.2024	16.07.2024	5000/-
11.	निकिल स्क्रीन की आपूर्ति	06.07.2024	15.07.2024	16.07.2024	16.07.2024	10000/-

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

(जय प्रकाश)
पी.सी.एस.
प्रधान प्रबन्धक

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर, पीलीभीत

पत्रांक : 669/नपा.परि.बी./2024-25 **ई-निविदा सूचना** दिनांक : 07.06.2024

सादर अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या-369/2024/नौ-5-2024/001-सीओएम नं. 1798662 दिनांक 14 मार्च 2024 के अनुपालन में नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा वर्षा जल निकासी के अन्तर्गत तीन नालों के निर्माण किये जाने की प्राप्त स्वीकृति के अनुपालन में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् है :-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत जी.एस.टी. (लाख रू. में)	बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में	निविदा मूल्य +18% जी.एस.टी.	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	वर्ष 2023-24 में नगर पालिका परिषद बीसलपुर पीलीभीत में थाने की पुलिया के पास सकटे लाल की दुकान से बारह पत्थर चौराहे पर बैंक ऑफ बड़ौदा के ए.टी.एम. तक नाला निर्माण कार्य।	3961000.00	67200.00	4000.00	3 माह
2.	वर्ष 2023-24 में नगर पालिका परिषद बीसलपुर पीलीभीत में बारह पत्थर चौराहे से रामलीला मोड़ तक नाला निर्माण कार्य।	3961000.00	67200.00	4000.00	3 माह
3.	वर्ष 2023-24 में नगर पालिका परिषद बीसलपुर पीलीभीत में रामलीला रोड से बालाजी पुलिया तक नाला निर्माण कार्य।	3961000.00	67200.00	4000.00	3 माह

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 3.7.2024 को प्रातः 11 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिये अन्तिम तिथि/समय को अपरान्ह 3:00 बजे तक 24.7.2024 अंतिम तिथि।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 25.07.2024 को अपरान्ह 10:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने की अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि एवं टेण्डर शुल्क कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर की बैंक आई.सी.आई.सी.आई में खाता सं. 321005500073 IFSC - ICIC0003210 में ई-बैंकिंग के माध्यम से जमा कर स्कैन कॉपी अपलोड करना अनिवार्य होगा, शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एफ.डी.आर./डिमाण्ड ड्राफ्ट जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बीसलपुर के नाम बन्धक होगी। हार्ड कॉपी के साथ 3 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करना होगा।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लागइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बसलपुर
पीलीभीत

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बसलपुर
पीलीभीत

उत्तराखंड

फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

ब्यूरो, देहरादून

- बग/वायरस ठीक करने की आड़ में विदेशों में लोगों से करते थे ऑनलाइन ठगी

अमृत विचार : देहरादून पुलिस ने फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को विदेशी सॉफ्टवेयर कंपनी का प्रतिनिधि बताकर कंप्यूटर सिस्टम में बग/वायरस ठीक करने के बहाने विदेश में लोगों से ऑनलाइन राजपुर क्षेत्र में पुलिस को अवैध इंटरनेशनल कॉल सेंटर संचालित होने की सूचना मिली थी। इस पर मसूरी के डीएसपी व राजपुर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट के नेतृत्व में टीम ने बीती रात कॉल सेंटर (टेकिनियो बिजनेस सॉल्यूशन प्रालि.) पर दबिश दी। कुछ युवक/युवतियां लैपटॉप व कंप्यूटर सिस्टम के सामने बैठकर हैडफोन लगाकर बात कर रहे थे।

वे स्वयं को विदेशी सॉफ्टवेयर कंपनी का प्रतिनिधि बताकर लोगों से उनके कंप्यूटर सिस्टम से वायरस/ बग हटाकर उनके बैंक खातों की जानकारी ले रहे थे। पूछताछ में बताया कि सभी सार्थक, शाहरुख, खुशनूर व करुणेश उर्फ करन नाम के व्यक्तियों के लिए काम करते हैं। कॉल सेंटर से वे एंटी वायरस तकनीकी सपोर्ट हेतु विदेशी नागरिकों को सपोर्ट देने के नाम पर उनसे गिफ्ट कार्ड का समस्त विवरण लेते हैं। इसके बाद विदेश में रहने वाला करुणेश का साथी विदेशी नागरिकों का पैसा निकाल लेता है, जोकि डॉलर में होता है। पुलिस के मुताबिक विदेशी कॉल आने पर वे विदेशी कस्टमर से कंप्यूटर सिस्टम में वायरस होने व हैक होने से संबंधित जानकारी लेते हैं। इसके बाद उसे ठीक करने के एवज में उनके सिस्टम में अल्ट्रा व्यूवर के माध्यम से सिस्टम की एक्सेस प्राप्त करते हैं। फिर पूर्व में उन्हीं के द्वारा भेजे गए वायरस को ठीक करने की बात कहकर उनसे गिफ्ट कार्ड तथा क्रिप्टो करेंसी में पेमेंट प्राप्त कर धोखाधडी करते हैं। पुलिस ने कॉल सेंटर संचालक सार्थक निवासी कालरी जम्मू, शाहरुख निवासी केदारवाला देहरादून व खुशनूर निवासी संगम विहार, दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। करुणेश उर्फ करन नहीं मिल सका। इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

थाने की दीवार में करंट आने से एएसआई की मौत

रुद्रपुर/किच्छा, अमृत विचार : पौड़ी जिले के ग्राम नैणी थाना पट्टी लंगूर बडके निवासी 42 वर्षीय सुरेश पसबोला पुलभट्टा थाने में एएसआई थे। मंगलवार की सुबह वे सुबह साढ़े आठ बजे उठे और नहाने चले गए। नहाने के बाद वे धुले हुए जूते दीवार पर रखने लगे, तभी करंट की चपेट में आ गए। अस्पताल में सुरेश ने दम तोड़ दिया।

पब्लिक नोटिस

मेरे मुवक्किल FEDBANK FINANCIAL SERVICES LIMITED शाखा बरेली की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अमन कुमार मिश्रा पुत्र श्री रजनीकान्त मिश्रा निवासी निकट गोला बाजार 415 सदर बाजार, बरेली कैण्ट व श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा पत्नी श्री रजनीकान्त मिश्रा निवासी 415 निकट सदर बाजार कैण्ट बरेली के हैं वह एक किता मकान नं. 36 जो कि प्लाट नं. 36 पर तामीर है रकबा 72.00 वर्गमी आशुतोष सिटी बिहारमान नगला तहसील व जिला बरेली में स्थित है को श्रीमती मधु मिश्रा पत्नी श्री रमेश कुमार मिश्रा से खरीद करने के उपरान्त मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे हैं। उपरोक्त जगह का एक किता बैनामा दिनांक 10.03.2003 बही नं. 1 जिल्द 474 पेज 453 से 470 दस्तावेज नं. 2180 जो कि श्रीमती स्नेहलता के हक में था वास्तव में कहीं खो गया है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 05 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या FEDBANK FINANCIAL SERVICES LIMITED शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह मानते हुये कि इस विषय में कोई आपत्ति किसी व्यक्ति को नहीं है उक्त ऋण अमन कुमार मिश्रा पुत्र श्री रजनीकान्त मिश्रा निवासी निकट गोला बाजार 415 सदर बाजार बरेली कैण्ट बरेली व श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा पत्नी श्री रजनीकान्त मिश्रा निवासी 415 निकट सदर बाजार बरेली कैण्ट को प्रदान कर दिया जायेगा।

प्रफुल्ल अग्रवाल एडवोकेट
पैनल एडवोकेट
223, बांस मण्डी, निकट शील नर्सिंग होम, बरेली।
मो. 7017462341, 8899909663

रुद्रपुर में जिला आबकारी अधिकारी रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

- शराब ठेकेदार से मांगी थी 70 हजार रुपये की रिश्वत

अमृत विचार : हल्द्वानी विजिलेंस टीम ने जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा को 70 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया और साथ में हल्द्वानी ले गई। जिला आबकारी अधिकारी खटीमा के शराब ठेकेदार से रिश्वत का दबाव बना रहा था।

खटीमा के शराब ठेकेदार ने एसपी विजिलेंस हल्द्वानी को लिखित शिकायत दी थी कि जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा रिश्वत मांग हैं। डीएसपी अनिल मनराल ने जांच कराई तो शिकायत सही पाई गई। इसके बाद विजिलेंस निरीक्षक विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में ट्रैप टीम का गठन किया। योजना के मुताबिक शिकायतकर्ता रिश्वत के 70 हजार रुपये लेकर आबकारी कार्यालय पहुंचा। जैसे ही जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा को रकम थमाई, विजिलेंस टीम ने उन्हें दबोच लिया।

जेवरात ठगी में गैंग की चार महिलाएं गिरफ्तार

टनकपुर, अमृत विचार : पुलिस ने महिलाओं को झांसा देकर जेवरात ठगने वाली महिला गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से डेढ़ लाख का ठगी का माल बरामद किया है। चारों ठग बिहार के नवादा जिले की रहने वाली हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चारों को जेल भेज दिया है। 22 जून को गांव छीनीगोठ निवासी ममता विलियम्स पत्नी विल्सन विलियम्स ने टनकपुर कोतवाली में आकर पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि बर्तन बेचने वाली अज्ञात महिला ने उसे व उसकी ननद को बहला फुसलाकर पुराने बर्तन, सोने का मंगलसूत्र, दो सोने की अंगूठी व अन्य जेवरात बदलने तथा उनके बदले नए जेवरात वापस करने का लालच देकर जेवरात व बर्तन हड़प लिए।

अश्लील वीडियो के नाम पर युवक से ठगे साढ़े तीन लाख

किच्छा, अमृत विचार : साइबर क्राइम अधिकारी बनकर युवक के साथ करीब साढे.तीन लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित युवक मनोज कुमार ने बताया कि विगत 24 फरवरी 2024 को उनके नंबर पर वीडियो कॉल आया था तथा उसकी अश्लील वीडियो बना ली गई। पीड़ित के अनुसार अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर अज्ञात व्यक्ति ने 10 हजार रुपये ठग लिए। बाद में अलग-अलग बैंक खाते में 3 लाख 50 हजार 560 रुपये की धनराशि ट्रांसफर कर दी।

गुमशुदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी दिव्यांशी उर्फ निकिता दिनांक 03.05.2024 को 04 वर्ष की पुत्री को साथ लेकर घर से बिना बताये कहीं चली गयी है जो अभी तक वापस लौटकर नहीं आयी है। हुलिया : उम्र लगभ 25 वर्ष, रंग गोरा, हरा सूट, लाल दुपट्टा पहने है। अगर किसी व्यक्ति को मिले या दिखे तो निम्न नम्बर/पते पर सूचित करने की कृपा करें। सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा।

दिव्यांशी उर्फ निकिता

जितेन्द्र कुमार निवासी मेडिसिटी के पास, श्री नगर कालोनी, थाना बारादरी बरेली
मो. 9997222364, 8057204035

स्कूल बस ने छह महिलाओं को रौंदा, एक की मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

- रुद्रपुर से गदरपुर की ओर जा रही थी स्कूल बस, चालक हिरासत में

अमृत विचार: मंगलवार की दोपहर को एनएच-74 काशीपुर हाईवे पर एक स्कूल बस के चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और मजदूरी करने वाली छह महिलाओं को रौंद दिया। आनन-फानन में घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां एक महिला ने दम तोड़ दिया, जबकि तीन महिलाओं की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने हल्द्वानी रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही एसएसपी सहित आला अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद राहत कार्य प्रारंभ कर दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। मंगलवार की शाम चार बजे के करीब गंगापुर रोड़ स्थित सेंट मैरी स्कूल की बस रुद्रपुर से गदरपुर एनएच-74 काशीपुर हाईवे की ओर जा रही थी। अचानक चालक ने बस पर अपना नियंत्रण खो दिया और तेज गति बस ने हाईवे किनारे सवारी वाहन का इंतजार कर रही छह महिलाओं को रौंद दिया

उप्र. स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट लागू करने वाला चौथा राज्य

वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मंत्रिमंडल ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

कैबिनेट बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गुजरात, कर्नाटक और राजस्थान के बाद इस तरह का एक्ट लागू करने वाला चौथा राज्य उत्तर प्रदेश
- बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट लागू करेगी सरकार

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने और बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए राज्य में स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (एसआईआर) एक्ट को लागू करने का निर्णय लिया गया है। लोकभवन में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल बैठक में स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई । इस तरह का एक्ट अभी तक तीन राज्यों में है,जिनमें गुजरात, राजस्थान और कर्नाटक शामिल हैं। इस तरह इस एक्ट को लागू करने वाला उप्र. चौथा राज्य बन जाएगा।

इस एक्ट को निर्माण (नोडल इन्वेस्टमेंट रीजन फॉर मैन्युफैक्चरिंग) एक्ट नाम दिया गया है। इसके माध्यम से देश और दुनिया के बड़े-बड़े निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित किया जा सकेगा। सरकार के इस निर्णय से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आर्थिक विकास को गति मिलेगी, जबकि जन सामान्य को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

चार भौगोलिक क्षेत्रों में बनेंगे एसआईआर : प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर ने बताया कि यह एक्ट बनाने का उद्देश्य बड़े-बड़े इन्वेस्टमेंट रीजन बनाना और उन्हें कानूनी संरक्षण प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का जो लक्ष्य रखा है, उसके लिए आवश्यक है कि हमें बड़े-बड़े इन्वेस्टमेंट रीजन बनाने होंगे। उन्होंने बताया कि अभी हमने एक्ट में इन्वेस्टमेंट के लिए लैंड की मिनिमम लिमिट निर्धारित नहीं की है, लेकिन जैसे हमने बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की स्थापना की है, जिसके लिए 5 हजार हेक्टेयर का एरिया रखा है उसी तरह स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन में भी बड़ा एरिया रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रस्ताव के अनुसार उत्तर प्रदेश में कम से कम चार ऐसे स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन बनाए जाएंगे, जो राज्य के चारों भौगोलिक क्षेत्रों में होंगे। उन्होंने बताया कि हमारे पास लैंड बैंक की उपलब्धता काफी है, लेकिन यदि आवंटन के लिए लैंड बैंक की बात करें तो करीब 20 हजार एकड़ के आसपास लैंड बैंक उपलब्ध है।

उप्र. एग्रीटेक नीति-2024 को हरी झंडी : मंत्रिपरिषद ने कृषि डिजिटल सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने एवं कृषि को बेहतर बनाने के लिए उप्र. एग्रीटेक नीति-2024 को हरी झंड़ी दिखा दी है। यह नीति वर्ष 2024-25 से प्रभावित होगी।

एग्रीटेक का आशय है कि खेती और इससे जुड़े क्षेत्रों में नयी तकनीकियों का उपयोग करके किसानों को किसी फसल विशेष की खेती के विभिन्न चरणों पर की जाने वाली उन्नत कृषि क्रियाओं की ससमय सटीक जानकारी प्रदान करना, जिससे खेती की लागत में कमी, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि तथा किसान की आय में भी वृद्धि हो।

इस नीति के लागू होने से राज्य में कृषि प्रौद्योगिकी नवाचारों को बढ़ावा दिया जा सकेगा। कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा देते हुए एग्रीटेक सेवाओं के प्रभावी उपयोग के लिए किसानों का क्षमतावर्धन एवं एग्रीटेक सेवा प्रदाताओं के लिए अनुकूल वातावरण का विकास किया जा सकेगा। एग्रीटेक नीति के क्रियान्वयन क लिए पाचं साल मं 21.65 करोड़ रुपये का व्यय सम्भावित है।

लोक भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते मंत्री सुरेश खन्ना सूर्य प्रताप शाही व धर्मपाल सिंह।

पशुधन, कुक्कुट एवं मत्स्य-आहार नीति का प्रस्ताव स्वीकृत

लखनऊ। मंत्रिपरिषद ने पशुधन, कुक्कुट एवं मत्स्य-आहार नीति (वर्ष 2024 से 2029 तक) क्रियान्वित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस नीति के माध्यम से किसानों की पशुधन और मुर्गीपालन में रुचि बढ़ाने के साथ पशुधन, कुक्कुट एवं मत्स्य के स्वास्थ्य और उत्पादकता को बेहतर करने के लिए मिश्रित आहार और पारम्परिक घरेलू आहार सहित आहार निर्माण की पोषण गुणवत्ता में सुधार किया जायेगा। ऐसे में किसानों को रियायती दरों पर खनिज मिश्रण वितरित करके खनिज मिश्रण के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। क्रियाशील डेयरी सहकारी समिति के सदस्यों को प्राथमिकता देते हुए रियायती दरों पर सांद्र खली. मिश्रित फीड आदि आहारों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। आहार तकनीक, निर्माण और प्रसंस्करण में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा दिया जायेगा।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर के व्यापार मेलों की तैयारी

मंत्रिपरिषद ने केन्द्र सरकार की संस्था इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (आईटीपीओ) और उप्र. सरकार के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम व निर्यात प्रोत्साहन विभाग (निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के माध्यम से) के बीच एक समझौता किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। दरअसल, इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाईजेशन द्वारा नई दिल्ली में भारत मण्डपम के रूप में एक उत्कृष्ट कोटि की अवस्थापनात्मक सुविधा स्थापित की गयी है, जहां राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के व्यापार मेलों का आयोजन किया जाता है। इस संस्था को ऐसी अवस्थापनात्मक सुविधा निर्मित करने तथा व्यापार मेलों का आयोजन करने में दक्षता प्राप्त है। इस क्रम में उत्तर प्रदेश में भी उच्च कोटि की अवस्थापनात्मक सुविधाएं स्थापित करने के लिए आईटीपीओ का तकनीकी सहयोग अब लिया जाएगा। इसके लिए उनकी सहायता से संयुक्त रूप से एक स्पेशल परपज व्हीकल का निर्माण किया जा सकता है।

बनेंगे मल्टीपरपज हॉल

औद्योगिक निवेश के अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के क्रम में इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन एवं एमएसएमई के मध्य समझौता ज्ञापन किए जाने को लेकर भी प्रस्ताव को कैबिनेट द्वारा मंजूरी प्रदान की गई। वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जिस तरह से राजधानी दिल्ली में भारत मंडपम बना है, उसी तरह लखनऊ और वाराणसी में इस प्रकार का बड़ा कंवेंशन सेंटर या मल्टीपरपस हॉल बनाया जाएगा जहां एमएसएमई से जुड़े लोग अपने-अपने उत्पादों का डिस्प्ले कर सकेंगे।

चारा नीति भी पास

मंत्रिपरिषद ने पशुपालन विभाग, उप्र. चारा नीति (वर्ष 2024 से 2029 तक) सम्बन्धी प्रस्ताव को पारित कर दिया है। नीति का उद्देश्य चारा उत्पादन में वृद्धि, पौष्टिक चारा सालभर उपलब्ध कराना, पशुओं की उत्पादकता बढ़ाकर कृषकों की आय में वृद्धि करना, चारा क्षेत्र में उद्यमिता एवं क्षमता का विकास करना, प्रदर्शन, प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से चारा फसलों के विकास एवं प्रसार क्षेत्र में वृद्धि करना, चारे को संरक्षित कर आपदा की स्थिति में उपयोग में लाने हेतु एवं साइलेज के रूप में तैयार कर उपयोग करने के लिए किसानों को जागरूक करना है।

इन प्रस्तावों को भी दिखायी हरी झंडी

- पशुधन कुक्कुट एवं मत्स्य आहार प्रोत्साहन नीति 2024, व उप्र. चारा नीति 2024 को मंजूरी।
- दुग्धापादन के लिए अच्छी नस्ल की गायों के वृद्धि के लिए आहार नीति लाई गई है।
- कानपुर देहात में माध्यमिक शिक्षा विभाग की 5 एकड़ भूमि को समाज कल्याण विभाग को हस्तांतरित करने को मंजूरी।
- औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन को एमएसएमई के साथ आईटीपीओ के साथ एमओयू को मंजूरी।
- इसके तहत लखनऊ वाराणसी में भारत मण्डपम दिल्ली की तर्ज़ पर कन्वेंशन सेंटर बनाने पर कार्य होगा।
- स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी, उप्र. देश का चौथा राज्य होगा जिसमें यह एक्ट लागू होगा।
- वर्तमान ने तीन राज्य (गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान) राज्यों में यह एक्ट है।

सार-संक्षेप

पति ने साथ नहीं खिंचवाई फोटो तो महिला ने दी जान

बकेवर, इटावा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम नौधना निवासी महिला के पति बृजेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले प्रतीक्षा के साथ हुई थी। सोमवार को परिजनों के साथ ग्राम खितौरा में जय गुरुदेव मंदिर पर गए थे। पति के अनुसार जहां उसने पत्नी के साथ फोटो नहीं खिंचवाई। इसी बात को लेकर सोमवार रात लगभग 10 बजे पत्नी ने कमरे का अंदर से दरवाजा बंद कर छत में लगे पंखे की हुक में दुपट्टा बांध कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

धर्म परिवर्तन के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार : कैंट थाना पुलिस ने धर्म परिवर्तन के लिए उकसाने के आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। एक सप्ताह पूर्व इसके खिलाफ पुलिस ने चंगाई सभा के आयोजन के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में 25 जून को नामजद रिपोर्ट दर्जकर आरोपी का शांति भंग में चालान किया था। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि दर्ज मामले की विवेचना कर रही कैंट पुलिस ने आरोप के संबंध में साक्ष्य मिलने के बाद सूबेदार का पुरवा निवासी आरोपी सरजू प्रसाद को गिरफ्तार किया है। शिकायत पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनयम 2021 की धारा 3 व 5 (1) के तहत आयोजक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी।

कई आईएएस अफसरों के तबादले

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य सरकार ने मंगलवार को कई आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। विशेष सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अजीत कुमार को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा बनाया है। सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद लखनऊ अमरनाथ उपाध्याय को विशेष सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण और प्रतीक्षारत रहे अर्पित उपाध्याय को सीडीओ रायबरेली बनाया गया है। विशेष सचिव वित्त समीर वर्मा का आईजी कारागार में किया गया तबादला रद्द कर दिया गया है। अपर आयुक्त प्रशासन परिवहन लखनऊ नरेंद्र सिंह को अपर आयुक्त लखनऊ मंडल बनाया गया है। एडीएम वित्त एवं राजस्व लखनऊ धर्मेंद्र सिंह को अपर महानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उप्र. लखनऊ के पद पर भेजा गया है। विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा चित्रलेखा सिंह को अपर आयुक्त प्रशासन परिवहन लखनऊ बनाया गया है।

हाईकोर्ट ने किया न्यायिक अधिकारियों का तबादला

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण के क्रम में एक बार फिर कुछ न्यायिक अधिकारियों का स्थानांतरण किया है, जिनमें अशोक कुमार कसौधन सिविल जज (जूनियर डिवीजन) ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद को अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) संत कबीर नगर, दिनेश चंद्र जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाराबंकी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश एटा, पंकज कुमार सिंह जिला एवं सत्र न्यायाधीश बुलंदशहर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाराबंकी, मनजीत सिंह शिवरन पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल गाजियाबाद को जिला एवं सत्र न्यायाधीश बुलंदशहर, अचल सचदेव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय आजमगढ़ को जिला एवं सत्र न्यायाधीश जालौन (उरई), इंदरप्रीत सिंह जोश पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय गौतमबुद्ध नगर को पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय मुरादाबाद में स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा मिथिलेश कुमार तिवारी एडमिनिस्ट्रेटर जनरल और ऑफिशियल ट्रस्टी प्रयागराज उत्तर प्रदेश को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) मऊ के पद पर स्थानांतरित किया गया है जो महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को देखेंगे। उक्त जानकारी महानिबंधक राजीव भारती ने सोमवार को अधिसूचना के माध्यम से जारी की है।

विधान परिषद उप चुनाव में बहोरन लाल मौर्य का निर्विरोध निर्वाचित होना तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : विधान परिषद की खाली एक सीट के उप चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी बहोरन लाल मौर्य ने नामांकन किया। इस सीट के लिए मतदान व मतगणना 12 जुलाई को निर्धारित है, पर सपा की ओर से कोई प्रत्याशी न उतारे जाने से मौर्य का निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है।

नामांकन के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौर्य चुनाव जीतकर विधान परिषद में पहुंचेंगे और आम लोगों की समस्याओं को सदन में प्रमुखता से रखेंगे। नामांकन दाखिल के दौरान मुख्यमंत्री के अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र देव सिंह, जेपीएस राठौर, कपिल देव अग्रवाल, बलदेव सिंह औलख आदि मौजूद रहे।विधान परिषद की इस सीट का कार्यकाल जुलाई 2028 तक होगा।

नामांकन के बाद भाजपा प्रत्याशी बहोरन लाल मौर्य ने केंद्र व प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा की सरकारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में विपक्ष की ओर से फैलाए गए झूठ को उजागर करेंगे।

भाजपा प्रत्याशी को पटका पहनाते सीएम योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

टिप्पणी मामले में विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए राहुल गांधी

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

- अब अगली सुनवाई की तिथि 26 को लगी

अमृत विचार: विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी मंगलवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए।

बचाव पक्ष ने राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष एवं सदन की कार्रवाई के चलते न आने के मौके व हाजिरी माफी का प्रार्थनापत्र एमपी-एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दिया। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध जताते हुए वारंट जारी करने की मांग की। विशेष कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 26 जुलाई की तारीख नियत करते हुए आदेश किया कि राहुल गांधी यदि 26 जुलाई को नही हाजिर होते हैं तब उत्पीड़न की कारवाई की जायेगी।

फीस के लिए प्रताड़ित किए जाने पर छात्र ने की खुदकुशी

मैनपुरी, एजेंसी

मैनपुरी जिले के पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मंगलवार को किरन सोजिया स्कूल के प्रबंधक अशोक यादव, वार्डन आदि के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार औंछा थानाक्षेत्र के नगला देवी का शिवम किरन सोजिया स्कूल में क्लास 10 का छात्र था। दो साल से हास्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे शिवम को उसके पिता सोमवार को स्कूल छोड़ गए थे। बताते हैं कि फीस को लेकर छात्र को स्कूल प्रशासन ने कुछ कह दिया तो छात्र ने हास्टल में फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

बेहतरीन पारी खेलिए, नया कीजिए : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित प्रशिक्षु अधिकारियों (2023 बैच) से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि संवाद, अच्छा व्यवहार और अपने कार्यों में शुचिता बनाए रखें, इससे हर समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण के दौरान फील्ड में किए गए कार्यों के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। सीएम ने शुभकामनाएं देते हुए बोले कि बेहतरीन पारी खेलिए और कुछ नया कीजिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद सबसे बड़ी ताकत है। फील्ड में जब भी जाएं तो आमजन से संवाद स्थापित करें। किसी भी समस्या को बड़ी न बनने दें, बल्कि संवाद के जरिए उसका तत्काल रास्ता निकालें। प्रशिक्षु अधिकारी जनप्रतिनिधियों से भी संवाद स्थापित करें। प्रशिक्षु अधिकारी अनुभव सिंह, दीपक सिंहवाल, गुंजिता अग्रवाल, ईशिता किशोर, काव्या सी, महेंद्र सिंह, चलुआ राजू, नारायणी भाटिया, नितिन सिंह, रिंकू सिंह राही, साहिल कुमार, साईं आश्रित शाखामूरी, शिशिर कुमार सिंह, स्मृति मिश्रा, स्वाति शर्मा और वैशाली ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

वर्ग पहेली-119

बाएं से दाएं

1.1. किसी कार्य को मन लगाकर करने की क्रिया 2. मन की एकाग्रता 3. (दो या अधिक) हृदयों की एकता।

4.1. कपड़ा रंगने का काम 2. कपड़ा रंगना।

7.1. साफ़ करना 2. बरतन या कपड़ों को साफ़ करने के लिए पानी में डुबोकर तेज़ी से हिलाना-डुलाना 3. ख़ाली करना 4. किसी बात की जानकारी के लिए की गई छानबीन 5. सब कुछ ले लेना, सफ़ाया करना।

ऊपर से नीचे

1.1. आशय, तात्पर्य, मतलब 2. प्रयोजन, मकसद, उद्देश्य 3. संकल्प, इरादा, इच्छा।

2.1. सौंफ से बनी हुई एक प्रकार की शराब 2. एक प्रकार की बीड़ी जिसकी सुरती में सौंफ का अर्क पड़ा हो।

3. ऊंचाई, उच्चता।

5. दूसरी जाति।

6. सूत आदि का काता जाना।



वर्ग पहेली -118 का हल

1 आ	रो	पी	■	2 सी	ड़
जि	■	■	3 ज़िं	■	■
ज़	■	4 आ	दा	ता	■
■	5 ड	■	दि	■	6 गो
■	7 प	ग	ली	■	पी
■	ट	■	■	■	■
■	■	8 मे	घा	व	रि

सुडोकू -32

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			4		5		9	6
			8		1		5	
3		6		2		4		
5			1			9		8
	9						2	
7		2			4			3
		4		1		6		5
	7		5		3			
2	1		6		7			

सुडोकू -31 का हल

2	6	1	8	9	4	5	7	3
8	7	4	2	3	5	6	1	9
9	3	5	6	1	7	2	4	8
6	4	8	5	7	1	9	3	2
1	2	7	3	6	9	8	5	4
3	5	9	4	8	2	1	6	7
5	9	6	7	4	8	3	2	1
4	8	2	1	5	3	7	9	6
7	1	3	9	2	6	4	8	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 07.10 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-रोहिणी 04.47 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

मेष — आज आप कहीं घूमने जाने का प्लान कर सकते हैं। व्यवसाय में धन लाभ के अवसर मिलेंगे लेकिन चुनौतियां भी रहेंगी। सहकर्मियों के प्रति मन में असंतोष उमड़ सकता है। अनावश्यक बातों को बार-बार दोहराने से बचना चाहिए। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष — आज आप समय का सदुपयोग करेंगे। आपको अपनी कार्यशैली में बदलाव करना पड़ सकता है। व्यापार के नए प्रस्ताव मिल सकते हैं। छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा। आपके दिमाग में नए विचार आयेंगे। वैवाहिक जीवन आनन्ददायक रहेगा।

मिथुन — आज अपनी दिनचर्या को संयमित रखें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। घर और कारोबार में तालमेल में कमी हो सकती है। विदेश में रह रहे किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बुरी आदतों की तरफ आपका झुकाव हो सकता है।

कर्क — आज आपकी सोच काफी सकारात्मक रहेगी। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। लंबे समय से अटका हुआ कोई छोटा कार्य किसी मित्र के सहयोग से पूर्ण हो सकता है। खर्चों पर नियंत्रण पाने की आवश्यकता है। कारोबार में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं।

सिंह — आज कारोबार की योजनाओं को भविष्य में टालने के बजाय शीघ्रातिशीघ्र क्रियान्वित करने का प्रयास करें। अपनी योग्यता को सिद्ध करने में सफल होंगे। परिवार का वातावरण शान्तिमय रहेगा। करियर को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे।

कन्या — आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। युवा छात्रों को अपने करियर को लेकर कुछ परेशानी हो सकती है। लेकिन आपका मूड हल्का हो सकता है। अपनी उपलब्धियों के विषय में विचार करें व उसके अनुसार योजना बनाएं।

तुला — आज अति उत्साह में आपका काम बिगड़ सकता है। व्यवसायिक गतिविधियां समय पर पूर्ण नहीं होंगी। सरकारी अधिकारियों के कारण परेशानी उठानी पड़ सकती है। रिश्तेदारों के साथ अपने संबंध खराब न करें। खानपान में काफी संयम रखने की आवश्यकता है।

वृश्चिक — आज आप लोगों की मदद करने में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। बीमा या किसी पॉलिसी आदि से लाभ हो सकता है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर समस्या दूर होगी। किसी दूर स्थान की यात्रा हो सकती है। नई जॉब की शुरुआत होने के योग बन रहे हैं।

धनु — आज यदि किसी कारणवश जीवनसाथी के साथ मनमुटाव है तो आज शाम को वो झगड़ा सुलझा सकते हैं। अपनी समस्याओं के लिए दूसरों को जिम्मेदार न ठहरायें। शेयर और स्टॉक मार्केट से आपको धन लाभ हो सकता है। परिवार जनों का भरपूर साथ मिलेगा।

मकर — आज आप भरपूर मात्रा में जल का सेवन करें। मित्रों से मतभिन्नता हो सकती है। रियल एस्टेट से जुड़े व्यापार में हानि हो सकती है। दस्त और कमजोरी लगने जैसी समस्या का शिकार हो सकते हैं। आपको झूठ और चुगलखोरी वाले व्यवहार से बचना चाहिए।

कुंभ — आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूपरेखा अवश्य बना लें। अधीनस्थ कर्मचारी आपके व्यवहार के कारण नाराज हो सकते हैं। घर का माहौल अच्छा रहेगा। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें। व्यक्तिगत जरूरतों में किसी खर्च के कारण कटौती करनी पड़ सकती है।

मीन — आज नए प्रकल्पों में आप रुचि ले सकते हैं। विदेश में रह रहे मित्रों से फोन पर चर्चा हो सकती है। बौद्धिक चर्चाओं में व्यस्त रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। काम का दबाव कम होने से आपका दिन अच्छे से बीतेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- लश्कर — सुबह : 08.42
- सनम तेरी कसम — रात : 08.21

&pictures
- जीनियस — सुबह : 08.18
- जुदाई — रात : 07.30

SONY PIX
- बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 10.45
- स्पाइडर मैन — शाम : 06.16

ZEE CINEMA
- तमिलारसन — सुबह : 08.49
- इंस्पेक्टर बजरंगी — शाम : 05.43

colors CINEPLEX
- प्रोफेसर — सुबह : 11.54
- एयरलिफ्ट — रात : 08.28

आज की सुपरहिट फिल्म

बीफोरयू मूवी पर रात : 08.21 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मां- कल आधी रात को कमरे में आकरबोली- बेटा तुझे पता है कि पेट्रोल सस्ता हो गया है?

बेटा- हां मां फिर?

मां- चुपचाप फोन बंद करके सो जा नहीं तो तेरे इसी फोन पर पैट्रोल डाल के आग लगा दूंगी।

लड़की-क्या करते हो?

लड़का-नारी सम्मान सेवा पर काम करता हूं

लड़की- वाह सोशल वर्कर हो?

लड़का -नहीं, फेसबुक पर लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।

दिल्ली में निचली अदालत की नई इमारतों के शिलान्यास समारोह के दौरान बोले प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़

हम नए आपराधिक कानूनों पर नहीं करेंगे टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर जारी बहस के बीच भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को इन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि इन कानूनों से उत्पन्न मुद्दे उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं।

तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) एक जुलाई से पूरे देश में लागू हो गए और इन कानूनों ने क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लिया। हाल ही में नए कानूनों पर रोक लगाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इसमें इन कानूनों में कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। दिल्ली में निचली अदालत की नई इमारतों के लिए कड़कड़डूमा, शास्त्री पार्क और रोहिणी में शिलान्यास समारोह के बाद मीडिया से बातचीत में प्रधान न्यायाधीश ने कहा-ये मुद्दे उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन हैं, हो सकता है कि अन्य उच्च न्यायालयों में भी लंबित हों। इसलिए मुझे ऐसी किसी चीज पर नहीं बोलना चाहिए, जिसके अदालत के समक्ष आने की संभावना हो। कार्यक्रम में अपने भाषण में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अदालतें केवल संविधान का पालन करती हैं और वादकारियों के अलावा किसी और की सेवा नहीं करती हैं। उन्होंने कहा-हमारी अदालतें केवल संप्रभु सत्ता का केंद्र नहीं हैं, बल्कि आवश्यक सार्वजनिक सेवा प्रदाता भी हैं।

जलवायु परिवर्तन को नजरंदाज नहीं किया जा सकता: प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने दिल्ली में हाल में पड़ी भीषण गर्मी के बाद भारी बारिश की ओर इशारा करते हुए मंगलवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए हरित जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा-इस साल दिल्ली ने सबसे गर्म मौसम का अनुभव किया। हमने दो उष्ण लहर के बाद एक ही दिन में रिकॉर्ड बारिश का सामना किया है।

नए आपराधिक कानूनों को वापस लेने का दिल्ली बार काउंसिल का अनुरोध

दिल्ली बार काउंसिल ने एक जुलाई से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों को वापस लेने का अनुरोध मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से किया। दिल्ली बार काउंसिल के उपाध्यक्ष संजीव नसियार ने कहा कि नए कानून लागू होने के समय पूर्ववर्ती सरकार का कार्यकाल समाप्त हो चुका था। नसियार ने देते हुए कहा-संवैधानिक औचित्य के रूप में इन कानूनों को नई निर्वाचित संस्थाओं की मंजूरी और अनुमोदन के बिना बदली हुई परिस्थितियों में लोगों पर नहीं थोपा जा सकता।इसमें कोई संदेह नहीं है कि ये संशोधन संवैधानिक सिद्धांतों और उच्चतम न्यायालय के फैसले की पूरी तरह से अवहेलना करते हैं।" उन्होंने कहा-धारा 187(3) के तहत पुलिस हिरासत की अवधि को 15 दिनों से बढ़ाकर 60/90 दिन करने को 'कम से कम कहने के लिए तो अत्याचारी और दमनकारी है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के तहत अदालत की अनुमति के बिना हथकड़ी लगाने की शक्ति जनता के बीच राज्य (सरकार) के आतंक का संकेत देती है। इसलिए इन कानूनों को खत्म कर देना चाहिए। नसियार ने कहा कि अदालत की बिना अनुमति हथकड़ी लगाने की शक्ति 'न्यायमूर्ति कृष्ण अय्यर के फैसले' के खिलाफ है। शीर्ष अदालत ने एकांत कारावास को मानवाधिकारों के लिए अस्थिर माना था।



रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अपनी पत्नी नीता अंबानी, बेटे आकाश अंबानी, बहू श्लोका अंबानी, बेटी ईशा अंबानी और दामाद आनंद पीरामल के साथ नवी मुंबई के रिलायंस कॉरपोरेट पार्क में एक सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए। ● एजेंसी

राज्यसभा में धनखड़ और खरगे के बीच हुआ वाकयुद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ संसद सत्र के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे से बहस करते हुए। ● एजेंसी

राज्यसभा में मंगलवार को जगदीप धनखड़ और मल्लिकार्जुन खरगे के बीच उस समय कुछ देर के लिए वाकयुद्ध छिड़ गया जब सभापति ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि वरिष्ठ सदस्य जयराम रमेश को विपक्ष के नेता का स्थान ग्रहण कर लेना चाहिए।

धनखड़ ने सदन की कार्यवाही के दौरान बार-बार टोका-टोकी करने का प्रयास कर रहे कांग्रेस सांसद जयराम रमेश को अनुशासित करने के प्रयास के तहत यह बात कही थी। उस समय कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग ले रहे थे। रमेश पर की गई टिप्पणी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने पलटवार करते हुए सभापति धनखड़ से कहा कि वह वर्ण व्यवस्था को बीच में न लाएं। इस कड़वाहट भरे संवाद की शुरुआत उस वक्त हुई जब तिवारी ने सरकार पर कुछ आरोप लगाए। सभापति ने उनसे कहा कि उन्हें अपने आरोपों को सत्यापित भी करना होगा। इस पर रमेश ने कहा कि सत्यापित कर दिया जाएगा। इसके बाद सभापति ने कहा, वरिष्ठ नेतृत्व (खरगे) यहां है। मुझे लगता है कि आपको (रमेश को) खरगे की जगह ले लेनी चाहिए। आप इतने बुद्धिमान, इतने प्रतिभाशाली हैं, आपको तत्काल आकर खरगे के स्थान पर बैठना चाहिए क्योंकि कुल मिलाकर आप उनका काम कर रहे हैं। इस पर, खरगे ने पलटवार करते हुए कहा, ''वर्ण व्यवस्था को मत लाओ... इसीलिए आप रमेश को बहुत समझदार कह रहे हैं... और मैं सुस्त हूं। गुस्साए धनखड़ ने खरगे पर आरोप लगाया कि उन्होंने उनकी टिप्पणी को तोड़-मरोड़कर पेश किया और उनका ऐसा मतलब कभी नहीं था। उन्होंने कहा, संसदीय लोकतंत्र और राज्यसभा की कार्यवाही के इतिहास में कभी भी आसन की इस तरह की अवहेलना नहीं हुई। खरगे ने कहा कि वह आज जो कुछ भी हैं, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और देश के लोगों की वजह से हैं। बाद में तिवारी ने संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्वारा दिए गए अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपनी बात जारी रखी।

बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने फाजिल्का सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मारकर भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिश करने वाले सीमा पार आतंकी-सिंडिकेट के नापाक मंसूबों को ध्वस्त कर दिया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार की रात सतर्क जवानों ने फाजिल्का जिले के सीमावर्ती गांव सरदारपुरा के पास पड़ने वाले इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके सीमा सुरक्षा बाड़ की ओर बढ़ते एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को संदिग्ध गतिविधि करते हुए पाया। चौकस बीएसएफ जवानों ने घुसपैठिए को चुनौती दी, लेकिन वह नहीं रुका और सीमा सुरक्षा बाड़ की ओर बढ़ता रहा। आसन्न खतरे को भांपते हुए और रात के समय घुसपैठिए पर गोलियां चलाई और उसे मौके पर ही मार गिराया।

यौन हिंसा के मामलों को धन के भुगतान के आधार पर हुए समझौतों की वजह से नहीं किया जा सकता रद

नई दिल्ली, एजेंसी

● **बलात्कार के आरोपी की याचिका खारिज करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यौन हिंसा के आरोपों से जुड़े आपराधिक मामलों को पैसों के भुगतान के आधार पर हुए समझौतों के कारण रद नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसा करने का मतलब होगा कि न्याय बिकाऊ है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि भले ही यौन हिंसा के मामले में पक्षकारों के बीच समझौता हो गया हो, लेकिन वे अपने अधिकार के तौर पर प्राथमिकी रद करने की मांग नहीं कर सकते। अदालत ने यह टिप्पणी बलात्कार के एक आरोपी की याचिका को खारिज करते हुए की। याचिका में एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी को इस आधार पर रद्द करने का अनुरोध किया गया था कि मामले को पक्षकारों द्वारा सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझा लिया गया है और वह (महिला) 1.5 लाख रुपये का भुगतान किये जाने पर समझौता करने के लिए सहमत हो गई हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा-इस अदालत का मानना है कि यौन हिंसा के आरोपों से जुड़े आपराधिक मामलों को पैसों के भुगतान के आधार पर रद नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसा करने का मतलब होगा कि न्याय बिकाऊ है। न्यायालय ने सोमवार को पारित आदेश में कहा कि उसने इस तथ्य पर विचार किया है कि प्राथमिकी से ही व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ गंभीर आरोपों का पता चलता है, जिसमें शिकायत दर्ज करने से रोकने के लिए अभियोजक (महिला) को लगातार धमकियां देना भी शामिल है।

अदालत ने कहा कि महिला ने शुरू में व्यक्ति से 12 लाख रुपये की मांग की थी, लेकिन बाद में 1.5 लाख रुपये की राशि पर समझौता हो गया। महिला तलाकशुदा है और उसका एक बच्चा भी है। महिला ने प्राथमिकी में आरोप लगाया कि आरोपी ने खुद को तलाकशुदा बताया था और शादी का झूठा झांसा देकर उसके साथ यौन संबंध बनाए और यौन हिंसा की।

बिहार सरकार ने आरक्षण पर कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

नई दिल्ली,एजेंसी

बिहार सरकार ने आरक्षण कानून में संशोधन को खारिज करने संबंधी पटना उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। संशोधित कानून के तहत नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने का प्रावधान किया था।

उच्च न्यायालय ने 20 जून के अपने फैसले में कहा था कि पिछले साल नवंबर में राज्य विधानमंडल द्वारा सर्वसम्मति से पारित किए गए संशोधन संविधान के प्रतिकूल हैं और यह समानता के (मूल) अधिकार का हनन करता है। राज्य की याचिका अधिवक्ता मनीष कुमार के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में दायर की गई है। उच्च न्यायालय की एक पीठ ने बिहार में सरकारी नौकरियों में रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) (संशोधन) अधिनियम, 2023 और बिहार (शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले में) आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं को मंजूर कर लिया था। उच्च न्यायालय ने 87 पन्नों के विस्तृत आदेश में स्पष्ट किया कि उसे कोई भी ऐसी परिस्थिति नजर नहीं आती जो राज्य को इंदिरा साहनी मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन करने में सक्षम बनाती हो।

नीट विवाद : न्यायालय आठ को याचिकाओं पर करेगा सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी से जुड़ी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई करेगा। इनमें पांच मई को हुई परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा इसे नए सिरे से कराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर आठ जुलाई के लिए अपलोड की गयी वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। देश भर के संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) परीक्षा आयोजित की जाती है।

संसद की ओर मार्च करने का प्रयास कर रहे छात्र हिरासत में

नीट-यूजी विवाद: केंद्रीय शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करो और एनटीए को खत्म करो जैसे लगा रहे थे नारे

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में परीक्षाओं में अनियमितताओं के विरोध में संसद की ओर मार्च करतीं छात्राएं। ● एजेंसी

कई प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के विरोध में संसद की ओर मार्च करने का प्रयास कर रहे 12 से अधिक छात्रों को मंगलवार को हिरासत में लिया गया।

इंडिया अगेंस्ट एनटीए के बैनर तले विभिन्न संगठनों से जुड़े छात्र यहां पटेल चौक मेट्रो स्टेशन पर एकत्र हुए और एनटीए विरोधी नारे लगाने लगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करो और एनटीए को खत्म करो जैसे नारे लिखे पोस्टर और बैनर लेकर छात्रों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक और भ्रष्टाचार के कथित मामलों के खिलाफ प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को उस समय हिरासत में ले लिया, जब वे अपनी मांगों को लेकर संसद की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन करने के बाद छात्र पटेल चौक मेट्रो स्टेशन पर एकत्र हुए, जहां से उन्होंने संसद की ओर मार्च करना शुरू किया। ऐसा करने की कोशिश कर रहे 12 से अधिक छात्रों को हिरासत में लिया गया है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षाओं राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), नीट-पीजी (स्नातकोत्तर) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) में अनियमितता को लेकर इंडिया अगेंस्ट एनटीए के बैनर तले विभिन्न छात्र संगठन यहां जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं।

छात्र संगठनों ने नीट विवाद को लेकर केंद्र की आलोचना की

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के छात्र संगठनों ने मंगलवार को नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार की आलोचना की और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए सभी 24 लाख उम्मीदवारों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित किये जाने की अपनी मांग दोहरायी। यहां प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में छात्र संगठनों के राष्ट्रीय नेताओं ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षा में विसंगतियों के खिलाफ एक साझा प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए और निष्पक्ष परीक्षा आयोजित कराने में विफल रहने के कारण परीक्षा एजेंसी को समाप्त करने की मांग पर जोर दिया। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में वाम समर्थित ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) सहित समाजवादी छात्र सभा और कांग्रेस की छात्र शाखा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) सहित छात्र संगठनों के राष्ट्रीय नेता मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि एनटीए की "निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित करने में असमर्थता" के कारण लाखों छात्रों का भविष्य खतरे में है और उन्होंने मांग की कि सभी उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक की नयी तारीखें तुरंत जारी की जाएं।

एक नजर

पासपोर्ट मामले में सीबीआई ने 1.59 करोड़ जब्त किए

नई दिल्ली। सीबीआई ने मुंबई के पासपोर्ट सेवा केंद्रों से जुड़े भ्रष्टाचार गिरोह का भंड़ाफोड़ करने के बाद तीन दिन तक चले तलाशी अभियान में 1.59 करोड़ रुपये नकद और अहम डिजिटल सबूत जब्त किए हैं। लोअर परेल और मलाड के पासपोर्ट सेवा केंद्रों के 14 अधिकारियों और 18 दलालों के खिलाफ 28 जून को 12 मामले दर्ज करने के बाद सीबीआई ने मुंबई और नासिक में तलाशी अभियान शुरू किया।

शपथ लेने को रशीद को मिली दो घंटे की पैरोल

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने मंगलवार को कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद को पांच जुलाई को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए दो घंटे की पैरोल प्रदान की। रशीद, 'इंजीनियर रशीद' के नाम से भी जाने जाते हैं। वह लोकसभा चुनाव में बारामूला सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुने गए थे। उन्हें 2017 में जम्मू-कश्मीर में आतंक के वित्तपोषण के मामले में गिरफ्तार किया गया था। रशीद ने शपथ लेने और अपने संसदीय कार्य करने के लिए अंतरिम जमानत या वैकल्पिक तौर पर हिरासत में पैरोल देने का अनुरोध करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

रिपोर्ट पेश करने के लिए एएसआई ने मांगी चार हफ्तों की मोहलत

इंदौर (मप्र), एजेंसी

● **मध्यप्रदेश में धार के भोजशाला के सर्वेक्षण का मामला**

मध्यप्रदेश में धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण की रिपोर्ट पेश करने के लिए चार हफ्तों की मोहलत की मांग करते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में मंगलवार को अर्जी दायर की।

अर्जी में मुख्य तौर पर यह दलील दी गई है कि हैदराबाद के राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) ने इस विवादित परिसर के 'ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर)-ज्योग्राफिक इन्फर्मेशन सिस्टम (जीआईएस)' सर्वेक्षण के दौरान जमा किए गए विशाल डेटा का अध्ययन करके अंतिम रिपोर्ट पेश करने के लिए एएसआई से तीन हफ्ते का समय मांगा है। कोर्ट की इंदौर पीठ के आदेश के मुताबिक एएसआई को भोजशाला परिसर के सर्वेक्षण की संपूर्ण रिपोर्ट दो जुलाई (मंगलवार) तक पेश करनी थी। एएसआई की मंगलवार को पेश ताजा अर्जी पर उच्च न्यायालय में चार जुलाई) को सुनवाई हो सकती है। अर्जी में उच्च न्यायालय को बताया गया कि एएसआई ने रह-रहकर होने वाली बारिश के बावजूद बिना किसी छुट्टी के भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण पूरा कर लिया है। आवेदन के मुताबिक एनजीआरआई ने भी विवादित परिसर का जीपीआर-जीआईएस सर्वेक्षण पूरा कर लिया है और इस सर्वेक्षण के 600 से अधिक प्रोफाइल वाले डेटा के विस्तृत अध्ययन, विश्लेषण और व्याख्या के जरिये अंतिम रिपोर्ट पेश करने के लिए हैदराबाद के इस संस्थान ने एएसआई से तीन हफ्ते का समय मांगा है। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष 11वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस नामक संगठन की अर्जी पर मप्र उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को एएसआई को भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था।

कोर्ट ने कविता को षडयंत्रकारियों में से एक करार दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी घोटाला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन के दो मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया वह दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 तैयार करने और इसके क्रियान्वयन की आपराधिक साजिश के मुख्य षडयंत्रकारियों में से एक हैं।

उच्च न्यायालय ने जांच एजेंसियों द्वारा एकत्रित सामग्री का अवलोकन करते हुए कहा कि कविता प्रथम दृष्टया विभिन्न प्रक्रियाओं में रिश्वत के भुगतान और अपराध की आय से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं और धनशोधन के अपराध में शामिल थीं। अदालत ने कहा कि अभी नियमित जमानत देने का कोई मामला नहीं बनता क्योंकि जांच महत्वपूर्ण चरण में है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने महिला होने के आधार पर राहत के लिए कविता की याचिका खारिज कर दी और कहा कि एक सुशिक्षित और एक पूर्व सांसद के रूप में उनकी तुलना एक कमजोर महिला से नहीं की जा सकती और अदालत उनके खिलाफ गंभीर आरोपों को नजरअंदाज नहीं कर सकती है।

बच्चों की मौत की जांच के दौरान हंसी मजाक करते देखे गए एसडीएम का तबादला

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर के एक बाल आश्रम में सिलसिलेवार बच्चों की संदिग्ध हालात में मौत की जांच के दौरान एक अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के कथित हंसी-ठट्ठा करने का वीडियो मंगलवार को सामने आया। इस वीडियो के सामने आने पर सोशल मीडिया पर प्रशासन की किरकिरी होने के बाद इन अधिकारी को मैदानी (क्षेत्र में) तैनाती से हटा दिया गया। चश्मदीदों ने बताया कि बच्चों की मौत के मामले की जांच के लिए मल्हारगंज थाना क्षेत्र में "श्री युगपुरुष धाम" के बाल आश्रम पहुंचे एसडीएम ओमनारायण सिंह बड़कुल को आश्रम की प्राचार्य और अन्य अधिकारियों के साथ खडे.होकर कथित तौर पर हंसी-मजाक करते देखा गया। इस वाकये का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ गया था।

बाढ़ से 6 .71 लाख लोग प्रभावित, 13 मछुआरों को वायुसेना ने बचाया

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ का कहर

असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और इस साल बाढ़ की दूसरी लहर में 20 जिलों में 6.71 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने गंभीर रूप से प्रभावित डिब्रूगढ़ जिले से 13 फंसे हुए मछुआरों को बचाया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एक आधिकारिक बुलेटिन में कहा गया है कि ब्रह्मपुत्र सहित कम से कम 13 प्रमुख नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं तथा कई जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुरोध पर डिब्रूगढ़ के हटिया अली से बाढ़ के पानी में फंसे मछुआरों को बचाया गया। अधिकारी ने कहा-एएसडीएमए ने भारतीय वायुसेना से फंसे हुए 13 मछुआरों को हवाई मार्ग से बाहर निकालने का अनुरोध किया। इसका सारा खर्च एएसडीएमए द्वारा वहन किया जाएगा। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बचाव अभियान से संबंधित तस्वीरें साझा करते हुए लिखाः "वायुसेना ने असम के डिब्रूगढ़ के उत्तर में बाढ़ग्रस्त ब्रह्मपुत्र के एक छोटे से द्वीप से 13 लोगों को बचाया।

असम के मोरीगांव जिले में भारी बारिश के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में यात्रा करने के लिए नाव का उपयोग करते ग्रामीण। ● एजेंसी

दो जुलाई 2024 को सूर्योदय के बाद, एएफएस मोहनबाड़ी से एक एमआई-17 IV हेलीकॉप्टर ने चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में उड़ान भरी और दलदली भूमि से बचाव अभियान चलाया। इसमें कहा गया है कि पायलट और फ्लाइट गनर के समन्वित प्रयासों से 13 बचे लोगों को शीघ्र और सुरक्षित विमान में चढ़ाना सुनिश्चित हुआ।

वायुसेना ने कहा कि बचाव के बाद मछुआरों को आपातकालीन प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। इससे पहले रविवार को, भारतीय वायुसेना ने धेमाजी जिले के जोनाई से राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के आठ कर्मियों और एक राजस्व अधिकारी को बचाया था। ये लोग राहत अभियान के दौरान चार इलाके में फंस गए थे। बाढ़ की मौजूदा लहर में डिब्रूगढ़ जिला बुरी तरह प्रभावित हुआ है और ऊपरी असम का यह प्रमुख शहर लगातार छह दिन से जलमग्न है।

खेल डायरी

डूरंड कप के नए मेजबान होंगे जमशेदपुर और शिलॉग

कोलकाता। भारतीय फुटबॉल के घरेलू सत्र का पहला टूर्नामेंट डूरंड कप 27 जुलाई से 31 अगस्त तक चार स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें इंडियन सुपर लीग, आई-लीग और अन्य आमंत्रण टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट के 133वें सत्र में राउंड-रॉबिन लीग और नॉकआउट प्रारूप में 43 मैच खेले जाएंगे, जिसमें शुरुआती और फाइनल मुकाबला कोलकाता के प्रतिष्ठित विवेकानन्द युवा भारती क्रीडांगन (साल्टलेक स्टेडियम) में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेगी जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप की शीर्ष टीम के साथ अगली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। आयोजकों ने मंगलवार को बताया कि पिछले साल की तरह इस बार भी विदेशी टीमें टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगी।

हॉकी इंडिया पहली बार करेगा मास्टर्स कप की मेजबानी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने 40 साल से अधिक उम्र के पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए मास्टर्स कप आयोजित करने की मंगलवार घोषणा की। इस टूर्नामेंट का मकसद अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों के जुनून और कौशल का जश्न मनाने का है। हॉकी इंडिया से संबद्ध सभी राज्य सदस्य इकाइयां इस आयोजन में भाग लेने के लिए पात्र हैं। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के इच्छुक 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र खिलाड़ियों को अपनी संबंधित सदस्य इकाइयों से संपर्क करना होगा। इन खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया की सदस्य इकाई की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण करना होगा।

भारत को ओलंपिक में पेनल्टी कॉर्नर गंवाने से बचना होगा : रस्किन्हा

मुंबई। पूर्व कप्तान वीरेन रस्किन्हा का मानना है कि अगर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को आगामी पेरिस ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचना है तो उसे अनावश्यक पेनल्टी कॉर्नर गंवाने की अपनी आदत से छुटकारा पाना होगा। आठ बार के स्वर्ण विजेता भारत ने तोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतकर 41 साल के सूखे को खत्म किया था। भारत पेरिस ओलंपिक में गत चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में है। रस्किन्हा ने कहा अगर आप एक टीम के रूप में बचाव करते हैं और आक्रमण करते हैं, तो हर किसी को अपनी भूमिका निभानी होती है।

चीन के बैडमिंटन खिलाड़ी की कोर्ट में मौत

जकार्ता। चीन के किशोर बैडमिंटन खिलाड़ी झांग झिजी की खेल के दौरान अचानक हृदयाघात से मौत हो गई। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार झांग झिजी की बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में खेल के दौरान गिर गए, बाद में खिलाड़ी को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार इंडोनेशिया के बैडमिंटन एसोसिएशन अखिल इंडोनेशिया बैडमिंटन संघ (पीबीएसआई) ने कहा कि खिलाड़ी को खेलते समय दिल का दौरा पड़ा। देरी उपचार को लेकर अधिकारियों ने तीखी आलोचना हो रही है। पीबीएसआई के प्रवक्ता ने कहा कि मेडिकल टीमों को खेल के नियम के अनुसार कोर्ट में प्रवेश करने से पहले रेफरी की अनुमति की आवश्यकता होती है इसलिए मेडिकल टीम तुरन्त कोर्ट में नहीं पहुंच सकी। पीबीएसआई अब महासंघ से इस नियम का पुनर्मूल्यांकन करेगा ताकि इस तरह की परिस्थिति तुरंत कार्रवाई जा सके।

एआईएफएफ ने नेरोका और टीआरएयू के आईलीग से रेलीगेशन की पुष्टि की

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को नेरोका एफसी और टीआरएयू एफसी के आईलीग से रेलीगेशन (निचली लीग में खिसकना) की पुष्टि की। मणिपुर के ये दोनों क्लब 2023-24 सत्र में अंतिम दो स्थान पर रहे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने आग्रह किया था कि तीन मई 2023 को राज्य में शुरू हुए जातीय संघर्ष को देखते हुए इम्फाल के इन दोनों क्लबों को रेलीगेशन से छूट दी जाए लेकिन इसके बावजूद अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यह फैसला किया। एआईएफएफ ने कहा, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने आईलीग 2023-24 में नियमों के अनुसार रेलीगेशन लागू करने का फैसला किया है। 13 टीम की प्रतियोगिता में नेरोका एफसी 14 अंक और टीआरएयू एफसी 13 अंक के साथ अंतिम दो स्थान पर रहे और रेलीगेट हो गए। मोहम्मडन स्पोर्टिंग की टीम 52 अंक के साथ चैंपियन बनी।

आखिरी चार में प्रज्ञानानंदा और गुकेश लगाएंगे जोर

सुपरबेट क्लासिक शतरंज

बुकारेस्ट (रोमानिया), एजेंसी

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में एक दिन के विश्राम के बाद जब छठे दौर के मुकाबल में उतरेंगे तो तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के लिए उन्हें आखिरी के चार दौर में अपने खेल के स्तर को और ऊंचा उठाना होगा।

नौ दौर के टूर्नामेंट में पांच दौर के बाद दोनों भारतीय तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अमेरिका के फैबियानो कारूआना उनसे आधा अंक आगे तालिका में शीर्ष पर है। फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव, रूस के इयान नेपोम्नियाचची और अमेरिक के वेस्ले सो 2.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। यह चारों खिलाड़ी नीदरलैंड के अनीश गिरी और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से आधा अंक आगे हैं। स्थानीय खिलाड़ी डीक बोगदान-डेनियल 1.5 अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। प्रज्ञानानंदा टूर्नामेंट में अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे है और बेहतर स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने कुछ मुकाबलों को ड्रॉ खेला है।

हताश हूं, इस हार को पचाना मुश्किल : मिलर

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारत से मिली करीबी हार से निराश डेविड मिलर ने कहा कि इस परिणाम को पचा पाना मुश्किल है। बाएं हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज ने हालांकि उम्मीद जताई कि उनकी टीम इस हार के गम को भुला कर मजबूत वापसी करेगी।

दक्षिण अफ्रीका ने इस विश्व कप में चोकर्स के ठप्पे को काफी हद तक पीछे छोड़ते हुए बिना कोई मैच गंवाए फाइनल में जगह पक्की की थी। शनिवार को बारबाडोस में खेले गये फाइनल में उसे भारत से सात रन की शिकस्त मिली मिलर ने इंस्टाग्राम पर लिखा मैं बहुत निराश हूं, दो दिन पहले जो हुआ उसके पचा पाना काफी कठिन है। मेरे पास अपनी भावनाओं को बयां करने के लिए शब्द नहीं है। मुझे हालांकि इस टीम पर बेहद गर्व है। फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका ने अपने अभियान में कई करीबी मैचों में जीत दर्ज की लेकिन टीम खिताबी मुकाबले में जीत के करीब होने के बाद आखिरी पांच ओवर में दबाव में आ गई। मिलर ने कहा इस टूर्नामेंट में हमारा सफर शानदार रहा। हमने पूरे महीने कई उतार-चढ़ाव देखे। हमने पीड़ा सही है। मैं हालांकि जानता हूं कि इस टीम में जज्बा है और वह अपना स्तर ऊंचा करती रहेगी। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी पांच ओवर में 30 रन चाहिए थे लेकिन जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की शानदार गेंदबाजी ने मैच के रुख को भारत की ओर मोड़ दिया। पंड्या ने आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले हेनरिच क्लासेन को आउट किया तो वही बुमराह ने मार्को यानसेन को चलता किया। आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रनों की जरूरत की लेकिन पंड्या की पहली गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने लांग ऑफ बाउंड्री के पास मिलर का शानदार कैच लपक कर मैच पर भारत का नियंत्रण बना दिया।

द्रविड़ ने खुलासा किया, एकदिवसीय विश्व कप में हार के बाद रोहित ने कैसे पद छोड़ने से रोका, बोले- शुक्रिया रो

...तो ऐतिहासिक पल का हिस्सा न होता

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

- अपने विदाई भाषण में के वक्त भावुक हुए भारतीय टीम के निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़
- वनडे विश्व कप के साथ ही समाप्त हो गया था द्रविड़ का कार्यकाल, फिर से नहीं किया आवेदन

भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने यहां टी-20 विश्व चैंपियन बनने के बाद टीम को दिए अपने विदाई भाषण में खुलासा किया कि अगर उन्हें एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में हार के बाद पद पर बने रहने का अनुरोध करते हुए कप्तान रोहित शर्मा का फोन नहीं आया होता तो वह इतिहास का हिस्सा नहीं होते। द्रविड़ का कार्यकाल एकदिवसीय विश्व कप के साथ समाप्त हो गया था। भारत लगातार 10 मैच जीतने के बाद फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। कोचिंग स्टाफ को हालांकि शनिवार को समाप्त हुए टी-20 विश्व कप के अंत तक विस्तार मिला था।

भारत ने द्रविड़ के मार्गदर्शन में अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता लेकिन उन्होंने इस भूमिका में बने रहने के लिए फिर से आवेदन नहीं किया। उन्होंने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में टीम की सात रन की जीत के बाद केनसिंगटन ओवल ड्रेसिंग रूम में अपने भाषण के दौरान कोच के रूप में बने रहने का आग्रह करने में रोहित की भूमिका का उल्लेख किया। द्रविड़ ने मंगलवार को बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा, रो (रोहित) नवंबर में मुझे फोन करने और टीम के साथ जुड़े रहने के लिए कहने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे लगता है कि आप सभी के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य और खुशी की बात है, लेकिन रो, समय देने के लिए भी धन्यवाद... हमने बातचीत करने, चर्चा करने, सहमत होने और असहमत होने में बहुत समय बिताया लेकिन आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने कहा, आप सभी को ये पल याद होंगे। हम हमेशा कहते हैं, यह रनों के बारे में नहीं है, यह विकेटों के बारे में नहीं है, आप अपने करियर को कभी याद नहीं रखते हैं, लेकिन आप इस तरह के पलों को याद रखते हैं, इसलिए आओ और इसका लुत्फ उठाओ। मैं आप लोगों पर बहुत गर्व करता हूं, जिस तरह से आपने वापसी की, जिस तरह से संघर्ष किया, जिस तरह से हमने एक टीम के रूप में काम किया... लचीलापन दिखाया। पिछले कुछ वर्षों में कुछ निराशा हुई, जहां हम करीब आए लेकिन कभी रेखा को पार नहीं कर पाए।

बीसीसीआई और पर्दे के पीछे के लोगों के काम की सराहना की

द्रविड़ ने कहा आप सभी ने बहुत सारे बलिदान किए हैं, अपने परिवारों को आज यहां इसका आनंद लेते हुए देखने के लिए, आपके परिवार के कई सदस्य घर पर हैं, बस उन सभी बलिदानों के बारे में सोचें, जो आप अपने बचपन से लेकर अब तक ड्रेसिंग रूम का हिस्सा बनने के लिए करते आए हैं। आपके माता-पिता, आपकी पत्नी, आपके बच्चों, आपके भाई, आपके कोच, बहुत से लोगों ने बहुत सारे बलिदान किए हैं और इस पल में इस स्मृति का आनंद लेने के लिए आपके साथ बहुत मेहनत की है। आप लोगों के साथ इस स्मृति का हिस्सा बनने पर बहुत गर्व है। आमतौर पर मुखर रहने वाले द्रविड़ ने माना कि उनके पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं लेकिन उन्होंने निवर्तमान कोचिंग स्टाफ के प्रति सम्मान के लिए टीम की प्रशंसा की। मेरे पास आमतौर पर शब्दों की कमी नहीं होती लेकिन आज जैसे दिन पर, जब मैं इसका हिस्सा बना, मैं आप सभी का, मेरे कोचिंग स्टाफ और मेरे सहयोगी स्टाफ के प्रति दिखाए गए सम्मान, दयालुपन और आपके प्रयासों के लिए जितना आभारी हूं, उतना कम है। द्रविड़ ने कहा एक बेहतरीन टीम के पीछे एक सफल संगठन भी होता है और हमें बीसीसीआई और पर्दे के पीछे के लोगों के काम की सराहना करनी चाहिए।

जल्द होगी भारतीय टीम की घर वापसी

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

- बारबडोस की प्रधानमंत्री को छह से 12 घंटे में हवाई अड्डे खुलने की उम्मीद

टी-20 विश्व चैंपियन भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार शाम को चार्टर विमान से स्वदेश रवाना होगी। बारबडोस की प्रधानमंत्री मिया मोटली ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यहां हवाई अड्डा अगले छह से 12 घंटों में चालू हो जाएगा जिसे श्रेणी चार के तूफान के कारण बंद किया गया था।

रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम, उसका सहयोगी स्टाफ, बीसीसीआई के कुछ अधिकारी और खिलाड़ियों के परिवार तूफान बेरिल के कारण पिछले दो दिन से यहां फंसे हुए हैं। टीम ने शनिवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर खिताब जीता। एक सूत्र के अनुसार दल के ब्रिजटाउन से शाम छह बजे (स्थानीय समय) रवाना होने और बुधवार को शाम 7.45 बजे (भारतीय समयानुसार) पर दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। खिलाड़ियों को बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किया जाएगा लेकिन इसके कार्यक्रम को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

लक्ष्मण के मार्गदर्शन में भारतीय टीम जिम्बाब्वे रवाना

मुंबई। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में युवा भारतीय क्रिकेट टीम छह जुलाई से हरारे में शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे रवाना हो गई। टीम की कमान शुभमन गिल संभालेंगे जबकि युवा खिलाड़ी रियान पराग और अभिषेक शर्मा को पिछले आईपीएल में उनके प्रदर्शन के बाद पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। टी-20 विश्व कप के लिए रिजर्व सलामी बल्लेबाज रहे कप्तान गिल ब्रेक पर थे और वह अमेरिका से सीधे हरारे में टीम से जुड़ेंगे। बीसीसीआई ने विमान में सवार लोगों की तस्वीरें एक्स पर पोस्ट कीं जिनमें अभिषेक, पराग, रुतुराज गायकवाड़, आवेश खान, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, तुषार देशपांडे और एनसीए प्रमुख लक्ष्मण शामिल हैं। टीम के पांच सदस्य शिवम दुबे, संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह और खलील अहमद या तो टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे या रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ थे। हरारे के स्पोर्ट्स क्लब में होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला 6 जुलाई से शुरू होगी। अन्य मैच 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेलें जाएंगे। जिम्बाब्वे के साथ पहले और दूसरे टी-20 के लिए भारतीय टीम में शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा (विकेट कीपर) और हर्षित राणा को शामिल हैं।

पुरुष एकल के पहले दौर में हारे सुमित

लंदन, एजेंसी

केकमैनोविचक के खिलाफ शॉट खेलते सुमित नागल।>> ● एजेंसी

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को विंबलडन टूर्नामेंट 2024 में पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में सर्बिया के मिओमिर केकमैनोविच से हार का सामना करना पड़ा है।

सोमवार देर रात खेले गए मैच में सार्बियाई खिलाड़ी केकमैनोविच ने दो घंटे और 48 मिनट में नागल को 6-2, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। नागल के शानदार खेल की बदौलत मुकाबला चार सेटों तक खिंचा। सुमित ने पहला सेट 2-6 से हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 से जीता। हालांकि इसके बाद केकमैनोविच ने तीसरा सेट 3-6 से जीतकर 2-1 की बढ़त कर दिया। केकमैनोविच ने तीसरा सेट 3-6 और चौथे सेट में 6-4 से जीत लिया। नागल और सर्बिया के डुसन लाजोविच की जोड़ी अब पेड्रो मार्टिनेज और जौम मुनार से युगल मुकाबले में प्रतिस्पर्धा करेगी।

अपने अंतिम विंबलडन में युगल मुकाबले खेलेंगे मरे

लंदन। दो बार के विंबलडन चैंपियन एंडी मरे ऑल इंग्लैड क्लब पर अंतिम बार उतरते हुए सिर्फ युगल मुकाबलों में खेलेंगे। मरे की एक हफ्ते से कुछ अधिक समय पहले पीठ की सर्जरी हुई है और मंगलवार को उन्होंने एकल मुकाबलों से हटने का फैसला किया। मरे ने सेंटर कोर्ट पर टॉमस मैकेक के खिलाफ मुकाबले से कुछ घंटों पहले एकल वर्ग से हटने का फैसला किया। मरे की प्रबंधन टीम ने एक बयान में कहा दुर्भाग्य से, एक सप्ताह पहले ही ऑपरेशन के बाद से उबरने की प्रक्रिया पर कड़ी मेहनत करने के बावजूद, एंडी ने इस साल एकल नहीं खेलने का बहुत कठिन निर्णय लिया है। बयान के अनुसार जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, वह बेहद निराश हैं लेकिन उन्होंने पुष्टि की है कि वह जेमी के साथ युगल में खेलेंगे और विंबलडन में आखिरी बार प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं।

छह साल में पहली बार ओसाका को मिली जीत

विंबलडन। नाओमी ओसाका ने सोमवार को विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में छह साल में पहली जीत दर्ज की जब वह डियाने पैरी को हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। आसोका पांच साल विंबलडन में खेली भी नहीं। बारह महीने पहले आसोका अपनी बेटी शाई के जन्म के कारण टूर का हिस्सा भी नहीं थी। उनकी बेटी मंगलवार को एक साल की हुई। आसोका ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में पैरी को 6-1, 1-6, 6-4 से हराया। कोको गॉफ, 2021 की अमेरिकी ओपन विजेता ऐमा राडुकानु और तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्कारेज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। अल्कारेज ने पुरुष एकल में खिताब की रक्षा के अभियान की शुरुआत एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क ला याहल के खिलाफ 7-6, 7-5, 6-2 की जीत के साथ की। गॉफ ने कैरोलिन डोलेहाइड को 6-1, 6-2 से हराया जबकि राडुकानु ने रेनाटा जाराजुआ को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी।

1994 के बाद शुरुआती दौर में बाहर होने वाली पहली महिला विंबलडन चैंपियन बनीं मार्केटा वोंड्रोसोवा

लंदन। मार्केटा वोंड्रोसोवा 1994 के बाद विंबलडन टेनिस के शुरुआती दौर में हार का सामना करने वाली पहली मौजूदा महिला चैंपियन बन गई। वोंड्रोसोवा को मंगलवार को सेंटर कोर्ट पर स्पेन की जेसिका बौजास मानीरो ने सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। वोंड्रोसोवा ने पिछले साल ऑल इंग्लैंड क्लब में कई उलटफेर करते हुए चैंपियन बनीं थी। वह घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में ट्रॉफी हासिल करने वाली पहली गैरवरीय महिला बनी थीं। उनके नाम अब एक और रिकॉर्ड दर्ज हो गया। 1968 में शुरू हुए खेल के ओपन युग में इससे पहले सिर्फ एक बार ऐसा हुआ है जब गत चैंपियन खिलाड़ी पहले दौर में बाहर हो गया हो। लगभग 30 साल पहले तब स्टेफी ग्राफ को लोरी मैकनील ने हराया था। वोंड्रोसोवा को इस बार छठी वरीयता दी गई थी।

अजारेंका और चोटिल एरिना सबालेंका विंबलडन से हटीं

लंदन। बेलारुस की टेनिस महिला खिलाड़ियों एरिना सबालेंका और विक्टोरिया अजारेंका को कंधे की चोट के कारण विंबलडन टूर्नामेंट से हटना पड़ा है। सबालेंका ने कहा हम अपनी टीम के साथ हरसंभव प्रयास कर रहे थे कि मैं यहां अपना पहला मैच खेल सकू लेकिन मैं इसके लिए प्रतिशत तैयार नहीं हूं। इसके बाद में उनकी हमवतन विक्टोरिया अजारेंका भी कंधे की चोट के कारण विंबलडन से हट गईं।

नोवाक जोकोविच ने एकतरफा जीत से किया आगाज

लंदन। नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को क्वालीफायर विट कोप्रिवा पर 6-1, 6-2, 6-2 की आसान जीत के साथ विंबलडन में अपने सफर का आगाज किया। जोकोविच इस मैच के दौरान अपने दाहिने घुटने पर एक भूरे रंग बैंडेज लगाये हुए थे। लगभग दो घंटे तक चले मैच में उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। जोकोविच के नाम विंबलडन के सात खिताब है और वह सबसे ज्यादा बार चैंपियन बनने वाले रोजर फेडरर से एक खिताब दूर है।

वॉन और फ्लिंटॉफ के बेटे अंडर-19 में इंग्लैंड के लिए कर सकते हैं पदार्पण

लंदन, एजेंसी

- श्रीलंका के खिलाफ 8 को पदार्पण कर सकते हैं दोनों खिलाड़ी

इंग्लैंड के माइकल वॉन और एंड्रयू फ्लिंटॉफ की जोड़ी के अपने टेस्ट करियर को समाप्त करने के पंद्रह साल बाद उनके बेटों के श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों से आयु वर्ग स्तर पर पारंपरिक प्रारूप में अपनी यात्रा शुरू करने की उम्मीद है।

पूर्व एशेज विजेता इंग्लैंड के कप्तान वॉन के बेटे आर्ची वॉन को मंगलवार को 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया जिसमें 16 वर्षीय रॉकी फ्लिंटॉफ भी शामिल हैं जिन्होंने पहले ही युवा एकदिवसीय मुकाबलों में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर लिया है। टीम में पारिवारिक संबंध साफ नजर आते हैं। इंग्लैंड के मौजूदा लेग स्पिनर रेहान के भाई फरहान अहमद और इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जो डेनली के 17 वर्षीय भतीजे जेडन डेनली को भी टीम में जगह मिली है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और ऑफ स्पिनर 18 वर्षीय आर्ची ने इस सत्र की शुरुआत में अपने पहले पेशेवर अनुबंध में समरसेट का प्रतिनिधित्व किया। पिछले हफ्ते आयु वर्ग स्तर पर उन्होंने इंग्लैंड अंडर-19 एकदिवसय टीम के खिलाफ अभ्यास मैच में यंग लायंस आमंत्रण एकादश के लिए 83 गेंदों में 85 रन बनाकर सबका ध्यान खींचा। इंग्लैंड अंडर-19 टीम 8 से 11 जुलाई तक और 16 से 19 जुलाई तक दो टेस्ट मैचों में श्रीलंका अंडर-19 से भिड़ेगी।

नीरज ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए किया प्रेरित : सुमरिवाला

मुंबई, एजेंसी

- भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष बोले- काफी शांतचित और एकाग्र है नीरज

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने मंगलवार को यहां कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा शांतचित खिलाड़ी हैं, जो दबाव को कभी हावी नहीं होने देते है और दूसरे भारतीय खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं। नीरज पुरुषों की भाला फेंक में मौजूदा विश्व चैंपियन भी हैं।

सुमारिवाला ने स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ मुंबई द्वारा आयोजित एक चर्चा में भारत के सुपरस्टार एथलीट के बारे में कहा, एक तरफ नीरज नीरज है और दूसरी तरफ बाकी सब (एथलीट) हैं। जहां तक नीरज का सवाल है तो वह काफी शांतचित और एकाग्र है। अगर आप उससे पूछें, क्या आपको डर लगता है? तो वह कहेगा, डर तो सबको लगता है लेकिन तनाव नहीं लेना चाहिए। सुमरिवाला ने कहा, मैं प्रतिस्पर्धा में जाने से पहले हमेशा इन खिलाड़ियों से वार्मअप क्षेत्र में बातचीत करता हूं। वह कहता है कोई तनाव नहीं है।

शूटआउट में जीता पुर्तगाल, क्वार्टरफाइनल में

यूरो कप 2024

फ्रैंकफर्ट, एजेंसी

पेनल्टी शूटआउट में गोल दागते क्रिस्टियानो रोनाल्डो। ● एजेंसी

यूरोकप 2024 के राउंड ऑफ 16 में पुर्तगाल ने पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सोमवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पास अतिरिक्त समय में दो गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गए और मैदान में रोते हुए देखे गए।

पेनल्टी शूटआउट में पुर्तगाल के गोलकीपर डिओगो कोस्टा के लगातार तीन गोल बचाकर अपनी टीम क्वार्टरफाइनल में पहुंचाया। पुर्तगाल अगले दौर में फ्रांस से भिड़ेंगे। फ्रांस बेल्जियम को 1-0 से हराकर अगले दौर में पहुंचा है। मैच के बाद रोनाल्डो ने कहा मेरे पास खेल का फैसला करने का मौका था, लेकिन मैं चूक गया और ओब्लाक ने शानदार बचाव किया। पुर्तगाल के गोलकीपर कोस्टा ने कहा, यह मेरे करियर का अब तक का सबसे अच्छा मैच था। मैंने पेनल्टी शूटआउट के दौरान स्वयं पर भरोसा किया। बेशक, हमने शूटरों का विश्लेषण किया था, लेकिन खिलाड़ी अक्सर मैदान पर मन बदल लेते हैं, इसलिए मैंने अपने अंतर्ज्ञान पर भरोसा किया। पुर्तगाल के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने कोस्टा की प्रशंसा करते हुए कहा कोस्टा हमारा गुप्त हथियार है। उसने आज अपनी ताकत दिखाई।

बेल्जियम को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचा फ्रांस

डसेलडोर्फ (जर्मनी)। रेंडल कोलो मुआनी के शॉट पर आत्मघाती गोल से फ्रांस ने बेल्जियम को 1-0 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दो दिग्गज पड़ोसी टीमों और दुनिया की दूसरे (फ्रांस) तथा तीसरे (बेल्जियम) नंबर की टीमों के बीच हुआ यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा और मैच में सिर्फ एक गोल हो पाया।

कोपा अमेरिका 2024

उरूग्वे के खिलाफ 0-1 की हार से बाहर हुआ अमेरिका

कन्सास सिटी (अमेरिका)। अमेरिका को मथास ओलिवेरा के दूसरे हाफ में दागे विवादास्पद गोल के कारण उरूग्वे के खिलाफ 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे टीम कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इसके साथ ही अमेरिकी सॉकर महासंघ पर 2026 विश्व कप से पहले कोच ग्रेग बरहाल्टर को हटाने का दबाव भी बढ़ गया है।

बोलीविया को हरा कर पनामा क्वार्टरफाइनल में

ओरलैंडो। पनामा को ग्रुप सी मैच में बोलीविया को 3-1 से हराकर दूसरे स्थान पर रहते हुए पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। पनामा क्वार्टर फाइनल में ग्रुप डी के विजेता से भिड़ेगा जो ब्राजील या कोलंबिया हो सकता है। एडवर्डो गुइरेरो ने 79वें मिनट में पनामा को 2-1 की बढ़त दिलाई जबकि सेजार यानिस ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

दक्षिण पंथियों को हराने के लिए 190 उम्मीदवारों ने वापस लिए नाम

पेरिस, एजेंसी

फ्रांसीसी उदारवादी राजनीतिक गठबंधन एन्सेम्बल व न्यू पॉपुलर फ्रंट के वामपंथी चुनावी गठबंधन के कम से कम 190 उम्मीदवार दक्षिणपंथी नेशनल रैली (आरएन) को हराने में मदद करने के लिए संसदीय चुनाव के दूसरे दौर से हट गए हैं।

फ्रांस के अखबार ले मोंडे ने मंगलवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। तीन सौ से अधिक फ्रांसीसी चुनावी जिलों में मतदान के पहले दिन के नतीजों से पता चला कि दाएं, बाएं और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के राजनीतिक गठबंधन के तीन मुख्य ब्लॉक के उम्मीदवार दूसरे दौर में आगे बढ़ गए थे। कथित तौर पर मैक्रों के विचार के लिए उनके गठबंधन और वामपंथी ब्लॉक के उम्मीदवारों की आवश्यकता थी जो आकस्मिक चुनाव के पहले दौर के बाद अपने जिले में तीसरे स्थान पर आए थे। ताकि दक्षिणपंथी उम्मीदवारों को रोकने के लिए दूसरे दौर से हट जाएं, क्योंकि जो उम्मीदवार दूसरे स्थान पर था। दूसरे दौर के चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची मगंलवार शाम 6:00 बजे तक जमा करा दिए।

फ्रांस में चुनाव

- दूसरे दौर के चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जमा की
- आरएन को जीत से रोकने के लिए इमैनुएल मैक्रों ने बनाया प्लान

मानसून के मौसम में डेंगू के डंक से सावधान

देश के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। इस मौसम में कई सारी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू इन्हीं बीमारियों में से एक है जो मानसून में सबसे ज्यादा लोगों को प्रभावित करता है। यहां तक की डेंगू बुखार कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो जाता है। बारिश के मौसम में घर के आसपास और पड़ोस में बारिश के कारण हुए जलभराव से डेंगू मच्छर पनप सकता है। यह मच्छर साफ पानी में पैदा होता है, यदि आपके घर में खुले स्थानों पर पानी भरा है तो डेंगू का मच्छर पैदा हो जाएगा, इसलिए अपने आसपास जमा पानी को खाली करते रहें। कुछ बातों को ध्यान में रख आप इससे अपना बचाव कर सकते हैं।

डेंगू के लक्षण

आमतौर पर डेंगू बुखार के लक्षणों में एक साधारण बुखार होता है और किशोरों एवं बच्चों में इसकी आसानी से पहचान नहीं की जा सकती। डेंगू में 104 फारेनहाइट डिग्री का बुखार होता है, जिसके साथ इनमें से कम से कम दो लक्षण होते हैं : सिर दर्द, मांसपेशियों व हड्डियों और जोड़ों में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी लगना, आंखों के पीछे दर्द, ग्रंथियों में सूजन, त्वचा पर लाल चकत्ते होना इत्यादि। इसमें तीन प्रकार के बुखार होते हैं, जिनसे व्यक्ति को खतरा होता है, जो इस प्रकार हैं – हल्का डेंगू बुखार, डेंगू रक्तस्रावी बुखार और डेंगू शॉक सिंड्रोम। तीनों में डेंगू शॉक सिंड्रोम सबसे खतरनाक होता है। यहां तक कि यह मौत का कारण भी बन सकता है।

यह भी हैं कारगर उपाय

- **मच्छर रोधी क्रीम :** डाइथाइलटोलुआमाइड (डीईईटी) के कम से कम 10 प्रतिशत कंसंट्रेशन वाला रेपेलेंट प्रभावी रहता है। लंबे समय तक जोखिम हो तो फिर उच्च कंसंट्रेशन वाले रेपलेंट की आवश्यकता होती है।
- **व्यक्तिगत स्वच्छता :** जब आप किसी वायरस से संक्रमित होते हैं, तो आप अन्य बीमारियों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशील हो जाते हैं। लिक्विड हैंडवॉश का प्रयोग करें, जो कीटाणुओं को दूर रखने का काम करता है।
- **ठहरे हुए पानी को कीटाणुरहित करें :** एडीज मच्छर साफ और स्थिर पानी में पनपता है। पानी के बर्तन या टंकी को हर समय ढककर रखें और यदि आवश्यक हो तो एक उचित कीटाणुनाशक का उपयोग करें।

डेंगू का उपचार

डेंगू बुखार का कोई विशिष्ट उपचार नहीं है, क्योंकि डेंगू एक वायरस है। यथासमय देखभाल से मदद मिल सकती है, जो कि इस बात पर निर्भर करता है कि बीमारी कितनी गंभीर है। डेंगू बुखार होने आप चिकित्सा परामर्श लेकर स्वस्थ हो सकते हैं। हमारे शरीर के अधिकांश तरल पदार्थों का उल्टी और तेज बुखार के दौरान ह्रास हो जाता है। तरल पदार्थों के सेवन से आसानी से डिहाइड्रेट नहीं होगा।

डेंगू के कारण

डेंगू चार वायरसों के कारण होता है, जो इस प्रकार हैं – डीईएनवी-1, डीईएनवी-2, डीईएनवी-3 और डीईएनवी-4। जब यह पहले से संक्रमित व्यक्ति को काटता है तो वायरस मच्छर के शरीर में प्रवेश कर जाता है। और बीमारी तब फैलती है जब वह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, और वायरस व्यक्ति के रक्तप्रवाह के जरिये फैलता है। एक बार जब कोई व्यक्ति डेंगू बुखार से उबर जाता है, तो वह विशिष्ट वायरस से प्रतिरक्षित होता है, लेकिन अन्य तीन प्रकार के वायरस से नहीं। यदि आप दूसरी, तीसरी या चौथी बार संक्रमित होते हैं तो गंभीर डेंगू बुखार, जिसे डेंगू रक्तस्रावी बुखार के रूप में भी जाना जाता है, के विकसित होने की संभावना बढ़ जाती है।

एक नजर

भारतीय स्त्री रोग विशेषज्ञ धोखाधड़ी मामले में दोषी

शिकागो। भारतीय अमेरिकी प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ मोना घोष ने बीमाकर्ताओं को उन सेवाओं व प्रक्रियाओं के लिए प्रतिपूर्ति दावे प्रस्तुत करने की बात स्वीकार की जो प्रदान नहीं की गई थीं या चिकित्सकीय रूप से आवश्यक नहीं थीं। उन्हें शिकागो के चिकित्सक को संघीय स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी के आरोपों में दोषी ठहराया गया है। मेडिकेड एवं निजी बीमाकर्ताओं को गैर-मौजूद सेवाओं के बिल देने के लिए 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

भारतीय मूल के गुरु पर यौन उत्पीड़न का मुकदमा

लंदन। भारतीय मूल के गुरु राजेंद्र कालिया के खिलाफ इस सप्ताह लंदन के उच्च न्यायालय में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कई महिलाओं ने लाखों पाउंड के हर्जाने के लिए मुकदमा दर्ज कराया है। महिलाओं का दावा है कि वे उसकी शिष्याएं थी जबकि कालिया का दावा है कि वह इंग्लैंड की एक धार्मिक सोसाइटी का मुख्य पुजारी है। कालिया (68) पहले से चल रहे एक मुकदमे में प्रतिवादी हैं जिसमें उस पर अपने उपदेशों और शिक्षाओं के साथ-साथ चमत्कार का कथित प्रदर्शन कर अनुयायियों के कार्यों को अनुचित रूप से प्रभावित करने का आरोप लगाया गया है।

रुश्दी पर हमले के आरोपी ने नहीं स्वीकारा आरोप

न्यूयॉर्क। लेखक सलमान रुश्दी पर चाकू से हमला करने के आरोपी व्यक्ति ने मंगलवार को उस समझौते को स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसके तहत अगर आरोपी आतंकवाद से जुड़े आरोपों को स्वीकार कर लेता तो उसकी सजा कम हो जाती। आरोपी के वकील ने यह जानकारी दी। हादी मतार (26) 2022 में हमले के बाद से हिरासत में है। मतार पर चाकू से 12 से अधिक बार वार करने का आरोप है।

अमेरिका यूक्रेन को हथियारों के लिए देगा 2.3 अरब डॉलर

वाशिंगटन। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि अमेरिका जल्द ही यूक्रेन के लिए 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सुरक्षा सहायता की घोषणा करेगा, जिसमें टैंक रोधी हथियार, इंटरसेप्टर और पैट्रियट और अन्य वायु रक्षा प्रणालियों के लिए युद्ध सामग्री शामिल होगी। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ने अमेरिका रक्षा मुख्यालय पेंटागन में ऑस्टिन से मुलाकात की थी।

पड़ोसी राज्य में सियासी संकट, नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल ने किया समझौता

ओली-देउबा ने मिलाया हाथ, संकट में प्रचंड

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में नाटकीय घटनाक्रम के तहत दो सबसे बड़े दलों नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड को सत्ता से बेदखल करने के लिए एक नई राष्ट्रीय सर्वसम्मति की सरकार बनाने के वास्ते सोमवार आधी रात को एक समझौता किया। वहीं, नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए सहमति बनने के बीच मंगलवार को प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने पद से इस्तीफा नहीं देने का फैसला किया है।

नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के सचिव गणेश शाह ने बताया कि पार्टी पदाधिकारियों की मंगलवार को प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई बैठक में प्रचंड ने कहा कि वह पद से इस्तीफा देने के बजाय संसद में विश्वास मत का सामना करना पसंद करेंगे। सीपीएन-यूएमएल ने मंगलवर को प्रधानमंत्री प्रचंड से पद छोड़ने का आग्रह किया ताकि संवैधानिक प्रावधान के अनुसार नई सरकार बनाई जा सके। इसने सभी राजनीतिक दलों से देश में राजनीतिक स्थिरता को मजबूत करने के लिए ओली के नेतृत्व में राष्ट्रीय सरकार में शामिल होने का भी आग्रह किया। पूर्व विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सौद के अनुसार देउबा (78) और ओली (72) संसद के शेष कार्यकाल के लिए बारी-बारी से प्रधानमंत्री पद साझा करने पर सहमत हुए। सौद नेपाली कांग्रेस के केंद्रीय सदस्य भी हैं। नेपाल के प्रतिनिधि सदन में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। दोनों दलों की संयुक्त संख्या 167 है जो 275 सदस्यीय सदन में बहुमत के 138 सीट के आंकड़े के लिए पर्याप्त है। देउबा और ओली ने दोनों दलों के बीच संभावित नए राजनीतिक गठबंधन की जमीन तैयार करने के लिए शनिवार को भी मुलाकात की थी जिसके बाद ओली की सीपीएन-यूएमएल ने प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से रिश्ता खत्म कर लिया। महज चार महीने पहले ही इस सरकार को अपना समर्थन दिया था। समझौते के तहत ओली डेढ़ साल तक नेतृत्व करेंगे। बाकी के कार्यकाल के लिए देउबा प्रधानमंत्री रहेंगे।

शेर बहादुर देउबा

केपी शर्मा ओली



पुष्प कमल दाहाल प्रचंड

ओली और प्रचंड के बीच मतभेद तेजी से बढ़े

ओली और प्रधानमंत्री प्रचंड के बीच मतभेद तेजी से बढ़े हैं और ओली वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार द्वारा हाल में किए गए बजट आवंटन से भी नाखुश हैं जिसके बारे में उन्होंने सार्वजनिक रूप से बोला था। नए गठबंधन से समझौते के अनुसार, सीपीएन-यूएमएल कोशी, लुम्बिनी और करनाली प्रांतों में प्रांतीय सरकारों का नेतृत्व करेगी तथा नेपाली कांग्रेस बागमती, गंडकी और सुदूर पश्चिम प्रांतों में प्रांतीय सरकारों का नेतृत्व करेगी।

प्रधानमंत्री पद की प्रचंड ने की पेशकश, ओली ने ठुकराया

काठमांडू। पर्यवेक्षकों का कहना है कि देउबा और ओली के बीच बंद कमरे में हुई बैठक से चिंतित प्रचंड यह आश्वासन देने के लिए ओली से मिलने गए थे कि सरकार सीपीएन-यूएमएल द्वारा उठाए गए मुद्दों को हल करने को लेकर गंभीर है। खबर में कहा गया है कि सोमवार को सुबह हुई बैठक के दौरान ओली ने प्रचंड से इस्तीफा देने की स्थिति में उनका समर्थन करने का अनुरोध किया। सीपीएन-यूएमएल के एक नेता के हवाले से खबर में कहा गया है कि प्रचंड ने ओली को मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन में प्रधानमंत्री पद की पेशकश की जिसे ओली ने ठुकरा दिया। प्रचंड (69) ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल के दौरान संसद में तीन बार विश्वास

नेपाल में पिछले 16 साल में बनीं 13 सरकारें

नेपाल में पिछले 16 साल में 13 सरकारें बनी हैं जिससे इस हिमालयी देश की राजनीतिक प्रणाली की कमजोरी जाहिर होती है। सीपीएन-यूएमएल के सचिव शंकर पोखरेल ने मीडियाकर्मियों को बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री ओली के नेतृत्व में एक राष्ट्रीय सरकार बनाने के लिए नेपाली कांग्रेस के साथ एक समझौता किया गया है। इससे पहले दिन में, सीपीएन-माओवादी सेंटर के करीबी सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री प्रचंड ताजा राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए सीपीएन-यूएमएल प्रमुख ओली से बातचीत कर रहे हैं। सीपीएन-माओवादी केंद्र के सचिव गणेश शाह ने कहा प्रचंड अभी पद से इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। प्रचंड और ओली के बीच बातचीत खत्म होने से पहले कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

ट्रंप पर कोर्ट का फैसला शासन को करेगा कमजोर

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडेन ने आपराधिक मुकदमे से छूट के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को एक खतरनाक मिसाल बताया

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप को आपराधिक मुकदमे से आंशिक छूट देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले को एक खतरनाक मिसाल बताया है। ट्रंप द्वारा सोमवार को अदालत के फैसले को लोकतंत्र के लिए बड़ी जीत बताने के बाद बाइडेन ने कहा कि फैसले ने शासन को कमजोर कर दिया है और यह अमेरिकियों के लिए एक भयानक अन्याय है।

अदालत ने इससे पहले दिन में पाया कि राष्ट्रपति को आधिकारिक कृत्यों के लिए छूट प्राप्त रहती है, लेकिन अनौपचारिक कृत्यों के लिए उन्हें छूट नहीं मिलती और मामले को वापस ट्रायल जज के पास भेज दिया। बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस फैसले से 2020 के चुनाव परिणाम को पलटने की कथित कोशिश के लिए ट्रंप के खिलाफ उन आपराधिक मामले में देरी होगी, जिसमें बाइडेन को जीत मिली थी। ट्रायल जज को अब यह निर्धारित करना होगा कि राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने कौन से आपराधिक कार्य किए थे, जिसमें कई महीने लग सकते हैं। नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव से पहले कोई भी मुकदमा शुरू होने की संभावना नहीं है।

ट्रंप को सजा सुनाने में देरी का विरोध नहीं करेंगे अभियोजक

वाशिंगटन। अमेरिका में मैनहट्टन के अभियोजकों ने कहा है कि वे पूर्व राष्ट्रपतियों को मुकदमे से छूट देने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद डोनाल्ड ट्रंप को उस मामले में सजा सुनाने में देरी के कदम का विरोध नहीं करेंगे, जिसमें उन्हें 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान एक पोर्न अभिनेत्री को पैसे दिये जाने के प्रकरण को छिपाने के लिये कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का दोषी पाया गया था।

केन्या में विरोध प्रदर्शन, 39 की मौत

नैरोबी, एजेंसी

पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या में विवादास्पद कर वृद्धि विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में करीब 39 लोग मारे गए हैं और 361 अन्य घायल हुए हैं। केन्या नेशनल कमीशन ऑन ह्यूमन राइट्स (केएनसीएचआर) ने सोमवार को मृतकों के बारे में जानकारी दी।

इससे पहले केएनसीएचआर ने शनिवार को बताया था कि केन्या में चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान करीब 30 लोग मारे गये थे। मानवाधिकार समूह ने केन्याई सुरक्षा बलों पर प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर सीधे गोलियां चलाने का भी आरोप लगाया है। आयोग ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा हमारे रिकॉर्ड से पता चलता है कि देश भर में विरोध प्रदर्शनों में 39 लोग मारे गए हैं और 361 अन्य घायल हुए हैं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान देश में 32 लोगों के लापता होने का मामला सामने आया है और 627 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जून के मध्य से केन्या में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ है। जब सरकार ने ब्रेड, चीनी परिवहन, मोबाइल व विदेशी मुद्रा लेनदेन पर 16 प्रतिशत वैट लगाने के साथ कारों व तेल पर उत्पाद शुल्क लगाने वाला विधेयक पेश किया था।

नए टैक्स के खिलाफ जनता में गुस्सा

केन्या में सरकार द्वारा नए टैक्स लगाने से जनता काफी गुस्से में है और बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भीड़ संसद में प्रवेश कर गई और वहां आगजनी की। इसके बाद सांसदों को संसद भवन से सुरक्षित निकाला गया। प्रदर्शनकारी नए टैक्स का विरोध कर रहे हैं जिससे डायपर जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ जाएगी।

तीव्र चक्रवात में फंसा विमान, 30 यात्री घायल

ब्रासीलिया। स्पेन की राजधानी मैड्रिड से दक्षिण अमेरिकी देश उरुग्वे की राजधानी मोंटेविडियो जा रहे एयर यूरोपा का विमान उड़ान के दौरान एक तीव्र चक्रवात में फंस जाने से उसमें सवार करीब 30 लोग घायल हो गये जिसके बाद विमान को आपातस्थिति में ब्राज़ील में उतारना पड़ा।

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कारपोरेशन (बीबीसी) ने एक रिपोर्ट में एयरलाइन के हवाले से यह जानकारी दी। एयर यूरोपा की उड़ान संख्या यूएक्स045 मैड्रिड से मोंटेविडियो जा रही थी जिसमें 325 यात्री सवार थे। यह बोइंग 787-7 ड्रीमलाइनर विमान जैसे ही अटलांटिक महासागर पार करके ब्राजील के तट के पास पहुंचने वाला था तभी वह हवा के चक्रवात में फंस गया। इससे लोग इधर उधर गिरने लगे। कुछ यात्रियों के सिर पर चोट लगी। कुछ के कपाल की हड्डी टूट गयी और चेहरे पर कट लगे और चोटें आईं। एक यात्री तो उछल कर ओवरहेड बिन में जा फंसा।

आदित्य ने पूरी की एल-1 बिंदु की पहली हेलो कक्षा की परिक्रमा

बेंगलुरु, एजेंसी

भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान ने मंगलवार को सूर्य-पृथ्वी के एल1 बिंदु के चारों ओर पहली हेलो कक्षा की परिक्रमा मंगलवार को पूरी की। एजेंसी ने कहा कि मंगलवार को कक्षा में स्थिर रखने के लिए फेरबदल किया गया ताकि यान का दूसरी हेलो कक्षा में निर्बाध संक्रमण सुनिश्चित किया जा सके।

आदित्य-एल1 मिशन लैग्रेंजियन बिंदु एल1 पर स्थित एक भारतीय सौर वेधशाला है। इसे दो सितंबर 2023 को प्रक्षेपित किया गया और छह जनवरी 2024 को इसे अपनी लक्षित हेलो कक्षा में स्थापित किया गया। इसरो के अनुसार हेलो कक्षा में आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को एल1 बिंदु के चारों ओर एक चक्कर पूरा करने में 178 दिन लगते हैं। इसरो ने बताया कि हेलो कक्षा में अपनी यात्रा के दौरान आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान विभिन्न विकर्षणकारी बलों के संपर्क में आएगा, जिसके कारण वह लक्षित कक्षा से बाहर चला जाएगा।

दो बार मार्ग में फेरबदल

आदित्य-एल1 को कक्षा में बनाए रखने के लिए क्रमशः 22 फरवरी और सात जून को दो बार उसके मार्ग में फेरबदल किया गया था। तीसरे अभ्यास ने यह सुनिश्चित किया है कि एल1 के चारों ओर दूसरे हेलो कक्षा में इसकी यात्रा जारी रहे। इसरो ने बताया मंगलवार के फेरबदल के साथ, आदित्य-एल1 मिशन के लिए यूआरएससी-इसरो में विकसित अत्याधुनिक उड़ान गतिशीलता सॉफ्टवेयर पूरी तरह से स्थापित हो गया है।

ब्रिटेन में चुनाव कल

सुनक बोले- ऐसा कुछ न करें जिससे पछताना पड़े

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को चुनाव प्रचार अभियान के दौरान मतदाताओं से ऐसा कुछ भी नहीं करने का आग्रह किया, जिसका उन्हें पछतावा हो। सुनक ने विपक्षी दल लेबर पार्टी को सर्वेक्षणों में मिल रहे भारी बहुमत को लेकर भी अपने समर्थकों को आगाह किया। ब्रिटेन में गुरुवार को मतदान होना है।

चुनाव-पूर्व सभी जनमत सर्वेक्षणों में लेबर पार्टी को बहुमत मिलता दिखाया गया है, जिस वजह से सुनक की अगुवाई वाली कंजरवेटिव पार्टी परेशान प्रतीत हो रही है। प्रचार अभियान के दौरान सुनक मतदाताओं को सर कीर स्टार्मर नीत बिना लगाम वाली पार्टी के खिलाफ आगाह कर रहे हैं। दोनों मुख्य दलों के नेतागण चुनाव प्रचार के अंतिम दो दिन अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं और मतदाताओं से संपर्क करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं।

बॉलीवुड हलचल

एटली की आगामी फिल्म में एक साथ होंगे कमल हसन, सलमान

मुंबई। सुपरहिट निर्देशक एटली अपनी अगली फिल्म में सलमान खान और कमल हसन को एक साथ कास्ट करने के लिये तैयार हैं। उनकी आखिरी ब्लॉकबस्टर जवान फिल्म 2023 में रिलीज हुई थी, जिसमें एसआरके, दीपिका पादुकोण और नयनतारा अभिनय करते नजर आए थे। एटली पूरी तरह से तैयार है अपनी अगले फिल्म की शुरुआत करने के लिए जिसका नाम अभी तक अज्ञात है। उन्होंने पहले सलमान खान और रजनीकांत को एक साथ कास्ट करने का सोचा था लेकिन अब सूत्रों ने बताया कि एटली कमल हसन और सलमान खान को एक साथ मेगा प्रोजेक्ट में ला सकते हैं। सूत्रों ने मीडिया को बताया कि दोनों मेगास्टार कथित तौर पर आगामी एक्शन थ्रिलर के लिये चर्चा कर रहे हैं और उन्हें इसकी कहानी पसंद आयी है। एटली की अगली फिल्म की कुछ प्रक्रिया जुलाई के अंत तक पूरी की जानी है, जिसके बाद वह आगे कार्रवाई शुरू करेंगे।

शाहरुख खान को 'करियर अचीवमेंट अवॉर्ड' से किया जाएगा सम्मानित

मुंबई। अभिनेता शाहरुख खान को लोकार्नो फिल्म महोत्सव के 77वें संस्करण में करियर अचीवमेंट सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। खान पार्डो अला कैरियर असकोना-लोकार्नो टूरिज्म से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय होंगे। इससे पहले, इतालवी फिल्म निर्माता फ्रांसेस्को रोसी, अमेरिकी गायक-अभिनेता हैरी बेलाफोनेट और मलेशियाई निर्देशक साई मिंग-लियांग इस पुरस्कार से सम्मानित किए जा चुके हैं। खान (58) को 10 अगस्त को स्विट्जरलैंड के लोकार्नो स्थित पियाजा ग्रांडे में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सात अगस्त से शुरू होने वाले इस महोत्सव में संजय लीला भंसाली निर्देशित 2002 की फिल्म देवदास भी दिखाई जाएगी। खान 11 अगस्त को फोरम स्पेज़ियो सिनेमा में आम जनता के लिए खुली बातचीत में भी शामिल होंगे। लोकार्नो फिल्म महोत्सव के कलात्मक निदेशक जियोना ए नाज़ारो ने कहा कि इस समारोह में शाहरुख का स्वागत करना एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा भारतीय सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है।

वरुण धवन को पसंद आयी कल्कि 2898 एडी

मुंबई। बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरुण धवन को फिल्म कल्कि 2898 एडी बेहद पसंद आई है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।बॉलीवुड से लेकर साउथ स्टार्स तक फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। इसी बीच वरुण धवन ने भी कल्कि 2898 एडी की तारीफ की है। वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर लिखा,कल्कि वह सब कुछ है, जिसका सपना हमने भारतीय सिनेमा के लिए देखा था।

खगोल विज्ञान | जे0011 3217 नाम दिया गया है इस आकाशगंगा को

अंतरिक्ष में नई रेडियो आकाशगंगा की खोज

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: खगोलविदों ने एक नई रेडियो आकाशगंगा की खोज की है। यह विशाल आकार की आकाशगंगा है। जिसे जे0011 3217 नाम दिया गया है। यह एक तरफा द्वितीयक लोब सहित विशिष्ट विशेषताओं को प्रदर्शित करती है।

ब्रह्मांड में आकाशगंगाओं का अपना अलग महत्व व स्थान हैं। रेडियो आकाशगंगाओं के बारे में कम ही लोग जानते समझते हैं। मगर वैज्ञानिक मानते हैं कि अंतरिक्ष की प्रत्येक वस्तु व जानकारी सभी को होनी चाहिए।

रेडियो आकाशगंगाओं की बात करें तो वह अपने केंद्रीय कोर से भारी मात्रा में रेडियो तरंगें उत्सर्जित करती हैं। इन आकाशगंगाओं के केंद्रों में ब्लैक होल गैस और धूल जमा होती रहती हैं। जिससे रेडियो तरंग दैर्ध्य में दिखाई देने वाले उच्च-ऊर्जा जेट उत्पन्न होते हैं, जो विद्युत आवेशित कणों को उच्च वेग तक गति प्रदान करते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार यह अपने सक्रिय चरण यानी 100 मिलियन वर्ष तक चलने के दौरान एक विशिष्ट रेडियो आकाशगंगा में कोर, लोब, जेट और हॉटस्पॉट जैसी विशेषताएं खुद में रखती हैं और इस चरण के बीत जाने के बाद उनकी गतिविधि के संकेत आम तौर पर गायब हो जाते हैं। इसकी वजह से सक्रिय गैलेक्टिक न्यूक्लियस (एजीएन) का स्रोत बंद हो जाता है। यह खोज प्री-प्रिंट सर्वर में प्रकाशित हुई है।

भारत के मिदनापुर सिटी कॉलेज की शोभा कुमारी के नेतृत्व में खगोलविदों की टीम ने इस आकाशगंगा का पता लगाने वाली रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

- आकाशगंगाओं के केंद्रों में ब्लैक होल गैस व धूल जमा होती रहती हैं

आकाशगंगाओं की विस्तृत जानकारी जुटानी होंगी

नैनीताल : आकाशगंगाओं का संसार अजूबा है। जिनकी विस्तृत जानकारी जुटाना बाकी है। तकनीकी विकास व अध्ययन की सुविधाओं के विस्तार के साथ अप्रत्याशित जानकारी सामने आ सकती हैं। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयास की जरूरत वैज्ञानिक महसूस करते हैं।